हिंदी दैनिक

# कोयलांचल संवाद

रांची, शुक्रवार, 27 सितंबर, 2024 वर्ष : 12 अंक : 135 www.koylanchalsamvad.com

रांची व धनबाद से एक साथ प्रकाशित

YouTube Subscribe Koylanchal sambad news

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND



## अबुआ आभार हेमन्त सरकार

**नियुक्ति नियमावली में अड़चनों को दूर कर नियुक्तियों की कड़ियां जोड़ती हेमन्त सरकार**

JSSC द्वारा आयोजित विभिन्न परीक्षाओं में चयनित 327 अभ्यर्थियों एवं Re-counselling के उपरांत चयनित 150 सहायक शिक्षकों को

## मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन एवं मंत्रीगण सौंपेंगे नियुक्ति पत्र

दिनांक: 27 सितम्बर, 2024 | समय: अपराह्न 12:00 बजे | स्थान: जैप-1 ऑडिटोरियम, डोरण्डा, रांची

### युवाओं के सपने, हेमन्त सरकार के हैं अपने

- कृषि पदाधिकारी समेत कई पदों पर राज्य गठन के बाद पहली बार नियुक्ति
- विभिन्न विभागों में हजारों युवाओं की हुई नियुक्ति
- गरीब-गुरुबा परिवार के युवा बने अफसर
- JPSC अथवा JSSC द्वारा अनुशंसित विभिन्न पदों में 75% से 100% झारखण्ड के अभ्यर्थियों की नियुक्ति
- JPSC में रिकॉर्ड समय पर नियुक्ति
- निजी क्षेत्र में स्थानीय युवाओं को 75% आरक्षण के साथ 1 लाख से अधिक युवाओं को मिला ऑफर लेटर

PR No. 337283 (IPRD) 2024-25

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

## स्कूल में 3 साल की बच्ची से रेपः फोटो से कंडक्टर को पहचाना, 5 दिन तक मामला दबाता रहा प्रिंसिपल

छपरा. छपरा में 3 साल की बच्ची के साथ काशी बाजार स्थित जेडी पब्लिक स्कूल में रेप हुआ है। पुलिस ने इस मामले में आरोपी कंडक्टर को गिरफ्तार कर लिया है। प्रिंसिपल और ड्राइवर हिरासत में है। सभी से पूछताछ की जा रही है। बस कंडक्टर पप्पू कुमार जलालपुर का रहने वाला है। उसके 2 बेटे और एक बेटी है। मामला 10 दिन पहले का है। बच्ची की तबीयत बिगड़ने के बाद उसकी मां उसे अस्पताल ले गई। तब डॉक्टर ने शारीरिक शोषण की बात कही। जिसके बाद ये मामला खुला। जांच में ये बात सामने आई है कि स्कूल में ही बने साइकिल स्टैंड में बच्ची के साथ गलत काम हुआ है। ये एरिया सुनसान रहता है। यहां पर सीसीटीवी भी नहीं लगा है। पुलिस ने स्कूल में लगे बाकी सभी सीसीटीवी को खंगाला है, किसी में कुछ नहीं मिला। फिलहाल पुलिस ने स्कूल को सील कर दिया है। स्कूल के बच्चों से भी पूछताछ की जा रही है। पीड़ित बच्ची और उसके परिवार को पुलिस से सेफ कस्टडी में रखा है। बच्ची का मेडिकल बीती रात ही कराया गया है। हॉस्पिटल सोर्सेज का कहना है कि बच्ची के साथ 'सेक्सुअल असॉल्ट' हुआ है। अभी बच्ची के और भी टेस्ट कराए जा रहे हैं।

### प्रिंसिपल ने 5 दिन तक मामला दबाया

बच्ची की मां ने बताया कि 'मैं शिकायत करने स्कूल पहुंची तो प्रिंसिपल ने 5 दिन तक मामले को दबाने की कोशिश की। इसके बाद प्रिंसिपल ने बच्ची को स्कूल के स्टाफ की फोटो दिखाई। उसने आरोपी कंडक्टर को पहचाना। मैं टाउन थाने में शिकायत दर्ज करवाने पहुंची तो पुलिस ने शिकायत दर्ज नहीं की। एसपी की दखल के बात प्राथमिकी दर्ज की गई। बच्ची सोते समय डर रही है। मैं सिंगल मदर हूं, बेटी के साथ मायके में रहती हूं।' पुलिस की कार्रवाई में देरी होने से मौके पर भीड़ जुट गई और लोग हंगामा करने लगे। मामले को शांत कराने के लिए पुलिस ने हल्का बल का प्रयोग किया। बच्ची की मां ने बताया कि '10 दिन पहले वो स्कूल से लंगड़ाते हुए घर आई थी। हमें लगा कि पैर में चोट लगी होगी। उसके कपड़ों में खून लगा था, लेकिन मैंने इस ओर ध्यान नहीं दिया। बाद में देखा तो बच्ची सोते हुए भी डर रही थी। बार-बार पूछने पर उसने बताया कि उसके इंटरनल पार्ट में दर्द हो रहा है। जिसके बाद मैं उसे हॉस्पिटल ले गई, जहां डॉक्टर ने कहा कि इसका शोषण हुआ है। उसके बाद हम ने अपने स्तर पर मामले की जांच की। स्कूल पहुंचे और सीसीटीवी चेक किया। बाद में प्रिंसिपल ने स्कूल स्टाफ की एक-एक कर फोटो दिखाई। बच्ची ने एक फोटो की पहचान कर ली है।' एसडीपीओ राज किशोर सिंह ने बताया है कि पुलिस की दो टीमें बनाई गई हैं। एक टीम फॉरेंसिक एक्सपर्ट के साथ स्कूल और बस की जांच कर रही है। दूसरी टीम सभी संबंधित पक्षों से पूछताछ कर रही है।

## ट्रक-स्कॉर्पियो के बीच टक्कर, बच्चे की मौत, 8 घायल

सीवान. सीवान में ट्रक और स्कॉर्पियो के बीच भीषण टक्कर हुआ है। इसमें एक 7 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई है, जबकि 8 युवक घायल है। घटना जिला के भगवानपुर थाना क्षेत्र के सरिपट्टी गांव की है। सभी एक बारात से वापस लौट रहे थे, तभी यह घटना घटी है। घटना के बाद स्कॉर्पियो का ड्राइवर फरार हो गया है। मृतक भगवानपुर थाना क्षेत्र के मछगरा गांव निवासी सलाउद्दीन अली का बेटा शाहबाज अली है। घायलों में मछगरा गांव निवासी लियाकत अली (18), फारुख अली (20), साहिल खान (24), शहीद खान (19), अफरोज अली (20), असरफ अली (17) और एक अन्य है। असरफ और फारूक की स्थिति बेहद ही गंभीर बना है, जिसे इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया है। घटना के संबंध में घायलों ने बताया कि कल रात में मछगरा गांव से भगवानपुर दर्जी टोला बारात गया था। आज सभी अलग-अलग गाड़ियों से बारात से वापस लौट रहे थे। स्कॉर्पियो को पिंटू साह चला रहा था। सरिपट्टी में सड़क के किनारे पहले से ही खड़ी एक ट्रक में स्कॉर्पियो का टक्कर हो गया। टक्कर के बाद स्कॉर्पियो चालक पिंटू स्कॉर्पियो छोड़कर फरार हो गया। पीछे से दूसरी गाड़ी से जब बाराती पहुंची, तो दुर्घटना ग्रस्त गाड़ी को देखा। फिर आनन - फानन में सभी को भगवानपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है, जहां शाहबाज को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। दो को पटना रेफर कर दिया गया है, वहीं अन्य घायलों का भगवापुर में इलाज चल रहा है। थाना प्रभारी ने बताया कि सड़क दुर्घटना में मृत्यु हुई है। घायलों का इलाज चल रहा है। स्कॉर्पियो चालक फरार है, उसे पुलिस ढूंढ रही है। परिजनों के आवेदन के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## कंट्रोवर्सी के 2 दिन बाद राष्ट्रीय महासचिव बने अशोक

पटना. हाल ही में अपने पोस्ट को लेकर कंट्रोवर्सी में रहे ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी का संगठन में प्रमोशन हुआ है। राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार के निर्देश पर उन्हें पार्टी में राष्ट्रीय महासचिव पद की जिम्मेदारी दी गई है। अभी वो नीतीश कैबिनेट में मंत्री हैं। वो संगठन में पहले से ही झारखंड के प्रभारी की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। तीन दिन पहले ही नीतीश कुमार ने लालू यादव का साथ छोड़कर जदयू में शामिल हुए श्याम रजक को भी पार्टी का महासचिव बनाया था। अब अशोक चौधरी को भी जिम्मेदारी सौंपी है। दोनों महादलित जाति से आते हैं। ऐसे में नीतीश कुमार के इस निर्णय को दलित कार्ड के तौर पर भी जोड़कर देखा जा रहा है। नीतीश कुमार लोकसभा चुनाव के बाद लगातार दलित नेताओं को पार्टी में जोड़ने के साथ दलित नेताओं का कद पार्टी में बढ़ा रहे हैं। संतोष सुमन के मंत्री बनने के बाद भी रत्नेश सदा की कैबिनेट में एंट्री हो या फिर श्याम रजक को पार्टी जॉइन कराना हो। नीतीश लगातार दलित वोटर्स के बीच अपनी पैठ बनाने में जुटे हुए हैं।

## पेट्रोल पंप पर पिता-पुत्र से 1.39 लाख की छिनतईःबाइक सवार बदमाशों ने पहले की रेकी

पूर्णिया. पूर्णिया में बुधवार को पेट्रोल पंप पर 1.39 लाख रुपए की छिनतई हुई है। घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। दरअसल कसबा थाना से 200 मीटर की दूरी पर स्थित पेट्रोल पंप पर पिता-पुत्र बाइक में फ्यूल डलवा रहे थे। इसी दौरान बदमाशों ने छिनतई की। सीसीटीवी में देखा जा सकता है कि पिता-पुत्र तेल लेने के लिए अपनी बारी का इंतजार कर रहे। तभी एक बाइक से दो बदमाश आए। एक ने हेलमेट पहना था और दूसरे ने अपने चेहरे को कपड़े से ढंक रखा था। ये लोग सही मौके का इंतजार कर रहे थे। बदमाश पहले एक राउंड लगाते हैं, फिर मौका देख घटना को अंजाम देकर भाग जाते। मामला कसबा पेट्रोल पंप का है। कसबा थाना क्षेत्र के धोलबज्जा गांव निवासी पीड़ित मुबारक हुसैन ने लिखित शिकायत की है। साथ ही सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध कराकर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। फुटेज के आधार पर पुलिस बदमाशों की पहचान और गिरफ्तारी में जुट गई है। कसबा थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार ने बताया कि पीड़ित के लिखित शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। जल्द ही बदमाशों की गिरफ्तारी कर ली जाएगी।

## भोजपुर में डूबने से 2 लोगों की मौत

आरा(भोजपुर). भोजपुर के 2 अलग-अलग थाना क्षेत्रों में डूबने से बालिका समेत 2 लोगों की मौत हो गई है। पहला मामला चरपोखरी थाना क्षेत्र के मुकुंदपुर गांव स्थित पोखरा में डूबने से बालिका की मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही। मृत बालिका चरपोखरी थाना क्षेत्र के मुकुंदपुर गांव वार्ड नंबर 10 निवासी गुड्डू राय की साढ़े 9 साल की बेटी सलोनी कुमारी उर्फ बुटन कुमारी है। इधर, मृत पालिका के पिता गुड्डू राय ने बताया कि बुधवार को जितिया का त्योहार था। इसको लेकर बुधवार की शाम वह गांव के ही कुछ बच्चों के साथ पोखरा में नहाने गई थी। नहाने के दौरान वह डूब गई। इसके बाद वहां मौजूद लड़कों द्वारा इसकी सूचना उसके परिजनों को दी गई। परिजन तुरंत वहां पहुंचे और स्थानीय ग्रामीणों के कठिन परिश्रम के बाद करीब 2 घंटे के बाद उसके शव को पानी से बाहर निकाला गया।

## सांसद पप्पू यादव ने बाढ़ ग्रस्त इलाकों का किया दौरा

कटिहार. पूर्णिया सांसद पप्पू यादव गुरुवार को पूर्णिया-कटिहार लोकसभा क्षेत्र के सीमावर्ती इलाकों में लोगों से मिलने पहुंचे। इस दौरान सांसद जिले के कुरसेला क्षेत्र में पहुंचे। जहां उन्होंने कुरसेला प्रखंड के बाढ़ प्रभावित इलाके बाघमारा, महेशपुर, कुर्सेला बस्ती, बलथि महेशपुर आदि क्षेत्रों का नाव से दौरा किया। इसके साथ ही बाढ़ पीड़ितों का हाल जाना। उन्होंने कहा कि बाद पीड़ितों की स्थिति काकी दयनीय है। लोगों के पास खाने को नहीं है। मवेशियों को चारा नहीं मिल रहा है। स्वास्थ्य सुविधा भी उपलब्ध नहीं है। मुख्यमंत्री से मांग करते है कि इन इलाकों को बाढ़ क्षेत्र घोषित किया जाए और कम्युनिटी किचन की शुरुआत की जाए।

## बिहटा में सोन नदी से महिला-बच्ची का शव बरामद

पटना. पटना के बिहटा में सोन नदी में डूबी एक महिला और बच्ची का शव 24 घंटे बाद बरामद हुआ है। एसडीआरएफ ने कड़ी मशक्कत के बाद शव को पानी से बाहर निकाला। 1 बच्ची की तलाश जारी है। मृतका की पहचान अमनाबाद निवासी स्व.प्रभु राय की पत्नी ललिता देवी और हलखोरिया चक गांव निवासी शंभू राय की बेटी सोनी कुमारी के तौर पर हुई है। जबकि एक अन्य बच्ची तरेगनी कुमारी की तलाश जारी है। बुधवार को स्नान करने के दौरान 4 लोग डूब गए थे। काफी देर बाद अंजली कुमारी का शव मिला था।

## सांसद वीणा देवी के पति बोले-बेटे की हत्या हुई

मुजफ्फरपुर. वैशाली सांसद वीणा देवी और जदयू एमएलसी दिनेश सिंह के बेटे राहुल राज उर्फ छोटू की सड़क हादसे में 23 सितंबर को मौत हुई थी। इस मामले में नया मोड़ आया है। दिनेश सिंह ने FIR दर्ज कराई है। आवेदन में कहा है कि बेटे की मौत साजिश भी हो सकती है। उन्होंने हत्या की आशंका जताई है। कहा- इसकी गहराई से जांच होनी चाहिए। थाने में दिए आवेदन में दिनेश सिंह ने कहा है- 'मुझे आशंका है कि अज्ञात लोगों के द्वारा साजिश के तहत राहुल राज उर्फ छोटू की अज्ञात वाहन से धक्का मार कर हत्या कर दी गई। धक्का मारने वाले वाहन, उसके ड्राइवर और साजिश में शामिल लोगों का पता लगाया जाना जरूरी है।' ग्रामीण एसपी विद्या सागर ने बताया कि पुलिस को आवेदन मिला है। जिसमें हत्या की आशंका जताई गई है। आवेदन के अनुसार पुलिस ने FIR दर्ज कर मामले की जांच तेज कर दी है। जल्द मामले का खुलासा किया जाएगा।

हादसे वाले दिन पुलिस का मानना था कि किसी अज्ञात वाहन ने छोटू सिंह की गाड़ी को सामने से टक्कर मारी है। दूसरी ओर जांच के लिए जिस जगह की घेराबंदी की गई वो घटनास्थल सड़क के एकदम से बायीं ओर है। अगर सामने की टक्कर होती तो घटनास्थल बीच सड़क होता, एकदम से बायीं ओर नहीं। वहीं तेज गति से बाइक के टकराने पर छोटू सिंह दूर जाकर गिरते,जबकि सांसद के बेटे का शव सड़क किनारे था। पुलिस की माने तो सोमवार को कुर्सी से लदे पिकअप ने राहुल राज की बुलेट को टक्कर मारी थी। टक्कर के बाद पिकअप पोखरैरा से छितरी रोड की ओर निकल गया। पुलिस को सरैया से छितरी रोड में पिकअप के जाने का सीसीटीवी फुटेज मिला है। सरैया से 4 किलोमीटर आगे छितरी में लगे सीसीटीवी में भी पिकअप दिखा। पिकअप का अगला हिस्सा पिचका मिला।

## बीपीएससी शिक्षिका की फंदे से लटकी मिली लाशः अयोध्या की रहने वाली थी, 2023 से मधेपुरा में थी पोस्टेड

मधेपुरा. मधेपुरा में 31 साल की महिला बीपीएससी टीचर की फंदे से लटकती लाश मिली है। शिक्षिका अदिति सिंह चौहान यूपी के अयोध्या की रहने वाली हैं। घटना की जानकारी गम्हरिया थाना की पुलिस और अदिति के परिजनों को दी गई। अदिति के परिजन गुरुवार की सुबह मौके पर पहुंचे। गेट का दरवाजा तोड़कर उसके शव को नीचे उतारा गया। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। अदिति चौहान अयोध्या के कैंट थाना क्षेत्र अंतर्गत मबूसराय देहात के शिवनगर कॉलोनी निवासी रामखेलावन सिंह चौहान की बेटी थी। वह दरभंगा की रहने वाली एक अन्य शिक्षिका के साथ टोका गांव में ही किराए के फ्लैट में अलग-अलग कमरे में रहती थी। 23 नवंबर 2023 से मधेपुरा के गम्हरिया प्रखंड अंतर्गत मध्य विद्यालय टोका में पदस्थापित थीं।



परिजनों की मानें तो अदिति 14 सितंबर को अयोध्या गई थी। उसकी एड़ी में दर्द था। डॉक्टर के पास इलाज कराने गई थी। डॉक्टर ने कहा था कि ये कभी ठीक नहीं होगा। दर्द के चलते बीपीएससी टीचर लंगड़ाकर चलती थी। इसलिए भी वह मानसिक तनाव में थी। हालांकि फिलहाल खुदकुशी करने का कोई मेन रीजन सामने नहीं आया है।

### सबसे पहले फ्लैटमेट ने देखी लाश

वहीं, अदिति की फ्लैटमेट बुधवार को छुट्टी रहने के कारण किसी काम से मधेपुरा गई थी। जब वह शाम 5 बजे वापस आई तो फ्लैट का गेट अंदर से बंद था। बाहर से काफी आवाज देने के बाद भी गेट नहीं खुला। इसके बाद खिड़की से झांक कर देखा तो अंदर अदिति फंदे से लटकी हुई थी।

दरभंगा निवासी शिक्षिका अदिति की रूममेट ने बताया कि मंगलवार की रात दोनों ने साथ खाना खाया था। इस बीच अदिति के घर से उसकी बहन ने कई बार मेरे नंबर पर कॉल किया। ऐसा पहली बार हुआ था कि अतिथि के घर से मुझे फोन आए। अदिति की बहन ने फोन पर कहा कि अदिति से बात कर दें। वह फोन नहीं रिसीव कर रही। अदिति अपने कमरे में सो रही थी। इसके बाद अगले दिन फिर फोन आया। बुधवार को करीब 11 बजे मैं स्नान कर रही थी। बाद में अदिति से बात कराई। अदिति ने बात करके मेरा मोबाइल फोन मुझे लौटा दिया था।

### हमलोग उसे यहां भेजना नहीं चाहते थे-भाई

भाई शशिकांत चौहान ने बताया कि बुधवार की शाम लगभग साढ़े 5 बजे उनको फोन से घटना की जानकारी मिली। सुबह लगभग 6.30 बजे वे लोग यहां पहुंचे। उनकी बहन ने सुसाइड क्यों किया इसकी जानकारी नहीं है। परिवार में किसी तरह का कोई विवाद नहीं था। हम लोग उसको यहां भेजना नहीं चाहते थे, लेकिन वो कहती थी कि हमें ऐसे बच्चों को पढ़ना है, जहां शिक्षा की स्थिति अच्छी नहीं है। इस उसको यहां आने दिया गया। वह एक होनहार लड़की थी।

## भागलपुर में 3 और मकान गंगा में समाया



भागलपुर. भागलपुर के सबौर प्रखंड के पुरानी मसाढ़ में गंगा का कटाव जारी है। 3 और मकान कटाव की भेंट चढ़ गए। इनमें धनी मंडल, भूषण मंडल और मनोज मंडल के घर शामिल है। ग्रामीणों ने बताया कि अब भी कई मकानों पर कटाव का खतरा मंडरा रहा है। बाढ़ का पानी ऊपर तक रहने से कटाव का पता नहीं चल पाता है। देखते ही देखते मकान गंगा नदी में समा जा रहा है। इधर, बाढ़ के कारण कटावरोधी काम भी एक सप्ताह से बंद है। गांव के लोग मकान खाली कर जैसे-तैसे सामान निकाल कर सुरक्षित स्थान पर जा रहे हैं। लेकिन उन्हें सामान रखने के लिए भी जगह नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों सूरज, विकास, चंदन ने बताया कि 2 साल पहले कटाव स्थल से करीब एक किलोमीटर उत्तर गंगा बहती थी। इन बीते 2 सालों में किसानों की उपजाऊ जमीन कटकर नदी में समा गई। अब लोगों के घर कट रहे हैं। यही स्थिति रही तो पुरानी मसाढ़ के साथ-साथ चांयचक और ममलखा गांव के लोगों के घरों पर भी खतरा मंडरा सकता है।

मंगलवार की सुबह भी 4 मकान कट कर नदी में समा गए थे। इस तरह से 25 दिन के अंदर 18 लोगों के घर कटाव की भेंट चढ़ चुके हैं। इसके अलावा, पीसीसी पथ, नल-जल योजना की जलमीनार, सामुदायिक भवन, आंगनबाड़ी केंद्र के भवन और एक धार्मिक स्थल भी नदी में समा चुका है। कुछ कटाव पीड़ित राहत शिविर में रुके हुए हैं। जबकि कुछ अपने रिश्तेदार के यहां चले गए हैं। मुखिया अभिषेक कुमार ने कहा कि कटाव पीड़ितों को सरकार मुआवजा दे।

## भोजपुर में सड़क हादसा, 1 की मौतः भांजे के साथ बाइक से घर वापस आ रहे थे, गाड़ी अनियंत्रित होकर पलटी

आरा(भोजपुर). आरा-सासाराम स्टेट हाईवे पर जिले के हसन बाजार थाना क्षेत्र के मेला बगीचा के पास सड़क हादसे में बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। जबकि बाइक चला रहा भांजा मामूली रूप से जख्मी हो गया। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी का आलम रहा। जानकारी के अनुसार मृतक बक्सर जिला के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के नुआंव निवासी नरेंद्र सिंह का बेटा बिटू कुमार(21) है। आरा शहर के चंदवा मोड़ स्थित निजी अस्पताल के डायलिसिस विभाग में डायलिसिस करने का काम था। वह हसन बाजार थाना क्षेत्र के मझिआंव गांव अपने भांजे रवि रंजन के घर पर ही रहता था। जबकि मामूली रूप से जख्मी हसन बाजार थाना क्षेत्र के मझिआंव गांव निवासी कलिका सिंह का बेटा सह मृतक का भांजा रवि रंजन(28) है। इधर, मृतक के भांजे रवि रंजन ने बताया कि वह दोनों आरा शहर के चंदवा मोड़ स्थित निजी अस्पताल के डायलिसिस विभाग में डायलिसिस करने का काम करते थे। हर दिन की तरह आज भी वह दोनों बाइक से वापस मझिआंव गांव जा रहे थे। उसी दौरान मेला बगीचा के पास विपरीत दिशा से आ रही अज्ञात वाहन ने उन्हें चकमा दे दिया। इसके कारण उनकी बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में वह मामूली रूप से जख्मी हो गया। जबकि उसके मामा बीच कुमार गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इसके बाद उसके द्वारा इसकी सूचना स्थानीय थाना एवं अपने परिजनों को दी गई। जिसके बाद गंभीर हालत में उसके मामा बिटू कुमार को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक ने देख उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन ने इसकी सूचना सदर अस्पताल में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी को दी।

## भागलपुर में किशोर समेत दो की डूबकर मौतःनहाने के दौरान तेज धार में दोनों बहे

भागलपुर. भागलपुर में दो अलग-अलग जगहों पर किशोर समेत 2 की डूबकर मौत हो गई । इनमें एक किशोर है। पहली घटना नाथनगर प्रखंड के श्रीरामपुर घाट में नहाने के दौरान महाशय ड्योढी निवासी चमन सिंह (35) की मौत हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से काफी मशक्कत के बाद युवक के शव को पानी से निकाला गया। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। दूसरी घटना लालुचक घाट की है जहां नाथनगर थाना क्षेत्र के चौकी नियामतपुर निवासी त्रिपुरारि मंडल उर्फ डिंपल मंडल के बेटे हर्ष कुमार (15) की डूबकर मौत हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार चमन सिंह गंगा नदी में स्नान कर रहा था। पैर फिसलने से वह गहरे पानी में चला गया। स्थानीय लोगों ने उसे बाहर निकालकर निजी क्लीनिक में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं, हर्ष के शव को करीब तीन से चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आपदा मित्र मनीष कुमार, पंकज कुमार और अजय कुमार ने बाहर निकाला। नाथनगर पुलिस ने दोनों शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। नाथनगर सीओ रजनीश कुमार में बताया कि दो लोगों की डूबने की सूचना मिली थी। दोनों का शव बरामद कर लिया गया।

## जगदानंद के घर में प्रीपेड मीटर...बिल में 17% की कमीःऊर्जा मंत्री बोले- आरजेडी के प्रदेश अध्यक्ष फायदे में हैं; कल मीटर उखाड़ने की कही थी बात



पटना. स्मार्ट बिजली मीटर के नाम पर पूरे बिहार में लूट मची हुई है। विपक्ष के आरोपों पर ऊर्जा मंत्री बिजेंद्र यादव ने सफाई दी है। उन्होंने कहा मशीन कैसे बेईमान हो गया। मीटर लगाने वाली कंपनी बिल नहीं लेती है। बिल हमलोग लेते हैं। आरजेडी के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह प्रीपेड मीटर उखाड़ने की बात करते हैं, लेकिन वो खुद इसका उपयोग करते हैं। प्रीपेड मीटर से घर को रोशन करते हैं। इतना ही नहीं उनके बहू और बेटे के नाम पर भी प्रीपेड मीटर कनेक्शन है। जगदानंद सिंह घर में प्रीपेड मीटर लगवाकर फायदे में हैं। उनके बिजली बिल में 17 फीसदी की कमी आई है। साल 2020 से दिसंबर 2021 और जनवरी 2022 से दिसंबर 2023 के आंकड़ों में यह बचत हुई है। उनकी बहू सरस्वती देवी के कंजप्शन में भी राहत है। उनके बेटे सुधाकर सिंह के नाम पर जरूर इजाफा हुआ है। सुधाकर सिंह बिजली उपभोग भी बढ़ाए हैं। जगदानंद सिंह मीटर उखाड़ने वाले बयान पर कहा कि ऐसे लोगों पर कार्रवाई की जाएगी। विरोधी का काम आंदोलन करना है। मेरा काम बिजली घर-घर पहुंचना है। जो लोग काम नहीं करते, वो आलोचना करते हैं। प्रीपेड मीटर राजनीतिक मुद्दा नहीं है। गांव में बिजली से लोग खुश हैं। बिहार में 50 लाख लोगों के घरों में अब तक स्मार्ट मीटर लग चुका है। बड़े पैमाने पर शिकायत होती तो लोग विरोध करते हैं। मीटर तेज चलने की शिकायत बहुत कम है। कुल 20 हजार शिकायतें आई थी। जिसमें से करीब 19 हजार का समाधान हो चुका है। 1912 पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। 2025 तक सभी घरों में स्मार्ट मीटर लग जाएगा। सरकार एनटीपीसी से बिजली खरीदती है। इलेक्ट्रिसिटी एक्ट बनाने का अधिकार संसद को है। कुछ लोग पूछते हैं कि कितनी बिजली उत्पादन करते हैं। बिहार में बिजली खपत का 60 फीसदी उत्पादन होता था। ऊर्जा मंत्री ने आगे कहा कि आरोप लगा कि कंपनी की ओर से शोषण किया जा रहा है। किसी भी गरीब को नहीं सताया जा रहा है। विपक्ष के आरोपों में दम नहीं है। सभी आरोप निराधार हैं। विभाग के सीएमडी रहे संजीब हंस पर कार गिफ्ट लेने के आरोपों पर कहा कि इसका कोई सबूत है क्या। टेंडर को लेकर सुप्रीम कोर्ट में मामला गया था। फैसला के बाद टेंडर हुआ है। 8000 मेगावाट बिजली का उपयोग हो रहा है। दुरुपयोग को रोकने के लिए तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है। हमारे यहां गरीब उपभोक्ता हैं। हमलोग मुफ्त बिजली के खिलाफ हैं। बिहार सरकार की ओर से अब तक 15000 करोड़ रुपए सब्सिडी दी गई है।

## लूटपाट करने वाले 4 अपराधी गिरफ्तार

आरा(भोजपुर). भोजपुर पुलिस ने प्रेस वाहन चालक से हथियार के बल पर लूटपाट करने वाले एक गैंग के चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ चोरी की बाइक से लूटपाट करने वाले एक गैंग का राजफाश किया है। पकड़े गए बदमाशों के पास से एक पिस्टल, एक देसी कट्टा, दो कारतूस व एक छोटा चाकू बरामद किया गया है। गिरफ्तार हुए बदमाशों में गीधा गांव निवासी मेहीलाल पासवान, दारा कुमार सिंह, विशाल पासवान और उजाला कुमार उर्फ करण पासवान का नाम शामिल है। इनके पास से दो बाइक भी जब्त की गई है। जिसमें एक बाइक चोरी की है। मामले को लेकर भोजपुर एसपी ने बताया कि पकड़े गए बदमाशों में तीन का पूर्व से आपराधिक इतिहास रहा है। पूछताछ में अपनी संलिप्तता भी स्वीकार की है। अपराधियों ने 22 सितंबर 2024 को गीधा थाना क्षेत्र अन्तर्गत एनएच पर कायमनगर बाजार के समीप एक प्रेस वाहन (दैनिक भास्कर) के चालक जय सिंह को पिस्तौल भिड़ाकर नकदी और मोबाइल लूट लिया था। जिसको सूचना मिलने पर एसडीपीओ टू रंजीत सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गुप्त के आधार पर गीधा स्थित एक घर पर छापेमारी कर अपराधियों को पकड़ा। तलाशी लिए जाने पर एक देसी पिस्टल, एक देसी कट्टा, दो कारतूस बरामद किया गया। दो बाइक व एक मोबाइल को भी जब्त कर लिया गया। सभी उजाला कुमार के घर में एकत्रित होकर अपराध की योजना बना रहे थे। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार उजाला उर्फ करण पासवान, मेही लाल पासवान एवं विशाल पासवान कम उम्र से ही अपराध सक्रिय हो गए थे। उजाला पर पूर्व से बड़हरा थाना में हत्या के प्रयास, मेहीलाल पर कोईलवर थाना में हत्या का प्रयास एवं विशाल पर कोईलवर में चोरी का दो एवं बड़हरा थाना में उत्पाद अधिनियम के तहत एक मुकदमा है।

## लालू यादव ने पूछा- मांझी मुसहर हैं क्या?ः केंद्रीय मंत्री ने राजद सुप्रीमो को कहा था गरेड़ी; जाति-डिग्री पर भिड़े बिहार के 2 पूर्व सीएम

पटना. बिहार की सियासत में दो दिग्गज नेता और पूर्व सीएम आमने-सामने हैं। मुद्दा है जाति और डिग्री का। मोदी सरकार में केंद्रीय मंत्री और बिहार के पूर्व सीएम जीतन राम मांझी ने राजद सुप्रीमो लालू यादव की जाति को लेकर सवाल उठाया। मांझी ने लालू यादव को गरेड़ी बताया। अब लालू यादव ने इस पर पलटवार करते हुए उसी स्टाइल में जवाब दिया है। एंजियोप्लास्टी के बाद पटना लौटने पर लालू प्रसाद ने पूछा कि जीतन राम मांझी मुसहर हैं क्या?

### मैं और हमारा बेटा पढ़ें-लिखे हैं

मांझी ने लालू को जवाब दिया है। उन्होंने अपने एक्स पर पोस्ट कर कहा है कि हां,हम मुसहर-भुईयां हैं। इससे पहले बुधवार की रात पटना एयरपोर्ट पर मांझी ने लालू- तेजस्वी की डिग्री पर भी सवाल उठाए थे। उन्होंने कहा कि मैं और मेरा बेटा तो पढ़े-लिखे हैं। उन लोगों की डिग्री क्या है? इसके साथ ही उन्होंने फिर से कहा कि लालू यादव गरेड़ी हैं। उन्होंने सीएम नीतीश की उम्र को लेकर भी कहा कि मैं सीएम से 4 साल बढ़ा हूं। शरीर बूढ़ा होता है दिमाग नहीं। दरअसल, 19 सितंबर को नवादा में जमीन विवाद को लेकर दलित बस्ती में आग लगा दी गई। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने इस मुद्दा को धर लिया और नीतीश सरकार पर हमलावर हो गए। सरकार के बचाव में जीतन राम मांझी उतरे, उन्होंने कहा कि इस घटना के पीछे यादव की साजिश है। घटना के बाद कितने यादव गिरफ्तार हुए, इसकी भी जानकारी अपने सोशल साइट एक्स पर दी। इसके बाद उन्होंने 19 सितंबर को एक और पोस्ट किया। उसमें लिखा कि 'विपक्षी दलों के गुंडे हमारे घर, दरवाजों को तोड़ सकते पर हमारे लोगों का हौसला नहीं तोड़ सकते। घर जलाने वाले लोगों के संरक्षक लालू पाल (गरेड़ी) जी आप राजनीति के लिए अपनी जाति छुपा सकते हैं पर हम नहीं। हम गर्व से कहते हैं- "हम मुसहर हैं". लालू जी में हिम्मत है तो वह भी कहकर दिखाएं कि हम गरेड़ी हैं।

मांझी की पोस्ट के बाद तेजस्वी और राज्यसभा सांसद मीसा भारती ने पलटवार किया था। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा था कि जीतनराम मांझी और उनका बेटा आरएसएस स्कूल से पढ़े लिखे हैं, जो आरएसएस कहता है वही बोलते हैं। वो लोग सच नहीं जानना चाहते हैं। वो तो केंद्रीय मंत्री हैं सीएम से जाकर मिलें। जिसने आग लगाई है उसको जेल में डालो, लेकिन बिना तथ्यों के कुछ भी नहीं बोलना चाहिए। वहीं मीसा भारती ने कहा कि लगता है कि अब पूरे बिहार को मांझी जी से सर्टिफिकेट लेना होगा। हम पार्टी के प्रवक्ता श्याम सुंदर शरण ने कहा कि लालू यादव दलित विरोधी मानसिकता के हैं। नरेन्द्र मोदी ने निचले तबके के नेता को केन्द्र में मंत्री बनाया। राजद ने आज तक किसी दलित को राज्य सभा नहीं भेजा। लालू प्रसाद अपनी तीन पीढ़ियों की वंशावली जारी करें कि वो यादव हैं। लालू प्रसाद यादवों को भी ठगने का काम कर रहे हैं।

## बंगाल में परीक्षा देने गए बिहारी बच्चों से मारपीटः गिरिराज बोले- ममता, तेजस्वी और राहुल बताएं बंगाल राष्ट्र है, या भारत का एक अंग

बेगूसराय. केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने सोशल मीडिया एक्स पर बंगाल में छात्रों के साथ मारपीट का एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो के जरिए गिरिराज ने पश्चिम बंगाल की ममता सरकार पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'बंगाल में रोहिंग्या मुसलमान के लिए रेड कार्पेट और परीक्षा देने गए बिहार के बच्चे के साथ मारपीट? क्या ममता सरकार ने सिर्फ बलात्कारियों को बचाने का ठेका ले रखा है?' गिरिराज सिंह की ओर जारी किया गया ये वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो के मुताबिक, बिहार के दो छात्र बंगाल में SSC GD का फिजिकल देने गए थे। उनका सेंटर सिलीगुड़ी में था। दोनों कमरे में सोए हुए थे, इसी दौरान कुछ लोग उसके कमरे में पहुंचे और उसके साथ बदसलूकी करने लगे। एक व्यक्ति गुस्से में कहता है- 'बिहार से हो तो बंगाल क्यों आए हो। फिर वह व्यक्ति छात्रों से डॉक्यूमेंट की मांगने लगता है। इस पर छात्र हाथ-पैर जोड़ते हुए कह रहे हैं कि वो चले जाएंगे। डॉक्यूमेंट नहीं फाड़िएगा।' मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, वायरल वीडियो में पीले शर्ट में दिख रहे शख्स का नाम रजत भट्टाचार्य है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

### गिरिराज बोले- बंगाल सरकार घुसपैठियों के लिए रेड कार्पेट बिछाकर रखती हैं

केंद्रीय मंत्री गिरिराज ने वायरल वीडियो शेयर कर बंगाल की सीएम ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए कहा, ' ममता बनर्जी की सरकार जहां रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों के लिए रेड कार्पेट बिछाकर रखती है। वहीं अगर अपने ही देश के बच्चे, बिहार के बच्चे वहां(पश्चिम बंगाल) परीक्षा देने जा रहे हैं तो उनके साथ गुंडागर्दी हो रही है। उन्हें मारा जा रहा है। भगाया जा रहा है। यह तेजस्वी यादव भी देखें, राहुल गांधी भी देखें और बताएं की पश्चिम बंगाल एक राष्ट्र है या भारत का ही एक अंग है।' वायरल वीडियो में अंकित यादव सहित 2 छात्र सिलीगुड़ी में एक कमरे में सोए हुए थे। तभी बंगाल के कुछ लोग आए और उनको जबरदस्ती उठाने लगे। इसके बाद उनसे कई सवाल-जवाब किए। बांग्ला भाषा में कुछ लोग स्टूडेंट्स से सवाल पूछते हैं और कहते हैं कि बिहार से हो तो बंगाल में परीक्षा देने क्यों आए हो। इस दौरान ये लोग बिहार के छात्रों से उनके डॉक्यूमेंट्स मांगते हैं। छात्र ने जब डॉक्यूमेंट्स दिखाने से मना किया तो एक छात्र के साथ एक व्यक्ति मारपीट करता है। उसे गाली देते हैं। इस दौरान वे लोग बिहार के छात्रों को जेल भेजने की भी धमकी भी देते नजर आ रहे हैं। स्टूडेंट्स डॉक्यूमेंट दिखाने की जगह वापस बिहार लौट आने की बात कहता है। वे इसके लिए उठक-बैठक भी करते हैं और उन लोगों से माफी मांगते हैं। ये लोग छात्रों से उठक-बैठक करवाकर उन्हें जल्द से जल्द बिहार लौटने की धमकी देते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, रजत भट्टाचार्य का आरोप है कि उन छात्रों के पास नकली एडमिट कार्ड था, इसलिए वह उन छात्रों को पुलिस के पास ले जाना चाहता था। पुलिस को दिए बयान में रजत ने कहा कि हम उन्हें पहले रंगे हाथों पकड़ना चाहते थे और फिर पुलिस के पास ले जाने की योजना थी। जब पूछा गया कि आपने कैसे पता लगाया कि उनके पास नकली प्रमाणपत्र हैं, तो रजत ने कहा कि हमने उन प्रमाण पत्रों को देखकर पता लगाया।

हिंदी दैनिक

# कोयलांचल संवाद

रांची व धनबाद से एक साथ प्रकाशित

रांची, शुक्रवार, 27 सितंबर, 2024 वर्ष : 12 अंक : 135

YouTube Subscribe

Koylanchal samvad news

www.koylanchalsamvad.com



## संक्षिप्त खबरें

### भारी बारिश के कारण प्रधानमंत्री मोदी का पुणे दौरा रद्द, नयी तारीख का बाद में होगा ऐलान

पुणे में भारी बारिश की वजह से गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का दौरा रद्द कर दिया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री मोदी को अपने इस दौरे के दौरान पुणे में जिला न्यायालय से स्वर्गेट तक मेट्रो ट्रेन लाइन को हरी झंडी दिखानी थी और 22,600 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का शुभारंभ करना था। भारतीय जनता पार्टी के सूत्रों ने पुष्टि की कि प्रधानमंत्री का पुणे दौरा रद्द कर दिया गया है। उनके दौरे की नयी तारीख का बाद में ऐलान किया जाएगा। बुधवार शाम को भारी बारिश के कारण प्रधानमंत्री मोदी के कार्यक्रम स्थल एसपी कॉलेज मैदान में कीचड़ हो गया था। मौसम विभाग ने पुणे और मुंबई में गुरुवार को भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। पुणे विभागीय आयुक्त चंद्रकांत पुलकुंडवार ने बताया, प्रधानमंत्री का पुणे दौरा रद्द कर दिया गया है और कार्यक्रम आधिकारिक रूप से स्थगित कर दिया गया है। महा-मेट्रो के प्रवक्ता हेमंत सोनावणे ने बताया, आईएमडी द्वारा बृहस्पतिवार के लिए जारी किए गए ऑरेंज अलर्ट (भारी बारिश के लिए) के कारण कार्यक्रम रद्द कर दिया गया है। यदि बारिश होती है तो कार्यक्रम के लिए आने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है, इसलिए लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम रद्द कर दिया गया है। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने बुधवार को कॉलेज मैदान का दौरा करने के बाद कहा था कि किसी को कोई असुविधा न हो, इसके लिए इंतजाम किए जा रहे हैं।

### राष्ट्रपति मुर्मू पहुंचीं सबसे ऊंचे युद्ध क्षेत्र, जवानों का बढ़ाया हौंसला

नई दिल्ली,(ईएमएस)। देश की महामहीन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को दुनिया के सबसे ऊंचे युद्ध क्षेत्र, सियाचिन बेस कैंप पहुंची। उन्होंने वहां तैनात सैनिकों का हौसला बढ़ाया और सियाचिन युद्ध स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की। सियाचिन ग्लेशियर पर ऑपरेशन मेघदूत की शुरुआत 13 अप्रैल, 1984 को भारतीय सेना ने की थी और यह युद्ध स्मारक उन सभी शहीदों के बलिदान का प्रतीक है जिन्होंने इस ऑपरेशन में अपने प्राण गवांए थे। राष्ट्रपति मुर्मू ने सैनिकों को संबोधित करते हुए कहा कि यहां आकर आप सभी जवानों और अधिकारियों से मिलने की मेरी इच्छा आज पूरी हो गई। मैं आप सबसे मिलकर बेहद खुशी महसूस कर रही हूं। तीनों सेनाओं की सर्वोच्च कमांडर के रूप में मुझे आप सभी पर गर्व है। सभी देशवासी आपकी बहादुरी को सलाम करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि कुछ समय पहले मुझे शहीदों के स्मारक स्थल पर श्रद्धांजलि अर्पित करने का अवसर मिला है। मैं उन सभी बहादुर सियाचिन वॉरियर्स की पावन स्मृति को सादर नमन करती हूं, जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राण निछावर कर दिए। राष्ट्रपति ने जवानों की सराहना करते हुए कहा कि आप जटिल मौसम का सामना करते हैं, भारी बर्फबारी और माइनस 50 डिग्री तापमान जैसी विकट स्थितियों में आप पूरी निष्ठा के साथ तैनात रहते हैं। मातृभूमि की रक्षा के लिए आप असाधारण त्याग और सहनशीलता का उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। पूरा देश आप सबका सम्मान करता है।

### जम्मू-कश्मीर में अकेले दम पर सरकार बनाने वाले अब कर रहे गठबंधन

जम्मू,(ईएमएस)। बीजेपी नेता और पूर्व सासंद स्मृति ईरानी ने गुरुवार को जम्मू में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) के नेता उमर अब्दुल्ला ने पहले यह दावा किया था कि उनकी पार्टी अपने दम पर सरकार बनाएगी, लेकिन अब वे कांग्रेस के साथ गठबंधन की बात कर रहे हैं। ईरानी ने कहा कि बीजेपी ने शुरू से कहा है कि हम जम्मू-कश्मीर में अपने दम पर सरकार बनाएंगे। अब उमर अब्दुल्ला ने अपने पहले के बयान से अपना रुख बदल लिया है। क्या अब उन्हें अपनी हार दिखाई दे रही है? उन्होंने यह भी साफ किया कि बीजेपी ने संसद और सुप्रीम कोर्ट में राज्य का दर्जा बहाल करने की बात की है, जबकि कांग्रेस का रुख आंदोलन का है। स्मृति ईरानी ने कहा कि धारा 370 के हटने के बाद जम्मू-कश्मीर में 84 हजार करोड़ रुपए का निवेश आया है और तीन लाख युवाओं को आठ हजार करोड़ रुपए की वित्तीय मदद दी गई है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को रोजगार और अन्य लाभ देने के लिए कई योजनाएं लागू की गई हैं, जैसे कि पंडित प्रेमनाथ डोगरा रोजगार योजना और उज्ज्वला योजना। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि यह पार्टी बांटने की नीति पर चलती है।

# हेमंत सोरेन की 1.76 लाख किसानों को बड़ी सौगात, 400.66 करोड़ का कृषि लोन माफ

## रांची के प्रभात तारा मैदान में आयोजित कार्यक्रम में सीएम हेमंत ने डीबीटी के जरिए राशि का हस्तांतरण किया

**रांची:** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरुवार को पौने दो लाख से अधिक किसानों को बड़ी सौगात दी है. उन्होंने 400 करोड़ से अधिक का कृषि लोन माफ कर दिया. राजधानी रांची के प्रभाततारा मैदान में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने डीबीटी के जरिए राशि का हस्तांतरण कर दिया. मौके पर मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, कृषि मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर समेत अन्य मौजूद थे.




### किसानों को हेमंत सोरेन सरकार का बड़ा तोहफा

झारखंड के कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की ओर से गुरुवार को धुर्वा के प्रभाततारा मैदान में झारखंड कृषि ऋण माफी योजना कार्यक्रम का आयोजन किया गया था. सीएम हेमंत सोरेन ने 400 करोड़ से अधिक की कृषि ऋण की राशि हस्तांतरित की. 1 लाख 76 हजार 977 किसानों के 400 करोड़ 66 लाख रुपए की ऋण अदायगी राशि को उन्होंने डीबीटी के जरिए हस्तांतरित कर दिया. दो लाख तक के कृषि लोन को कृषि ऋण माफी योजना के तहत माफ कर किसानों को हेमंत सोरेन सरकार ने बड़ा तोहफा दिया है.

### किसान आंदोलन के जरिए केंद्र सरकार को घेरा

सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि पूरे देश के किसान भारतीय जनता पार्टी की सरकार को एक साल से अधिक समय तक दिल्ली में घेर कर बैठ गए थे. दिल्ली में किसान इस तरह घेर कर बैठे कि भारत सरकार उस चहारदीवारी से बाहर नहीं निकल पा रही थी. उस आंदोलन में कई किसानों की जान भी चली गयी, लेकिन किसान डटे रहे, क्योंकि यही एनडीए भारतीय जनता पार्टी की सरकार किसानों के लिए काला कानून लेकर आ रही थी. पूरे देश के किसानों को व्यापारियों के हाथों बेचने की तैयारी हो रही थी. वैसे भी देश का सब संपत्ति ये लोग बेच चुके हैं. इस देश की रीढ़ की हड्डी, जिसे हम किसान कहते हैं, इन्हें भी बेचने की तैयारी में केंद्र सरकार थी, लेकिन किसानों ने हार नहीं मानी और इतना जबरदस्त आंदोलन किया कि आखिरकार सरकार को घुटने टेकने पड़े और तीनों काला कानूनों को वापस लेना पड़ा.

### महाराष्ट्र में सरकार को बनाया नहीं बल्कि खरीदा गया

महाराष्ट्र में सरकार को बनाया नहीं बल्कि खरीदा गया है जहां यह लोग जीते नहीं है वहां सरकार खरीद लेते है। अब वोट खरीदने झारखंड आ गए हैं। जेल, गोली, लाठी डंडा से झारखंडी डरने वाला नहीं है, लड़ कर लिया है झारखंड लड़ कर अधिकार दिलाएंगे।

### जबदस्ती परेशान कोई करता है तो उसे गरीबों का हाय लगता है

सीएम ने कहा कि कोई किसी को जबरदस्ती परेशान करता है तो उसे गरीबों का हाय लगता है, मुझे भी झूठ केस में जेल भेजने का काम किया। पता नहीं आज 2 लाख कृषि लोन माफी को भी कोर्ट में पीआइएल दायर कर दे। मगर मैं डरने वाला नहीं हूं हर लड़ाई इनके खिलाफ लड़ूंगा। फिर कहा कि विपक्ष साल में एक भी इस योजना बता दें जिससे राज्य की जनता के लिए किया हो और उसका फायदा जनता को मिल रहा हो।

### ऋण माफी जुटान नहीं, बल्कि किसानों के सम्मान का है महाजुटान

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि रांची में आज ऋण माफी जुटान नहीं है, बल्कि किसानों के सम्मान का महाजुटान है. आज किसानों के ऋण माफी के लिए हम सब एकत्रित हुए हैं. हमारे राज्य में 80 फीसदी लोग गांव-देहात में निवास करते हैं, जो खेती-बाड़ी से जुड़े हुए हैं. इसी पर इनका जीवन-यापन होता है.




किसानों के पास बोरा में भरकर पैसा नहीं है. बैंक बैलेंस नहीं है. कोई एटीएम कार्ड भी नहीं है. बड़ी मुश्किल से बैंक खाता खुलता भी है तो उस खाते में पैसा मेहनत-मजदूरी करके जमा करने का प्रयास किसानों का रहता है. हमारे किसानों का बैंक खेत होता है और किसानों का एटीएम उनका खलिहान होता है.

# हाईकोर्ट ने जेएसएससी व सरकार को चार्ट के माध्यम से कोटिवार कट ऑफ मार्क्स देने का दिया निर्देश

## कितनों की और कब हुई है नियुक्ति पर भी मांगा जवाब

**रांची:** झारखंड स्टाफ सिलेक्शन कमीशन (जेएसएससी) स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2016 के स्टेट मेरिट लिस्ट पर प्रार्थियों की आपत्ति पर झारखंड हाई कोर्ट में सुनवाई हुई. मामले में हाईकोर्ट ने जेएसएससी और राज्य सरकार को चार्ट के माध्यम से ही राज्य स्तरीय मेरिट लिस्ट के आधार पर कोटिवार और विषयवार कट ऑफ मार्क्स देने का निर्देश दिया है. साथ ही कोर्ट ने इनसे पूछा है कि कितने सफल अभ्यर्थियों की नियुक्ति हुई है और यह कब हुई है. कोर्ट ने प्रार्थियों से भी अपने मार्क्स एवं कट ऑफ मार्क्स कोर्ट में सूचित करने का निर्देश दिया है. अगली सुनवाई 24 अक्टूबर को होगी. इससे पहला राज्य सरकार एवं झारखंड स्टाफ सिलेक्शन कमीशन( जेएसएसी) की ओर से बताया कि जेएसएससी स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2016 का 26 विषयों का स्टेट मेरिट लिस्ट जारी कर दिया है. जिस पर प्रार्थियों की ओर से कहा गया कि कट ऑफ से ज्यादा मार्क्स वालों का भी चयन हो गया है. सरकार को बताना चाहिए कि कितने लोगों की नियुक्ति हुई है और यह नियुक्ति कब हुई है. राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन ने पैरवी की. वहीं जेपीएससी की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरवाल, प्रिंस कुमार, राकेश रंजन ने पैरवी की.

### जेएसएसी ऑफिस से 100 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा लागू

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के 100 मीटर के एरिया में निषेधाज्ञा लागू कर दिया गया है. अनुमंडल दंडाधिकारी, सदर, रांची के द्वारा बीएनएसएस की धारा-163 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निषेधाज्ञा जारी की गई है. ये निषेधाज्ञा 2 अक्टूबर तक जारी रहेगा.

### क्या है आदेश में

- बिना सक्षम प्राधिकार के पुर्वानुमति के किसी प्रकार के धरना, प्रदर्शन, घेराव, जुलूस, रैली या आमसभा का आयोजन करने पर रोक (सरकारी कार्य में लगे पदाधिकारियों/कर्मचारियों एवं न्यायालय कार्य एवं धार्मिक तथा अंत्येष्टि कार्यक्रम को छोड़कर).
- किसी प्रकार के अस्त्र-शस्त्र, जैसे- बंदूक, राइफल, रिवॉल्वर, पिस्टल, बम, बारूद आदि लेकर निकलना या चलना. (सरकारी कार्य में लगे पदाधिकारियों/कर्मचारियों को छोड़कर).
- किसी प्रकार के हरवे-हथियार जैसे लाठी-डंडा, तीर-धनुष, गड़ासा-भाला आदि लेकर निकलना या चलना (सरकारी कार्य में लगे पदाधिकारियों/कर्मचारियों को छोड़कर).
- बिना सक्षम प्राधिकार के पुर्वानुमति के किसी प्रकार के ध्वनि विस्तारक यंत्र का व्यवहार करना. (सरकारी कार्य में लगे पदाधिकारियों/कर्मचारियों को छोड़कर).
- यह आदेश जिला प्रशासन द्वारा प्रतिनियुक्त किसी भी पदाधिकारी अथवा बल पर लागू नहीं होगा. ये निषेधाज्ञा दिनांक- 02.10.2024 के रात्रि 10:00 बजे तक के लिए लागू रहेगा.

### इस वजह से लागू की गयी है निषेधाज्ञा!

पिछले दिनों आयोजित जेएसएससी सीजीएल परीक्षा को लेकर विवाद की स्थिति उत्पन्न होने के बाद प्रदेशभर के छात्र आक्रोशित हैं. इसके साथ ही विभिन्न छात्र संगठनों ने उन्होंने आंदोलन करने की चेतावनी भी दी है. इसके अलावा छात्र जेएसएससी दफ्तर के घेराव करने का प्रयास भी कर सकते हैं. यहां बता दें कि जेपीएससी और राजभवन के क्षेत्र में धरना प्रदर्शन को लेकर निषेधाज्ञा लागू करना एक रूटीन कार्यक्रम है. ऐसे में पहली बार जेएसएससी दफ्तर के पास निषेधाज्ञा लागू किया गया है. यहां बता दें कि 28 जनवरी के पेपर लीक मामले में उग्र छात्रों में जेपीएससी दफ्तर में तोड़फोड़ की थी और एक अधिकारी की गाड़ी को क्षतिग्रस्त कर दिया था.

# चुनाव से पहले झारखंड पुलिस में बड़ा फेरबदल, 40 डीएसपी का तबादला

रांचीः हेमंत सरकार ने झारखंड के 40 डीएसपी का तबादला कर दिया है। भारत निर्वाचन आयोग के आदेश के आलोक में झारखंड विधानसभा चुनाव के मद्देनजर यह स्थानांतरण-पदस्थापन हुआ है।

आयोग का निर्देश है कि तीन साल या इससे अधिक समय तक एक ही स्थान पर पदस्थापित या गृह जिला में कार्यरत पदाधिकारियों-कर्मियों का स्थानांतरण करना है। इसी निर्देश के तहत यह स्थानांतरण हुआ है। गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने इससे संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है।

### जिनका हुआ स्थानांतरण-पदस्थापन

अशोक कुमार राम (आइआरबी-1 जामताड़ा से बेड़ो रांची), नीरज (मुख्यालय-टू हजारीबाग से खलारी रांची), राजेश कुमार (मुख्यालय खूंटी से एटीएस), किशोर कुमार रजक (एसआइआरबी-1 दुमका से एसीबी रांची), मनोज कुमार ठाकुर (जैप-6 जमशेदपुर से सीसीआर जमशेदपुर), सुनील कुमार चौधरी (एसीबी से नगर पूर्वी सिंहभूम), पवन कुमार-2 (झारखंड जगुआर रांची से बड़कागांव)। अमित कुमार (जामताड़ा मुख्यालय से हजारीबाग मुख्यालय), अजित कुमार विमल (सीआइडी से बरही), पवन कुमार-1 (सिमडेगा से पतरातू), जय गोविंद प्रसाद गुप्ता (रेल-2 से रामगढ़ मुख्यालय), समीर कुमार सवैया (किस्को लोहरदगा से सरायकेला), संतोष कुमार (जरमुंडी से पाकुड़), जयश्री कुजूर (रेल जमशेदपुर से मुख्यालय पाकुड़), विद्याशंकर (आइआरबी-2 मुसाबनी कैंप चाईबासा से यातायात बोकारो)।

# पीएम नरेंद्र मोदी का 2 अक्टूबर को हजारीबाग में कार्यक्रम, सांसदों ने किया सभा स्थल का निरीक्षण

**रांची:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगामी 02 अक्टूबर को हजारीबाग आगमन को लेकर गुरुवार को भाजपा के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, राज्यसभा सांसद सह प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा, हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल, हजारीबाग के भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह समेत कई भाजपा नेता ने कार्यक्रम स्थल गांधी मैदान का निरीक्षण कर जायजा लिया. इससे पहले सभी नेताओं ने झारखंड पुलिस एकेडमी के हेलीपैड और विनोबा भावे विश्वविद्यालय के ग्राउंड का भी अवलोकन किया. कार्यक्रम स्थल पर टेंट-पंडाल का



कार्य शुरू हो चुका है. स्थल निरीक्षण के बाद राज्यसभा सांसद सह भाजपा प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा ने बताया कि झारखंड प्रांत के सभी 6 मंडलों में भाजपा के संगठन के दृष्टि से चल रही परिवर्तन यात्रा के समापन के लिए पीएम नरेंद्र मोदी का आगमन हजारीबाग में होने जा रहा है.

भाजपा के कार्यकर्ताओं के साथ राज्य की जनता के लिए अपार हर्ष और उत्साह की बात है कि उनके प्रिय नेता जिनके हृदय में झारखंड बसता है वो फिर से झारखंड आ रहें हैं. वहीं, हजारीबाग से बीजेपी के सांसद मनीष जायसवाल ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी झारखंड के लिए हमेशा उपहारों और योजनाओं की सौगात लेकर आते हैं. हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की जनता पीएम को सुनने के लिए आतुर है. उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में जनसैलाब देखने को मिलेगा.

# शाह बोले- अब्दुल्ला और नेहरू 40 हजार हत्याओं के जिम्मेदार: जब कश्मीर में आतंकवाद हावी था, फारूक लंदन में महंगी मोटरसाइकिल चला रहे थे

**श्रीनगर:** गृह मंत्री अमित शाह आज जम्मू-कश्मीर में चुनावी रैली कर रहे हैं। उन्होंने चेनानी और उधमपुर में लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि यह अब्दुल्ला और नेहरू ही हैं जो जम्मू और कश्मीर में 40,000 लोगों की हत्या के जिम्मेदार हैं। उस समय फारूक अब्दुल्ला कहां थे? वह गर्मियों में लंदन में छुट्टियां मना रहे थे और महंगी मोटरसाइकिल चला रहे थे। कोई पार्टी नहीं, सिर्फ भाजपा ने जम्मू और कश्मीर से आतंकवाद को खत्म किया है।



शाह ने कहा कि हमारी देश की संसद पर जिस अफजल गुरु ने हमला करवाया उसकी फांसी की सजा का ये लोग विरोध कर रहे हैं। उमर अब्दुल्ला कहते हैं कि अफजल गुरु को फांसी नहीं देनी चाहिए। उमर अब्दुल्ला साहब, आप आतंकवादियों को बिरयानी खिलाते रहिए, लेकिन जो आतंक फैलाएगा, उसका जवाब फांसी के तख्ते पर ही दिया जाएगा।

### शाह के भाषण की प्रमुख बातें...

- आजादी के बाद जम्मू-कश्मीर में एक ऐसा चुनाव होने जा रहा है, जब यहां न धारा-370 है और न ही अलग झंडा है।
- जम्मू-कश्मीर 40 साल तक आतंकवाद की दहशत में रहा, 40,000 लोग मारे गए, 3,000 दिन कर्फ्यू रहा। हर दिन पाक प्रेरित आतंकवादी बम और गोलियां चलाते थे। हमारी सरकार ने धारा-370 को खत्म कर दिया। अब न पत्थरबाजी होती है, न ही गोलियां चलती हैं।
- कांग्रेस, एनसी जम्मू-कश्मीर में फिर आतंकवाद लाना चाहते हैं। आतंकवाद को हम पाताल तक दफन करके ही हम दम लेंगे।
- उमर अब्दुल्ला और राहुल कह रहे थे कि हम जम्मू-कश्मीर में लोकतंत्र लाएंगे। किस मुंह से कह रहे हैं आप? अब्दुल्ला परिवार, मुफ्ती परिवार और नेहरू-गांधी परिवार ने 70 साल तक जम्मू-कश्मीर में लोकतंत्र को बांध कर रखा।
- अभी-अभी राहुल गांधी यहां आए थे। उन्होंने कहा कि बाहर के लोग यहां शासन करते हैं, उनका मतलब उप-राज्यपाल जी से था। राहुल को पता होना चाहिए कि जम्मू-कश्मीर में सबसे ज्यादा राष्ट्रपति शासन अगर किसी के शासन में रहा तो वो इनकी नानी और पिताजी राजीव गांधी के समय में रहा है।

### जम्मू-कश्मीर में 10 साल बाद हो रहे विधानसभा चुनाव

जम्मू-कश्मीर में 10 साल बाद विधानसभा चुनाव हो रहे हैं। 2019 में आर्टिकल-370 हटाने के बाद यह पहला विधानसभा चुनाव है। जम्मू-कश्मीर में 90 विधानसभा क्षेत्र हैं, जिनमें 7 अनुसूचित जातियों के लिए और 9 अनुसूचित जनजातियों के लिए रिजर्व हैं। 18 सितंबर को पहले फेज की वोटिंग हो चुकी है। 25 सितंबर को दूसरे फेज और 1 अक्टूबर को तीसरे फेज की वोटिंग होगी। 8 अक्टूबर को नतीजे आएंगे। चुनाव आयोग के मुताबिक यहां 88.06 लाख वोटर हैं। 2014 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 25 सीटों पर जीत दर्ज की थी। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी ने 28 सीटें, जम्मू और कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस ने 15 और कांग्रेस ने 12 सीटें जीती थीं।

### भाजपा 90 में से 62 सीटों पर चुनाव लड़ रही

भाजपा ने जम्मू-कश्मीर की 90 में से 62 सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। जम्मू संभाग की सभी 43 सीटों पर भाजपा ने प्रत्याशी उतारे हैं। पार्टी कश्मीर में 47 में से 19 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। बची हुई 28 सीटों पर भाजपा निर्दलीय उम्मीदवारों को समर्थन करेगी।

# राज्य की आर्थिक प्रगति में सहायक होगा एक्सपो, युवा उद्यमियों को मिलेगा मंच: राज्यपाल



**रांची:** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने गुरुवार को राजधानी के मोरहाबादी मैदान में जेसीआई रांची के एक्सपो 2024 का उद्घाटन किया. इस दौरान राज्यपाल ने एक्सपो में लगे स्टॉलों का जायजा किया. साथ ही स्टॉलों में प्रदर्शित उत्पादों और सेवाओं की जानकारी भी ली. एक्सपो के सफल आयोजन के लिए जेसीआइ रांची से सभी सदस्यों को बधाई दी. कहा कि आयोजन को राज्य की आर्थिक प्रगति में सहायक होगा. साथ ही यह मंच युवा उद्यमियों और व्यवसायियों के लिए अपनी प्रतिभा और नवाचार को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करेगा. इस अवसर पर पूर्व राज्यसभा सांसद महेश पोद्दार सहित अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद थे.

## डिवाइन पब्लिक स्कूल के छात्र राजेश कुमार का जिला स्तर पर ताइक्वांडो के लिए हुआ चयन



बरकट्ठा(हजारीबाग)। बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत गंगपाचो गांव में स्थित डिवाइन पब्लिक स्कूल के छात्र राजेश कुमार का चयन जिला स्तर पर ताइक्वांडो के लिए हुआ है।अंडर 14 कैटेगरी में खेलो झारखंड के तहत जिला स्तर राजेश कुमार भाग लेंगे। चैंपियनशिप आगामी पांच अक्टूबर को गणपत राय स्टेडियम ( खेल गांव रांची ) में होगा। अगर वहां राजेश कुमार का चयन होता है तो वह झारखंड राज्य का नेतृत्व करेंगे। स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडियन के राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता में जो खेलो इंडिया यूथ गेम्स के तहत होता है। इसकी जानकारी निदेशक आईपी भारती ने देते हुए उज्वल भविष्य की कामना व आशीर्वाद दिया। प्राचार्या स्वाती रंजन ने कहा कि विद्यालय में छात्रों को हर क्षेत्र के विकास का ध्यान रखा जाता है। छात्र जिस लक्ष्य का चुनाव करता है उसी के अनुरूप उसे प्रशिक्षण भी दिया जाता है।

## बरकट्ठा में झामुमो की हुई बैठक,पंचायत एवं बूथ कमिटी और आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर हुई चर्चा





बरकट्ठा(हज़ारीबाग)।बरकट्ठा में पूर्व विधायक जानकी यादव के आवास पर गुरुवार को झामुमो की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड झामुमो अध्यक्ष सह बीस सूत्री उपाध्यक्ष कुद्दूश अंसारी ने किया। इस मौके पर बरकट्ठा के पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, झामुमो केंद्रीय सदस्य बासुदेव महतो, मिडिया प्रभारी चंद्रदीप पांडेय, संजय कुमार साव, प्रमोद गुप्ता मौजूद थे।बैठक में पंचायत कमिटी, बूथ कमिटी और आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा हुई। साथ ही पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया की इस बार बरकट्ठा विधानसभा की सीट झामुमो की होगी। इस अवसर पर बैठक में राजकुमार चौधरी, राजा राम, महेश मांझी, तालो मरांडी, रामदेव चौधरी, अकल मांझी, शिबू माझी, राम सहाय मांझी, राजेंद्र ठाकुर, कारू साव, सोमार मांझी, महेश मांझी समेत अन्य कई लोग मौजूद रहे।

## बरकट्ठा थाना पुलिस ने वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

बरकट्ठा(हज़ारीबाग)।एक वारंटी को बरकट्ठा थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। बरकट्ठा पुलिस ने चेचकप्पी पंचायत के ग्राम पंचरुखी निवासी बाबूलाल मरांडी पिता मोहन मांझी को गिरफ्तार किया। जिसके विरुद्ध न्यायालय में शिकायत वाद केस नंबर 1520/17 दर्ज था। गुरुवार को मामले में अब तक फरार चल रहे वारंटी को मेडिकल जांच के बाद जेल भेज दिया गया।

## भारी बारिश के कारण एक घर गिरा



तमाड़ - तमाड़ प्रखंड क्षेत्र के पुंडीदीरी गांव में भारी बारिश के कारण एक घर गिर गया । पुरे पांच परगना क्षेत्र पिछले में दो दिनों से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के कारण क्षेत्र में लोगों का जनजीवन अस्त व्यस्त कर दिया है। बारिश के कारण ग्रामीण सड़कें जल मग्न हो गया है। नदिया उफान पर है। क्षेत्र में कई मिट्टी के घर धाराशाई हो रहे हैं। इसी क्रम में मूसलाधार बारिश के कारण पुड़ीदीरी निवासी सोमेश्वर दास का घर गिर गया है। घर गिर जाने से भुक्तभोगी को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। वहीं पंचायत पुंडीदीरी मुखिया एवं पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि के द्वारा स्थल जांचकर क्षतिपूर्ति घर मुआवजा देने की मांग की।

## चकला मध्य विद्यालय में बाल संसदों कि हुई बैठक, बाल संसद गांव घर में चलाएंगे सफाई अभियान




ओरमांझी(मोहसीनआलम):राजकीयकृत मध्य विद्यालय चकला में गुरुवार क़ो बाल संसद की बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता बाल संसद के प्रधानमंत्री नेहा कुमारी ने की। बैठक में उपस्थित सभी बाल संसद के सदस्यों ने कहा कि पर्व त्यौहार के छुट्टी के बाद विद्यालय खुलने पर उपस्थिति काफी कम हो जाता है। हम सभी को इस पर ध्यान देना होगा और जो हमारे सहपाठी नहीं आते हैं उनके अभिभावकों से संपर्क कर नियमित रूप से स्कूल भेजने का आग्रह करेंगे। साथ ही बाल सदस्यों ने कहा कि अभी बरसात का मौसम है इसे देखते हुए विद्यालय परिसर व आसपास तथा अपने अपने गांव घर में भी हम सभी लोग सफाई अभियान चलाएंगे। और लोगों को जागरूक करेंगे। बैठक का संचालन चन्दन कुमार ने किया। बैठक में राधिका कुमारी,अंकित पाहन, वर्षा कुमारी,चन्दन कुमार,ओम पाण्डेय, खुशबू कुमारी,रिया कुमारी, सत्यम कुमार, मो,जैद अंसारी ,आनन्द मुंडा,अंजलि कुमारी आकांक्षा कुमारी, शांतनु टोप्पो,सुमन कुमारी , रानी कुमारी, राजनंदनी कुमारी सहित कई बाल संसद के सदस्य उपस्थित थे।

## मानव विकास संस्था के द्वारा खोला गया कृषक गुरुकुल



बरकट्ठा(हज़ारीबाग)। बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चामुदोहर में मानव विकास संस्था के द्वारा कृषक गुरुकुल खोला गया है। जिसकी शुरुआत संस्था सचिव बीरबल प्रसाद ने किया।गुरुकुल में ग्रामीणों को बिना मिट्टी का पौधा तैयार करने का प्रशिक्षण दिया जाएगा. जिसके अंतर्गत महिला मंडल के सदस्य एवं किसान क्लब के सदस्यों के माध्यम से प्रैक्टिकल कर बिना मिट्टी के टमाटर, मिर्ची और बैंगन का पौधा तैयार करने की शुरुआत किया गया. सचिव बीरबल प्रसाद ने कहा कि गुरुकुल में हमलोग कम से कम पानी का प्रयोग करके और काम लागत में अधिक से अधिक खेती करेंगे। कहा कि अब गांव में किसी भी पुरुष को बाहर जाकर काम करने की जरूरत नहीं होगी।अब लोग घर पर रह कर अपने ही गांव में खेती बारी करके अपने परिवार के लिए जीविकोपार्जन कर सकेंगे। बीरबल प्रसाद ने बताया कि प्रत्येक गांव में दो-दो नर्सरी तैयार करने का लक्ष्य है जिससे लोग कम से कम पैसे में पौधों को बेच कर अपना जीविकोपार्जन कर सकते हैं।कृषक गुरुकुल में बरकट्ठा प्रखंड के ग्राम मेरमगड्डा, गोरहर, चामुदोहर और खैरियो में दो दो यूनिट में गेंदा फूल के खेती की भी शुरुआत किया जा रहा है।इस अवसर पर संस्था कर्मी राहुल कुमार, रोबिन कुमार, मरियादास बास्के, कार्तिक महतो, रोहित टुडू, अंजू मुर्मू समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।

# बेस में दो दिवसीय जितिया मेला का सांसद मनीष जायसवाल ने किया उद्घाटन



हजारीबाग।गुरूवार को कटकमदाग प्रखंड के ग्राम पंचायत बेस अवस्थित जितिया मेला मंडप मैदान में जितिया मेला समिति, बेस द्वारा दो दिवसीय जितिया मेले का विधिवत् उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने फीता काटकर किया। यहां पहुंचने पर सांसद मनीष जायसवाल सहित अन्य अतिथियों का आयोजन समिति की ओर से पारंपरिक नृत्य- संगीत के साथ फूल माला पहनाकर और माथे में मुकुट पहनाकर किया गया ।यहां बड़ी संख्या में उपस्थित माता-बहनों और भाइयों के साथ सांसद मनीष जायसवाल ने पूजन स्थल पहुंचकर माथा टेका और उनके संग ढोल, मांदर और नगाड़े की थाप पर यहां अखाड़ा में सजे मंच में हो रहे पारंपारिक झूमर नृत्य को देख खुद मांदर पर थाप लगाकर और अखाड़ा नृत्य करके मेले के आयोजन समिति का हौसलावर्द्धन किया। यह मेला पूर्व में एक दिवसीय होता था लेकिन पिछले साल से ही सांसद मनीष जायसवाल के अपील पर आयोजन समिति ने विस्तार करते हुए दो दिवसीय आयोजन किया है। वर्तमान साल पहली बार सांसद मनीष जायसवाल के पहल से ही यहां मेले में झूला लगा है।मौके पर सांसद मनीष जायसवाल ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा की मैंने पूर्व में अपने किए गए घोषणा के अनुरूप मेला स्थल के विकास के लिए विधायक निधि की राशि उपलब्ध कराई है। इस पूजन स्थल तक आने वाले सड़क का निर्माण कराकर सुदृढ़ कराया है। भविष्य में मेले को व्यापक और सुव्यवस्थित किया जायेगा और यहां अगर वन विभाग से आदेश मिली तो एक सांस्कृतिक भवन का भी निर्माण कराया जायेगा। मेले के आयोजन में मेला समिति के अध्यक्ष जगरनाथ साव, सचिव नागेश्वर भोगता, कोषाध्यक्ष मनोज राम, संरक्षक बेस मुखिया दीपक यादव, पूर्व पंसस तिलेश्वर गंझू, राजेंद्र यादव, सोमर साव, विनोद महतो, प्रवीण महतो, मोहन साव, विशेश्वर राम, शम्भू राणा, विजय राम, कृष्णा गोप, मुरली राम, महावीर राम सहित मनोज राम, राहुल ऋषि, सूरज राय, महेश गोप, सुरेंद्र राम सहित अन्य लोग मेले के सफल आयोजन में जुटे हुए हैं ।उक्त अवसर पर कटकमदाग विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार साहू, पूर्व प्रमुख अशोक यादव, कमल कुमार साहू, अरुण राणा, सुरेंद्र प्रसाद, मुखिया प्रतिनिधि सुनिल यादव, बसंत यादव, प्रिंस कुमार, रंजन चौधरी सहित अन्य लोग मौजूद रहें।

## न्युवोको का 'न्युवो मेसन' कौशल विकास कार्यक्रम शुरू




जमशेदपुर। भारत के पांचवें सबसे बड़े सीमेंट समूह, न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड, ने पानागढ़, पश्चिम बंगाल में असंगठित चिनाई क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) पहल के तहत 'नुवो मेसन' कौशल विकास कार्यक्रम की शुरुआत की हैं। इस कार्यक्रम के तहत 50 स्थानीय प्रतिभागियों को टाइल चिनाई में 300 घंटे का सैद्धांतिक और व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसे राष्ट्रीय कौशल योग्यता रूपरेखा (एनएसक्यूएफ) के तहत संचालित किया जा रहा है। सफल समापन के बाद, प्रतिभागियों को राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) द्वारा प्रमाणित किया जाएगा। यह पहल एमएनजी अकादमी के सहयोग से चलाई जा रही है, जिसका उद्देश्य स्थानीय युवाओं को निर्माण उद्योग में रोजगार के अवसर प्रदान करना है। इस संबंध में पानागढ़ सीमेंट प्लांट के प्लांट हेड पवन रॉयल ने कहा कि नूवो मेसन कौशल विकास और सामाजिक जिम्मेदारी के माध्यम से सामुदायिक सशक्तिकरण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। असंगठित क्षेत्र के युवाओं और श्रमिकों को आवश्यक राजमिस्त्री कौशल प्रदान करके, हमारा उद्देश्य वित्तीय स्वतंत्रता को बढ़ावा देना और उनके जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाना है। यह पहल उनकी तकनीकी क्षमताओं को आगे बढ़ाती है और आजीविका के रास्ते बनाती है, जो हमारे मूल मूल्य, देखभाल को मूर्त रूप देती है। कोटा ग्राम पंचायत की प्रधान इंदिरा चक्रवर्ती ने कहा कि नूवो मेसन कार्यक्रम स्थानीय युवाओं के लिए वास्तविक रोजगार के अवसर पैदा करता है, उन्हें उज्जवल भविष्य के लिए कौशल प्रदान करता है। मैं कोटा पंचायत में अपने सीएसआर प्रयासों के हिस्से के रूप में इस परिवर्तनकारी पहल को शुरू करने के लिए नुवोको - पानगढ़ सीमेंट प्लांट को अपना हार्दिक धन्यवाद देता हूं। हम इस कार्यक्रम के निर्बाध निष्पादन को सुनिश्चित करने के लिए पूर्ण समर्थन प्रदान करेंगे।

## भाजपा नेत्री संध्या सिंह ने दर्जनों गांवों का किया दौरा,कई महिलाओं को कराया पार्टी में शामिल



संवाददाता विश्रामपुर (पलामू) : प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह भाजपा नेत्री संध्या सिंह ने आज विश्रामपुर विस क्षेत्र के दर्जनों गांवों का दौरा किया। दौरा के क्रम में उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और समाधान हेतु सार्थक प्रयास करने का भरोसा दिलाया। उन्होंने लोगों को मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए केंद्र की जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस दौरान श्रीमति सिंह के नेतृत्व में दर्जनों महिलाएं भाजपा मे शामिल हुईं। सभी को उन्होंने माला पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। संध्या सिंह ने कहा कि भाजपा के पास विकास का विजन है। विकास कार्यों को धरातल पर उतारने का संकल्प है। सबको साथ लेकर सबके विकास की प्रतिबद्धता है। उन्होंने दावा किया कि आगामी विधानसभा चुनाव में जनता को छलने वाले इंडी गठबंधन का सूपड़ा साफ हो जायेगा और प्रचंड बहुमत के साथ झारखंड में डबल इंजन की सरकार बनेगी। क्षेत्र भ्रमण मे श्रीमति सिंह के साथ पूजा सिंह,किरण देवी,सरोज देवी,विमला देवी, कलिंदा देवी,लीला देवी,रीना चंद्रवंशी,चंद्रावती देवी,अनुरंभा सिंह,सोनी पासवान,काजल कुमारी,बबली कुमारी,बेबी देवी सहित पार्टी की कई महिला कार्यकर्ता शामिल थीं।

## पंडित शंभूनाथ दुबे की मनायी गई पांचवीं पुण्यतिथि,पूर्व मंत्री सहित कई लोग हुए शामिल



संवाददाता विश्रामपुर (पलामू) : विश्रामपुर के प्रसिद्ध समाजसेवी पंडित शंभूनाथ दुबे की पांचवीं पुण्यतिथि आज मनाई गई। मुख्य कार्यक्रम का आयोजन नप मुख्यालय स्थित स्व.दुबे के आवास पर हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित शंभूनाथ दुबे के चित्र पर उनके परिजनों द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित कर किया गया। श्रद्धांजलि सभा में पूर्व मंत्री चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे,मनिका सीओ संतोष शुक्ला,चिकित्सा प्रभारी डॉ राजेंद्र प्रसाद,कार्यपालक पदाधिकारी सोमा खण्डेत,विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय व नप के प्रथम उपाध्यक्ष अजय बक्सराय उर्फ बढ़कू सिंह ने पंडित शंभूनाथ दुबे के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके जीवन पर प्रकाश डाला। इससे पहले स्व.दुबे के बड़े पुत्र दया शंकर दुबे ने पिता के आत्मा की शांति हेतु पिंडदान किया। वहीं छोटे पुत्र सह युवा समाजसेवी प्रेम शंकर दुबे ने पिता की स्मृति में उनकी कई बातें लोगो के साथ साझा किया। कार्यक्रम में भंडारा का भी आयोजन किया गया था। श्रद्धांजलि सभा में सिटी मिशन मैनेजर जितेंद्र सिंह,नगर प्रबंधक सुभाष हेंब्रम,प्रभात कुमार,बीस सूत्री अध्यक्ष रामचन्द्र दीक्षित,मुखिया अशोक सिंह,पांडू बीस सूत्री अध्यक्ष सुनील पांडेय,जेई विभूति भूषण,सुधीर दुबे,अशोक दुबे,सोनू दुबे,शंकर केशरी,राजेंद्र केसरी,अजय राम चंद्रवंशी,रमेश चौबे,भाजपा नेता मनीष कुमार,कन्हाई चंद्रवंशी सहित कई लोग मौजूद थे।

## मानगो में गंदगी का अंबार, मूल कार्यो से भटक चुका हैं मानगो नगर निगम



जमशेदपुर । मानगों में जहां देखो गंदगी का अंबार लगा हुआ है और कचरा उठाने का कार्य पूरी तरह से ठप पड़ गया है । पूर्व की तरह डोर टू डोर कचरा उठाने का कार्य लगभग सभी मोहल्ले में बंद है जिससे न केवल स्थानीय लोगों को परेशानी हो रही है बल्कि पूरा मानगो में गंदगी का अंबार लगा हुआ है । मानगों के हिल व्यू कॉलोनी में सप्ताह भर से ऊपर कचरा उठाओ का कार्य नहीं हो पाने के कारण पूरा हिल व्यू कॉलोनी में बदबू और गंदगी फैल रहा है । स्थानीय लोगों ने इसकी शिकायत भाजपा नेता विकास सिंह को किया । सूचना मिलते ही मौके में पहुंचे भाजपा नेता विकास सिंह ने संबंधित अधिकारियों को वीडियो और फोटोग्राफ भेज कर मानगो में व्याप्त गंदगी से अवगत कराया । मौके में पहुंचे भाजपा नेता विकास सिंह ने कहा कि मानगो नगर निगम का मुख्य कार्य लोगों को सुविधा उपलब्ध कराने के साथ-साथ साफ सफाई रखना है , लेकिन अपने मुल कार्य से मानगो नगर निगम भटक गया है । केवल रुपया कमाने के चक्कर में पूरा मानगो का बेड़ा गर्ग हो गया है । विकास सिंह ने कहा कि मानगो नगर निगम के ऊपर मंत्री के गुर्गों और प्रतिनिधियों का दबदबा रहने के कारण मानगो नगर निगम के अधिकारी अपना कार्य नहीं कर पा रहे हैं । विकास सिंह ने कहा स्थिति अगर नहीं सुधरी तो नगर निगम के कार्यालय में ताला बंद करने के साथ-साथ गांधी मैदान में कचरा उठाने की गाड़ी जो मैदान का शोभा बढ़ा रही है , उसके सभी टायरों का हवा निकाल कर ठप पड़ी व्यवस्था का संदेश देने का कार्य किया जाएगा ।

## पहली बार झारखंड में सफलतापूर्वक की गई बिना चीरा लगाए ट्रेकियल स्टेनोसिस की जटिल सर्जरी



रांचीः बोकारो के रहने वाले एक 18 वर्षीय युवक, जो सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया था, गंभीर अवस्था में बोकारो के एक अस्पताल में भर्ती हुआ। उसे सांस लेने में कठिनाई हो रही थी और डॉक्टर उसकी सांस की तकलीफ का सही कारण पता नहीं लगा पा रहे थे। प्रारंभिक जांच के बाद, डॉक्टरों ने उसे उच्च चिकित्सा केंद्र के लिए स्थानांतरित करने का सुझाव दिया। उसे मेदांता अस्पताल, रांची लाया गया, जहां डॉक्टर तेजवीर सिंह, एसोसिएट कंसल्टेंट पल्मोनोलॉजिस्ट, ने उसका इलाज किया।

युवक को गंभीर हालत में अस्पताल लाया गया था, जहाँ उसकी सांस की समस्या इतनी बढ़ गई थी कि उसे वेंटिलेटर का सहारा लेना पड़ा। ऑक्सीजन स्तर (सैचुरेशन) भी सामान्य नहीं हो पा रहा था। डॉक्टर तेजवीर सिंह ने जांच के बाद पाया कि युवक ट्रेकियल स्टेनोसिस से पीड़ित था, यह एक ऐसी स्थिति है जिसमें श्वासनली (विंडपाइप) सिकुड़ जाती है, जिससे सांस लेना बेहद कठिन हो जाता है। डॉ. तेजवीर सिंह ने तत्काल ब्रोंकोस्कोपी के माध्यम से, जो एक जटिल प्रक्रिया है, श्वासनली को बिना चीरा लगाए चौड़ा किया ताकि मरीज आसानी से सांस ले सके। इस सफल सर्जरी के बाद युवक वेंटिलेटर से मुक्त हो गया और उसकी ऑक्सीजन सैचुरेशन भी सामान्य हो गई। केवल दो दिनों के अंदर मरीज को पूरी तरह स्वस्थ घोषित कर अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

यह झारखंड में अपनी तरह का पहला मामला था, जिसमें ट्रेकियल स्टेनोसिस का इतना जटिल ऑपरेशन सफलतापूर्वक किया गया। मेदांता रांची के इस अद्वितीय प्रयास ने राज्य में चिकित्सा के क्षेत्र में एक नई ऊंचाई को छू लिया है।

मेदांता रांची अब इस प्रकार की जटिल श्वसन संबंधी समस्याओं का इलाज करने में सक्षम है, जो राज्य के लोगों के लिए राहत की एक बड़ी खबर है।

मेदांता रांची के अस्पताल निदेशक विश्वजीत कुमार ने पुल्मोनोलॉजी विभाग की इस उपलब्धि पर गर्व जताते हुए कहा, "हमारा पुल्मोनोलॉजी विभाग न केवल राज्य बल्कि पूरे क्षेत्र में श्वसन संबंधित संबंधित जटिल मामलों के इलाज में अग्रणी है। मेदांता रांची जटिल से जटिल श्वसन रोगों का सफलतापूर्वक इलाज करने में सक्षम है। यह पूरे झारखंड के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।"

उन्होंने यह भी कहा, "हम मेदांता रांची में निरंतर उन्नत चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। अब, हम रांची शहर में मेडिक्लिनिक भी लेकर आए हैं, जिससे शहरवासियों को प्राथमिक और विशेष चिकित्सा सेवाएं अपने नजदीक ही प्राप्त होंगी। इससे मरीजों को पहले ही चरण में बेहतर परामर्श और उपचार मिलने में सुविधा होगी।

## हेल्थ क्लब के सहयोग से अंगदान जागरूकता सत्र का आयोजन



रांची : स्टेट ऑर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांट ऑर्गेनाइजेशन (सोट्टो) झारखंड द्वारा झारखंड राय विश्वविद्यालय, रांची के प्रबंधन विभाग, साइंस क्लब और हेल्थ क्लब के सहयोग से अंगदान जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया"। सोट्टो के नोडल पदाधिकारी डॉ राजीव रंजन एवं आईइसी मीडिया कंसल्टेंट साल्विया शर्ली ने अंग प्रत्यारोपण, अंगदान से जुड़े मिथकों और अंगदान का संकल्प लेने के विषय पर छात्रों व फैकल्टी के सदस्यों के साथ जानकारी साझा किया। इंटरैक्टिव सत्र में छात्रों के साथ-साथ शिक्षकों की भी सक्रिय भागीदारी देखी गई। सत्र का उद्देश्य सभी को अंगदान के संबंध में सही जानकारी देते हुए जागरूक करना था। प्रबंधन विभाग की प्रो रश्मि राय ने जागरूकता सत्र के आयोजन में अहम भूमिका निभाई।

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**Road Construction Department, Road Division, Daltonganj**

**Very Short Term e-Procurement Notice**

e-Tender Ref No- 8/ RCD/Daltonganj/2024-25/ 919 Dated:- 23.09.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work | Construction of RCC Drain of Both Side In Chainpur - Ramkanda Road at Nawadih Village under Chainage 9.000 to 9.540 km for the year 2024-25 |
| 2. | Estimated Cost | Rs. 59,94,323.00 (Rupees Fifty Nine Lacs Ninety Four Thousand Three Hundred Twenty Three) Only. |
| 3. | Bid Security (Amount) | Rs. 1,20,000.00 (Rupees One Lac Twenty Thousand) Only. |
| 4. | Time of Completion | 03 Months |
| 5. | Date of Publication of Tender on Website | 30.09.2024, 10:30 AM |
| 6. | Last Date/Time of Online Bid Submission | 07.10.2024, 12:00 Noon |
| 7. | Date and Time of Bid opening | 09.10.2024, 12:30 PM |
| 8. | Bid (Tender Fee & EMD) Submission Address | Cost of bidding document (for a non refundable fee) & Bid security as indicated shall be payable online through http://jharkhandtenders.gov.in |
| 9. | Name & address of officer Inviting tender | Executive Engineer, R.CD., Road Division, Daltonganj.06562–225019 |
| 10. | E-mail Id | eercdmedini-jhr@nic.in |
| 11. | Helpline number of e Procurement cell | 0651-2401010 |

**Note : Estimated amount may vary.**
For further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer**
Road Construction Department
Road Division, Daltonganj

PR 337059 Road (24-25)_D

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**BUILDING DIVISION NO. -02. RANCHI**

**VERT SHORT NOTICE INVITING QUOTATION NO-09/2024-25**

Sealed quotations are invited for the work

| | |
|---|---|
| 1 | Supplying and Installation of File Storage Unit at Prefeb Structure of J.S.B.C.C.L (Building Construction Department) at Roof Top of J.S.B.C.C.L Building at HEC, Dhurwa, Ranchi |
| 2 | Supply & Installation of Cisco POE 24 Port Layer 2 access switch (4 Nos) & Cisco 10G Transceiver (8 Nos) on 3rd Floor of IP Phone and Internet Connectivity at Jharkhand Vidhan Sabha Building, Ranchi |

by the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division No.-02, Ranchi sell of quotation paper will be on 04-10-2024 upto 1.00 pm, quotation paper received on dated-05-10-2024 at 3.00 p.m and will be opened on 05-10-2024 at 3.30 pm at B.C.D. Division No.-02, Ranchi by Executive Engineer or his authorized representative in the presence of Quotationers or their authorized representative, whosoever desire may remain present at the time of opening. Cost of Bid for work of S.No- 1. Rs. 5000.00 and Sl. No.-2 Rs.- 5000.00, in shape of Demand draft (non refundable) on any State Bank Payable at SBI Main Branch, Ranchi (Code-0167) /any Schedule Bank, Payable at Ranchi in favour of The Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division No.-02, Ranchi.

**Completion Time of work :- One Month for both items**

The quotation should be accompanied with (1) Initial security deposit which will be *2%* of the quoted amount in shape of Bank Guarantee or 5 Years/3 Years Post Office Term Deposit or N.S.C. (8th issue)/fixed deposits of a scheduled Bank duly pledged in favour of Executive Engineer, Building Division No.-02, Ranchi. (2) Updated Income Tax Return and GST Return (3) PAN Card (4) Similar nature of work experience.

In the case of Gazetted holiday the quotation will be received/opened on the next working day.

***Executive Engineer***
***Building Construction Department***
***Building Division No-02, Ranchi***

PR 337068 Building (24-25)_D

**हजारीबाग नगर निगम, हजारीबाग**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं. 16/2024–25**

| Sl. No. | Particulars | Estimated Cost | Earnest Money | Cost of BOQ | Completion period for construction |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of PCC Road From NH 100 Pugmil Road near H/o of Yakub Ansari toward Oasis School (Backsite Gate) in ward no. 21 under Municipal Corporation, Hazaribag | 6,16,600.00 | 12,500/- | 5900/- | 03 Month |
| 2. | Construction of RCC Drain from NH 100 Pugmil Road Near H/o of Yakub Ansari toward Oasis School (Backsite Gate) in ward no. 21 under Municipal Corporation, Hazaribag. | 7,54,000.00 | 16,000/- | 5900/- | 03 Month |

1. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान तिथि एवं समयः नगर निगम कार्यालय, हजारीबाग
दिनांक 07.10.2024 को 11.00 बजे पूर्वाह्न से 2.00 बजे अपराह्न तक
2. निविदा प्राप्ति का स्थान तिथि एवं समय : नगर निगम कार्यालय, हजारीबाग
दिनांक 08.10.2024 को 11.00 बजे पूर्वाह्न से 2.00 बजे अपराह्न तक
3. निविदा खोलने का स्थान तिथि एवं समय : नगर निगम कार्यालय, हजारीबाग
दिनांक 08.10.2024 को 3.00 बजे अपराह्न
4.विज्ञापनदाता का पदनामःनगर आयुक्त सह प्रशासक, नगर निगम, हजारीबाग।

नोट :– निविदा से संबंधित शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालय अवधि में नगर निगम कार्यालय में देखा जा सकता है।

नगर आयुक्त सह प्रशासक
नगर निगम, हजारीबाग

PR 337160 Urban Development and Housing(24-25).D

## एसएसपी ने रांची जिला बल के नवप्रोन्नत हवलदारों को हवलदार का बिल्ला लगाकर किया सम्मानित



रांचीः एसएसपी ने रांची जिला बल के नवप्रोन्नत हवलदारों को हवलदार का बिल्ला लगाकर सम्मानित किया. रांची जिला में पदस्थापित 140 एस०एल०सी० उत्तीर्ण आरक्षियों का पुलिस महानिरीक्षक दक्षिणी छोटानागपुर क्षेत्र रांची एवं पुलिस उप-महानिरीक्षक दक्षिणी छोटानागपुर क्षेत्र रांची के आदेशानुसार आरक्षी से हवलदार की कोटी में प्रोन्नति प्रदान की गयी है जिसके आलोक में 140 नवप्रोन्नत हवलदारों को वरीय पुलिस अधीक्षक रांची, पुलिस अधीक्षक नगर रांची, परिचारी प्रवर प्रथम / द्वितीय एवं पुलिस मेन्स एसो० शाखा रांची के पदाधिकारियों की उपस्थिति में पुलिस केन्द्र, रांची में पिपींग सिरोमणी का आयोजन किया गया.

## पत्नी की मर्जी के खिलाफ बनाता था संबंध, कोर्ट ने पति को दिया दोषी करार

रांचीः रांची सिविल कोर्ट ने पत्नी के विरोध के बावजूद बार-बार शारीरिक संबंध बनाने के आरोपी रणधीर को दोषी करार दे दिया है. अदालत रणधीर की सजा की बिंदु पर 30 सितंबर को सुनवाई करेगा. फिलहाल दोषी को हिरासत में ले लिया गया है. रणधीर की पत्नी ने उसके खिलाफ वर्ष 2015 में कोतवाली थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी. जिसमें यह आरोप लगाया गया था कि महिला की मर्जी के बिना उसका पति उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता है. ट्रायल के दौरान महिला समेत अन्य गवाहों का बयान कोर्ट में दर्ज करवाया गया. जिसके आधार पर कोर्ट ने रणधीर को दोषी करार दिया है.

## हाईकोर्ट का निर्देश- प्रार्थी सूचित करें अपना मार्क्स और कट ऑफ मार्क्स



रांचीः झारखंड हाईकोर्ट ने JSSC को यह निर्देश दिया कि राज्य स्तरीय मेरिट लिस्ट के अनुसार, सफल अभ्यर्थियों का कट ऑफ मार्क्स कोर्ट में जमा करें. इसके साथ ही अदालत ने प्रार्थियों को यह निर्देश दिया कि वह अपना प्राप्त मार्क्स की जानकारी लेकर बताएं कि यह राज्य स्तरीय मेरिट लिस्ट में उनका मार्क्स कट ऑफ मार्क्स से नीचे है या ऊपर. दरअसल मीना कुमारी एवं अन्य ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर स्नातक स्तरीय शिक्षक नियुक्ति में नियुक्ति देने के लिए हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है. राज्य सरकार एवं JSSC की ओर से महाधिवक्ता और अधिवक्ता संजोय पिपरवाल ने बहस की. हाईकोर्ट ने न्यायाधीश जस्टिस डॉ एस एन पाठक की बेंच में सुनवाई हुई.

## इ डिस्ट्रिक्ट मैनेजर को न हटाया जाए- हाईकोर्ट

रांचीः झारखंड हाईकोर्ट ने इ डिस्ट्रिक्ट मैनेजर को उनके पद से हटाए जाने पर रोक लगा दी है. दरअसल राज्य के सभी जिलो में इ डिस्ट्रिक्ट मैनेजर की नियुक्ति की गई है. पिछले दिनों इस पद पर राज्य के सभी जिलो में आउटसोर्स के जरिए नियुक्ति की तैयारी शुरू की गई थी. जिसके खिलाफ साकिब सलाम एवं अन्य की ओर से हाईकोर्ट का रूख किया गया. प्रार्थियों की याचिका पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस अम्बुज नाथ की कोर्ट में सुनवाई हुई. सुनवाई के दौरान अदालत ने सरकार को यह निर्देश दिया है कि किसी भी इ डिस्ट्रिक्ट मैनेजर को न हटाया जाए. प्रार्थियों की ओर से अधिवक्ता अर्पण मिश्रा ने बहस की. सरकार को इस मामले में चार सप्ताह में जवाब दाखिल करना है.

## सिदो कान्हू क्लब के गठन में देर करने पर 18 जिलों के खेल पदाधिकारियों का वेतन रोकने का आदेश

रांची : झारखंड के गांवों में सिदो कान्हू युवा खेल क्लब के गठन को लेकर लक्ष्य का 60 प्रतिशत काम पूरा नहीं करने वाले खेल पदाधिकारियों पर गाज गिरी है. खेल सचिव मनोज कुमार ने लगभग 18 जिलों के खेल पदाधिकारियों के वेतन रोकने का आदेश दिया है. वहीं सचिव ने अगले बैठक से पहले पुराने लक्ष्य के साथ दिये गये नये लक्ष्य को पूरा करने का आदेश दिया है. जब तक खेल पदाधिकारी लक्ष्य पूरा नहीं करेंगे, तब तक उनका वेतन रूका रहेगा. बता दें कि सीएम हेमंत सोरेन 27 सितंबर को ऑड्रे हाउस में गठित हर क्लब को 25000 का भुगतान करेंगे. जानकारी के अनुसार, पांचों प्रमंडल से एक-एक क्लब को सीएम के हाथों चेक सौंपा जायेगा. क्लब के रजिस्ट्रेशन में रांची जिला सबसे आगे चल रहा है. यहां सबसे अधिक 84 आवेदन स्वीकृत हुए हैं और सभी को सर्टिफिकेट भी मिल गये हैं. जबकि 153 आवेदन अभी भी पेंडिंग हैं. वहीं चतरा में 58, पूर्वी सिंहभूम में 53, खूंटी में 42, गुमला में 33 और सरायकेला में 28 आवेदन स्वीकृत हुए हैं. जबकि सरायकेला में 229 और पूर्वी सिंहभूम में 71 आवेदन रजिस्ट्रेशन के लिए पेंडिंग हैं.

## धुर्वा इलाके में मिला शव, जांच में जुटी पुलिस

रांचीः राजधानी रांची के धुर्वा थाना इलाके से एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया है. मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पहचान में जुटी हुई है. फिलहाल शव की पहचान नहीं हो पाई है. आशंका जताई जा रही है कि व्यक्ति की मौत बीमारी की वजह से हुई है.

## झारखंड पुलिस में प्रमोटी अफसरों की बढ़ी भागीदारी, 24 में से 13 जिले की कमान इनके जिम्मे

रांची : झारखंड पुलिस में स्टेट पुलिस सर्विस (प्रमोटी) अफसरों की भागीदारी वर्तमान समय में बढ़ी है. झारखंड में रेल जिला को मिलाकर कुल 26 जिला, जिनमें रेल जिला धनबाद और जमशेदपुर को छोड़कर बाकी के 24 जिले में से 13 जिले की कमान प्रमोटी अफसरों के जिम्मे है. गौरतलब है कि पुलिस को कानून व्यवस्था से लेकर वीआईपी ड्यूटी और ट्रैफिक व्यवस्था की जिम्मेदारी संभालनी होती है. जाहिर है कि ऐसी विशेष परिस्थितियों वाले राज्य में पुलिसिंग काफी कठिन होता है. ऐसे में झारखंड सरकार का स्टेट पुलिस सर्विस के अफसरों पर भरोसा बढ़ा है.

## छत्तीसगढ़ में हुए शराब घोटाले में मामला दर्ज, आरोपियों में झारखंड के आईएएस विनय चौबे का भी नाम

रांचीः छत्तीसगढ़ में कथित तौर पर हुए 2050 करोड़ शराब घोटाले के मामले में रायपुर के आर्थिक अपराध शाखा ने मामला दर्ज किया है. इस मामले छत्तीसगढ़ के अधिकारियों के अलावा झारखंड के आइएएस और तत्कालीन उत्पाद सचिव विनय चौबे को भी आरोपी बनाया गया है. ईओडब्लू रायपुर के इंस्पेक्टर ने रांची के अरगोड़ा थाना क्षेत्र का रहने वाला विकास सिंह के बयान पर पहले मामले की जांच की और फिर मामला दर्ज किया है. विकास सिंह ने छत्तीसगढ़ के अधिकारी अनिल टुटेजा, अनवर ढेबर, अरुणपति त्रिपाठी और उनके सिंडिकेट पर आरोप लगाया है कि शराब घोटाला करके छत्तीसगढ़ सरकार को अरबों रुपये के राजस्व का नुकसान पहुंचाया है. आरोपों में यह भी कहा गया है कि इसी सिंडिकेट ने झारखंड के अधिकारियों के साथ मिलकर झारखंड की आबकारी नीति को बदलवाया और सरकार के राजस्व को छति पहुंचायी है. आरोपों में यह भी कहा गया है कि दोनों राज्यों के अधिकारियों ने मिल कर मैन पावर सप्लाई में भी घोटाला गया है. आरोपों के मुताबिक, दोनों राज्यों के अधिकारियों के बीच वर्ष 2021 के दिसंबर से लेकर जनवरी 2022 कई बैठकें हुई हैं. उल्लेखनीय है कि इससे पहले अप्रैल 2023 में शराब घोटाले को लेकर आईएएस विनय चौबे और कर्ण सत्यार्थी ने ईडी के रायपुर कार्यालय में अपना बयान दर्ज कराया था.

# पांच दिवसीय पी.एल.वी. प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ



**कोयलांचल संवाद संवाददाता, रांचीः** जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची के अंतर्गत 40 कोर्ट बिल्डिंग व्यवहार न्यायालय, रांची के सभागार में नव चयनित पारा लीगल वॉलिन्टियर का पांच दिवसीय ऑरिएंटेशन एवं इंडक्सन ट्रेनिंग प्रोग्राम का शुभारम्भ किया गया, जिसमें 164 ट्रेनी पी.एल.वी. को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय रांची श्री सैयद सलीम फातमी, अपर न्यायायुक्त श्री आनंद प्रकाश, अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश II, अतिरिक्त कुटुंब न्यायालय रांची , श्री राजेश कुमार सिंह, द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। उदघाटन सत्र मे सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची श्री कमलेश बेहरा ,निबंधक व्यवहार न्यायालय रांची श्री प्रशांत वर्मा, लीगल एड डिफेंस काउंसिल चीफ श्री प्रवीण कुमार श्रीवास्तव उपस्थित रहे। उद्घाटन सत्र में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची श्री कमलेश बेहरा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। उदघाटन सत्र में प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय रांची श्री सैयद सलीम फातमी ने पी.एल. वी को उनके कर्तव्य एवं उनके कार्य क्षेत्र के बारे में बताया और कहा कि पी.एल. वी अगले पांच दिनों तक पूरी मेहनत और लगन के साथ ट्रेनिंग ले, ताकि वे क्षेत्र में जाकर प्रभावी ढंग से कार्य कर सके और पीड़ितो को उचित विधिक सहायता प्रदान कर सकें। अपर न्यायायुक्त श्री अमित शेखर ने पीएलबी को मेहनत और लगन से कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया और कहा कि आज के समय में पीएलबी विधिक सेवा संस्थान की रीढ बन चुके हैं ,इस पांच दिन के प्रशिक्षण कार्यक्रम में बहुत कुछ बताया जाएगा जिसको अच्छी तरह से समझ कर गांव में समाज में लोगों को जागरूक करना है,और लाभ पहुंचना है। अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश II,अतिरिक्त कुटुंब न्यायालय रांची , श्री राजेश कुमार सिंह ने पी.एल.वी को बताया कि उनका कार्य बहुत ही महत्वपूर्ण है क्योंकि वे समाज के दबे-कुचले, पीड़ित एवं असहाय वर्ग के लोगों के साथ काम करना हैं। इसीलिए उन्हें संवेदनशील होने की भी जरूरत है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची के सचिव, कमलेश बेहरा ने पी.एल. वी को विस्तार से उनके कार्यक्षेत्र के बारे में बताया और वर्तमान में झालसा द्वारा चलायी जा रही विभिन्न लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी तथा नालसा द्वारा आनेवाली आगामी योजनाओं को भी विस्तार से बताया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में अगले पांच दिनों तक पी.एल.वी को उनके कर्त्तव्यों, कार्यक्षेत्र के अतिरिक्त विभिन्न कानूनों की जानकारी दी जायेगी तथा साथ ही सरकार की विभिन्न लाभकारी योजनओं के बारे में भी विस्तृत जानकारी प्रदान की जायेगी। प्रवीन कुमार श्रीवास्तव ने समुदाय के प्रति एक जिम्मेदार नागरिक के कर्तव्य (मौलिक कर्तव्य)। अनुच्छेद 39 ए और विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 और नालसा विनियम। पीएलवी के लिए क्या करें और क्या न करें। ड्रेस कोड आचरण और भारतीय संविधान की प्रस्तावना एवं अन्य प्रावधानों की जानकारी दी।

# स्वास्थ्य व्यवस्था को मज़बूत बनाने में फ़ार्मासिस्टों की भूमिका बहुत अहमः पारस हॉस्पिटल




**कोयलांचल संवाद संवाददाता, रांचीः** फ़ार्मासिस्टों के योगदान को सराहने के लिए हर साल 25 सितंबर को विश्व फ़ार्मासिस्ट दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य चिकित्सा के क्षेत्र में फार्मासिस्टों की भूमिका का सम्मान करना है। इस वर्ष भी 25 सितंबर को विश्व फ़ार्मासिस्ट दिवस मनाया जायेगा। वर्ष 2024 का थीम " फार्मासिस्टः वैश्विक स्वास्थ्य आवश्यकताओं की पूर्ति " है। धुर्वा स्थित पारस एचईसी अस्पताल के फैसिलिटी निदेशक डॉ नीतेश कुमार ने कहा कि विश्व फ़ार्मासिस्ट दिवस पर स्वास्थ्य व्यवस्था को मज़बूत बनाने में फ़ार्मासिस्टों की भूमिका बहुत अहम होती है। फार्मासिस्ट का मतलब दवा की *सप्लाई चैन* सिस्टम को मजबूत करना है। मरीजों को सही दवा और सही डोज़ देना फ़ार्मासिस्टों का ही काम होता है। फ़ार्मासिस्ट, दवाओं के बारे में सबसे ज़्यादा जानते हैं। फ़ार्मासिस्ट, मरीज़ों को दवाएं लेने के बारे में सलाह देते हैं और दवाओं के संभावित दुष्प्रभावों के बारे में चेतावनी देते हैं। फ़ार्मासिस्ट, दवाओं के गुणवत्ता नियंत्रण में भी अहम भूमिका निभाते हैं। फ़ार्मासिस्ट, दवाओं के उत्पादन और वितरण में अहम भूमिका निभाते हैं। फ़ार्मासिस्ट, सरकारी और प्राइवेट दोनों तरह के अस्पतालों में काम कर सकते हैं। फ़ार्मासिस्ट, दवा कंपनियों में मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव या ड्रग एंड फ़ॉर्मूला इंस्ट्रक्टर के तौर पर भी काम कर सकते हैं। मरीजों को सही दवा देना और उन्हें डोज की सही जानकारी देना फार्मासिस्ट का ही काम होता है। इसलिए जरूरी है कि फार्मासिस्ट अपनी भूमिका को समझते हुए गंभीरता अपनी जिम्मेवारी का निर्वहन करें, ताकि समाज को उसका समुचित लाभ मिल सके। अंतराष्ट्रीय फार्मास्यूटिकल फेडरेशन की स्थापना 1912 में 25 सितंबर के दिन ही हुई थी। डॉ नीतेश कुमार ने कहा कि पारस हॉस्पिटल एचइसी में हर साल विश्व फार्मासिस्ट दिवस मनाया जाता है। स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में फार्मासिस्ट की भूमिका सर्वोपरि होती है। फ़ार्मासिस्ट के उपर अस्पताल की बहुत ज़िम्मेवारी होती है। एक फार्मासिस्ट लोगों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए अपने सभी कर्तव्य करता है, जिसमें दवा की सही पहचान, उसकी रीस्टॉकिंग, एक्सपायरी डेट और दवाओं की उपलब्धता आदि शामिल है, ताकि किसी भी व्यक्ति के स्वास्थ्य पर इसका कोई गलत प्रभाव न पड़े।

## आदिम जनजाति बिरहोर के दो लोगों की मौत मामले में भारत सरकार और डीजीपी से शिकायत

रांची : आदिम जनजाति बिरहोर समुदाय के दो लोगों की मौत मामले में भारत सरकार और डीजीपी से शिकायत की गयी है. यह मामला हजारीबाग जिले के केरेडारी प्रखंड स्थित एनटीपीसी के चट्टी बरियातू कोल परियोजना की है. जहां नियुक्त माइन डेवलपर और ऑपरेटर रित्विक के माध्यम से पगार गांव के बिरहोर बस्ती के समीप किये जा रहे खनन कार्य के दुष्प्रभाव से अनुसूचित जनजाति की नाबालिक किरणी बिरहोर और बहादुर उर्फ दुर्गा बिरहोर की मौत हो गयी. इस मामले में मधु कोड़ा मंत्रिमंडल के मंत्रियों को जेल भिजवाने वाले झारखंड के पीआईएल मैन दुर्गा मुंडा ने भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय और डीजीपी को पत्र लिखकर शिकायत की है. उन्होंने अपने पत्र के माध्यम से दोषियों पर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है. दुर्गा मुंडा ने एनटीपीसी और उसके एमडीओ रित्विक के अलावा स्थानीय प्रशासन की भूमिका को संदेहास्पद बताते हुए जिला खनन पदाधिकारी, क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड हजारीबाग के क्षेत्रीय पदाधिकारी, केरेडारी अंचलाधिकारी व थाना प्रभारी पर कार्रवाई के लिए कहा है. दुर्गा मुंडा ने आदिम जनजाति की किरणी बिरहोर और बहादुर उर्फ दुर्गा बिरहोर की मौत मामले में अनुमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में गठित पांच सदस्यीय जांच दल का हवाला देते हुए जिला प्रशासन पर गंभीर सवाल खड़े किये हैं. रिपोर्ट के अनुसार, एनटीपीसी द्वारा खनन कार्य बिरहोर टोला, पगार से सटे हुए क्षेत्र में किया जा रहा है. इस क्षेत्र में खनन और परिवहन का कार्य होने के कारण बहुत अधिक धूलकण हवा में मौजूद है, जिससे प्रदूषण की गंभीर समस्या उत्पन्न हुई है और पगार बिरहोर टोला के निवासियों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है. प्रदूषण के कारण स्वांस सहित अन्य बीमारियों की संभावना बनी हुई है. साथ ही माइनिंग करने के लिए विस्फोट किया जाता है, जिसके कारण कोई भी बड़ी दुर्घटना घट सकती है. जांच दल ने जांच रिपोर्ट के मंतव्य में यह लिखा है कि जब तक बिरहोर परिवारों का पगार बिरहोर टोला से अन्यत्र आवासित नहीं किया जाता है, तब तक बिरहोर टोला के आसपास माइनिंग का कार्य करना सही नहीं है. इसके बावजूद अब तक यहां खनन कार्य किया जा रहा है. इस परिस्तिथि में लोगों की हुई मौत के बाद भी दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 (सीआरपीसी) की धारा 174(3) के तहत पोस्टमार्टम नहीं किया जाना मौत के कारणों को छिपाने और दोषियों को बचाने के लिए किया जाना बताया है.

## सी एम उत्कृष्ट विधालयों में उर्दू शिक्षकों के पदस्थापन में रिक्ति का नहीं रखा गया ख्याल : उर्दू शिक्षक संघ

**कोयलांचल संवाद संवाददाता, रांचीः** झारखंड राज्य उर्दू शिक्षक संघ के केंद्रीय महासचिव अमीन अहमद ने जानकारी देते हुए कहा कि शिक्षा विभाग द्वारा राज्य के 80 सी एम उत्कृष्ट विद्यालयों तथा 305 आदर्श विद्यालयों में विभिन्न विषयों के शिक्षकों के पदस्थापन / प्रतिनियोजन हेतु राज्य के सरकारी शिक्षकों से ई विद्यावाहिनी एप के माध्यम से आवेदन मांगा गया था, जिसके विरुद्ध उर्दू विषय के 77 शिक्षकों ने आवेदन दिया था। विभाग द्वारा इन सभी शिक्षकों को 25 जुलाई 2024 को झारखंड अधिविद्य परिषद, रांची के सभागार में ओरिएंटेशन सह आकलन के लिए चयनित शिक्षकों को बुला कर एक ऑनलाईन परीक्षा लिया गया। इस परीक्षा में अनुपस्थित शिक्षकों के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही करने की बात कही गई और उनको पुनः बुला कर ऑनलाईन परीक्षा लिया गया। पत्रांक 2457 दिनांक 23/08/2024 के माध्यम से 37 उर्दू शिक्षकों को मेरिट लिस्ट में स्थान देते हुए दिनांक 30/08/2024 को केंद्रीकृत कॉउंसेलिंग के लिए झारखंड अधिविद्य परिषद, रांची के सभागार में बुलाया गया जिसमें सभी 37 शिक्षक उपस्थति हुए। परंतु कॉउंसेलिंग के दिन शिक्षकों को बताया गया कि उर्दू विषय के लिए रिक्ति केवल 01 है जिसे पहले रैंक वाले शिक्षक को दे दिया गया है। संघ के महासचिव अमीन अहमद ने शिक्षा विभाग से सवाल करते हुए कहा कि अचानक रिक्तियों की संख्या विभाग द्वारा क्यों परिवर्तित कर दी गईं. इस संदर्भ में झारखंड राज्य उर्दू शिक्षक संघ का एक शिष्टमंडल राज्य के विभिन्न जिला से आये टी जी टी उर्दू शिक्षकों के साथ राज्य के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री माननीय हफीजुल हसन अंसारी साहब से मिलकर जानकारी दी गई। उन्होंने मामले को त्वरित रूप से संज्ञान में लेते हुए शिक्षा सचिव को लिखित आवेदन पर कारवाई हेतु अनुशंसा की है। माननीय मंत्री महोदय से मिलने वालों में संघ के केंद्रीय महासचिव अमीन अहमद, मो० जलालउद्दीन, मो० फखरूद्दीन, शमसुल होदा, मो० अज़मतुल्ला, अब्दुल जलील, सफदर रब्बानी, अंजारूल हक़, फहमिदा नाज़, नौशाद आलम, मो० सब्बीर अली, सीमा नाज़, प्रवक्ता शहज़ाद अनवर मुख्य रूप से शामिल थे। संघ ने कहा कि अगर शिक्षा विभाग द्वारा मामले का निराकरण नहीं हुआ तो माननीय मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री एवं उच्च पदस्थ शिक्षा अधिकारियों के समक्ष मामले को रखा जायेगा।

## भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी में याद किए गए पूर्व राष्ट्रीय महासचिव कामरेड एबी वर्धन




**कोयलांचल संवाद संवाददाता, रांचीः** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी रांची राज्य कार्यालय में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव कॉमरेड एबी वर्धन के 100 वा जन्मदिन के अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व सांसद वनेश्वर प्रसाद मेहता, राज्य सचिव महेंद्र पाठक, राज्य कार्यकारिणी के सदस्य लखनलाल महतो, अखिल भारतीय किसान सभा के बरीय उपाध्यक्ष जैनेंद्र कुमार भंते, जिला सचिव अजय कुमार सिंह उपस्थित थे। नेताओं ने कहा की कामरेड वर्धन पूरे जीवन किसान मजदूर छात्र नौजवान के हक एवं अधिकार के लिए पूरे जीवन को समर्पित कर दिया, 2 जनवरी 2016 को उनका निधन हो गया था, आज पूरे देश में उनका जन्मदिन मनाया जा रहा है, उनके बताएं रास्ते पर चलकर पार्टी को मजबूत बनाने के लिए संकल्प लिया गया, वर्धन को झारखंड से काफी लगाव रहा, झारखंड के जल जंगल जमीन की लड़ाई करने के लिए जयपाल सिंह मुंडा के नेतृत्व में आदिवासी महासभा का गठन किया गया था, आज जब देश में सांप्रदायिक शक्तियां सर उठाकर बोल रही है तो वर्धन जैसा मार्क्सवादी चिंतक की जरूरत महसूस होने लगा है। कामरेड वर्धन वामपंथ के बड़े नेताओं में से एक थे, उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सभा में पूर्व सांसद भुवनेश्वर मेहता राज्य सचिव महेंद्र पाठक लखन लाल महतो जैनेंद्र कुमार भंते अजय कुमार सिंह मनोज ठाकुर किरण कुमारी अजहर हुसैन डॉ जितेंद्र कुमार राम कृत सिंह शाहीत कई लोग मौजूद थे।

## चेक बाउंस केस में शुभम की सजा बरकरार

रांची : रांची सिविल कोर्ट के प्रधान न्यायायुक्त दिवाकर पांडे की अदालत ने चेक बाउंस केस में सजायाफ्ता शुभम कुमार उर्फ शुभम गिरि की सजा को बरकरार रखा है. कोर्ट ने निचली अदालत के आदेश के खिलाफ दाखिल उसकी क्रिमिनल अपील को अदालत ने खारिज कर दिया है. शुभम गिरि को प्रथम श्रेणी के न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत ने इसी वर्ष 2 जुलाई को चेक बाउंस के आरोप में एक साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई थी. साथ ही 3.90 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया था. शुभम ने विशाल इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर अमित कुमार मुंजल की दुकान से अक्टूबर 2017 में 3.80 लाख का सामान लिया था. इसके एवज में भुगतान के लिए उसे चेक दिया था, जो बाउंस कर गया था. जिसके बाद फरवरी 2018 में कोर्ट में मुकदमा किया गया था.

## शिवराज ने हेमंत पर कसा तंज, कहा – चंपाई सोरेन के सुरक्षा वाहन छीन ली



रांचीः केंद्रीय मंत्री सह झारखंड बीजेपी के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने सीएम हेमंत सोरेन पर तंज कसा है. मीडिया से बातचीत में कहा कि मेरी तो आपत्ति इसपर है कि चंपाई सोरेन, जो मुख्यमंत्री के पिताजी के साथी थे, उन्हें अपमानित किया गया. बाद में जब चंपाई सोरेन अपने आप को अपमानित महसूस किया तो झारखंड की जनता के लिए पार्टी छोड़ी. इतनी घटिया मानसिकता मैंने नहीं देखी कि उनकी सुरक्षा की गाड़ियां छीन ली गई. पद आते हैं, जाते हैं, कोई बनता है कोई नहीं बनता. लेकिन सामान्य शिष्टाचार दिखाना चाहिए.

### किसी भी राज्य में ऐसा नहीं हुआ

शिवराज ने कहा कि कभी किसी राज्य में ऐसा नहीं हुआ कि एक्स सीएम की सुरक्षा की गाड़ियां चिढ़कर छीन ली गई हों. ये उनकी निकृष्ट मानसिकता को दर्शाता है, ये घटिया सोच है. लेकिन चंपाई सोरेन भी टाइगर है, वो गीदड़ भभकियों में नहीं आने वाले, कम से कम चंपाई सोरेन की जिंदगी से तो खिलवाड़ न करें.

## रांची हेमंत का हिमंता बिस्वा को पत्र, असम में झारखंड मूल के आदिवासियों को एसटी का दर्जा देने की मांग

रांची : झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा को पत्र लिखा है. इस पत्र के जरिये उन्होंने असम के चाय बगानों में काम करने गये झारखंड के आदिवासियों को अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा देने की मांग की है. हेमंत सोरेन ने अपने पत्र में लिखा है कि झारखंड, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ और ओडिशा में चाय-जनजातियों के अधिकांश आदिवासी जातीय समूहों को अनुसूचित जनजातियों के रूप में मान्यता प्राप्त है. लेकिन असम में चाय-जनजाति समूहों जिनकी जनसंख्या 70 लाख है, को एसटी के बजाय अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) का दर्जा दिया है. इसकी वजह से चाय-जनजाति के लोग अनुसूचित जनजातियों को मिलने वाले सरकारी लाभों और सुरक्षा से वंचित रह जाते हैं. सीएम ने लिखा कि चाय-जनजाति समूह एसटी दर्जे के लिए मानदंड को पूरा करते हैं, जिसमें उनकी विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान, पारंपरिक जीवन शैली और शोषण के प्रति संवेदनशीलता शामिल है. अतः उनको एसटी का दर्जा मिलना चाहिए.

### चाय-जनजातियों की अर्थव्यवस्था-संस्कृति में महत्वपूर्ण योगदान, फिर भी ये हाशिए पर

हेमंत सोरेन ने अपने पत्र में लिखा कि मैं असम में चाय जनजातियों के सामने आने वाली महत्वपूर्ण चुनौतियों से अच्छी तरह वाकिफ हूं. क्योंकि उनमें से ज्यादातर झारखंड की मूल जनजातियां हैं, जिनमें संथाली, कुरुख , मुंडा, ओरांव और अन्य शामिल हैं. इनके पूर्वज औपनिवेशिक शासन के दौरान चाय बागानों में काम करने के लिए पलायन कर गये थे. सीएम ने असम में चाय-जनजातियों की दुर्दशा पर गहरी चिंता जताते हुए लिखा कि असम की अर्थव्यवस्था और संस्कृति में उनके महत्वपूर्ण योगदान के बावजूद उन्हें हाशिए पर रखा गया है. उनको अनुसूचित जनजातियों को मिलने वाले लाभ और सुरक्षा से वंचित रखा गया है. उन्होंने असम के सीएम से मांग की कि असम की चाय जनजातियों को एसटी का दर्जा दिया जाये.

### चाय-जनजाति के लोग इन सरकारी लाभों से हैं वंचित

सीएम हेमंत सोरेन ने हिमंता बिस्व सरमा को अपने पत्र में गिनवाया कि असम की चाय जनजातियां को एसटी का दर्जा नहीं देने पर किन महत्वपूर्ण सरकारी लाभों और अवसरों से वंचित रहना पड़ता है.

**केंद्र सरकार की योजनाएं :** कई केंद्र सरकार की योजनाएं जो विशेष रूप से एसटी के लिए बनायी गयी हैं, जैसे कि पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना, आदिवासी विकास सहकारी समितियां (टीडीसीएस) योजना और राष्ट्रीय आदिवासी स्वास्थ्य मिशन, चाय जनजातियों के लिए सुलभ नहीं हैं. गैर-एसटी के रूप में, ये आदिवासी कई सरकारी योजनाओं के लिए अपात्र हैं. हाशिए पर पड़े समुदायों के उत्थान के लिए बनाये गये कार्यक्रम और योजनाएं. इसमें शैक्षिक छात्रवृत्तियाँ, आवास सब्सिडी और स्वास्थ्य सेवा सुविधाएं शामिल हैं.

**राज्य स्तरीय पहल :** असम में अनुसूचित जनजातियों के विकास के उद्देश्य से कई राज्य स्तरीय कार्यक्रम और पहल हैं. ये कार्यक्रम, जो अक्सर वित्तीय सहायता, बुनियादी ढांचे के विकास और शैक्षिक अवसर प्रदान करते हैं, चाय जनजातियों के लिए उपलब्ध नहीं हैं.

**आरक्षण लाभ :** सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में ओबीसी की तुलना में एसटी को आरक्षण का प्रतिशत अधिक है. इसका मतलब यह है कि चाय जनजातियों को सीमित सीटों और अवसरों के लिए अधिक प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ता है.

**आदिवासी विकास प्राधिकरण :** अनुसूचित जनजातियों के पास समर्पित आदिवासी विकास प्राधिकरण हैं जो उनके उत्थान की दिशा में काम करते हैं. ये प्राधिकरण शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और आजीविका सहायता सहित विभिन्न सेवाएँ प्रदान करते हैं. चाय जनजातियों में ऐसे समर्पित सहायता ढांचों का अभाव है.

**सामाजिक और सांस्कृतिक मान्यता :** एसटी का दर्जा अपने साथ एक निश्चित स्तर की सामाजिक और सांस्कृतिक मान्यता लेकर आता है. यह इन समुदायों की विशिष्ट पहचान और परंपराओं को संरक्षित और बढ़ावा देने में मदद करता है. ओबीसी के रूप में, चाय जनजातियों को समान स्तर की मान्यता और समर्थन नहीं मिल सकता है. अपने पैतृक मातृभूमि से दूर रहने के कारण, इन जनजातियों को अपनी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है. यह विभिन्न रूपों में प्रकट हो सकता है, जैसे भूमि अधिकारों से वंचित होना, रोजगार के अवसरों तक सीमित पहुंच और पारस्परिक संबंधों में पूर्वाग्रह. इसमें पारंपरिक प्रथाओं, भाषाओं और सामाजिक संरचनाओं को बनाये रखने में कठिनाइयां शामिल हो सकती हैं.

**आर्थिक शोषण :** चाय बागान श्रमिकों के रूप में, इन आदिवासियों को शोषणकारी श्रम प्रथाओं का सामना करना पड़ सकता है, जिसमें कम मजदूरी, लंबे समय तक काम करना और असुरक्षित कार्य स्थितियां शामिल हैं.

**प्रतिनिधित्व की कमी :** उनकी गैर-एसटी स्थिति उनके राजनीतिक प्रतिनिधित्व और वकालत में बाधा डाल सकती है. इससे उनकी शिकायतों को दूर करने और अपने अधिकारों को सुरक्षित करने की उनकी क्षमता सीमित हो सकती है.

## हुरुन इंडिया अंडर-35 लिस्ट में ईशा-आकाश अंबानी:शेयरचैट के अंकुश सचदेवा सबसे कम उम्र के इंडिविजुअल आंत्रप्रेन्योर

मुंबई: ईशा अंबानी और परिता पारेख को '2024 हुरुन इंडिया अंडर 35' की पहली लिस्ट में सबसे कम उम्र की महिला के



रूप में शामिल किया गया है। ईशा रिलायंस रिटेल की नॉन-एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर और मुकेश अंबानी की बेटी हैं। परिता पारेख टीचिंग एंड लर्निंग प्लेटफॉर्म टॉडल की फाउंडर हैं। गुरुवार, 26 सितंबर को जारी इस लिस्ट में फिजिक्स वाला के फाउंडर और टीचर अलख पांडे भी शामिल हैं। शेयरचैट के अंकुश सचदेवा और रिलायंस जियो के आकाश अंबानी को सबसे कम उम्र के इंडिविजुअल आंत्रप्रेन्योर के तौर पर शामिल किया गया है। इनकी उम्र 31 साल है। हुरुन इंडिया की इस रिपोर्ट में शामिल 82% आंत्रप्रेन्योर सेल्फमेड हैं।

### लिस्ट में 35 साल के कम उम्र की 7 महिलाएं

- लिस्ट में अनेरी पटेल, अनीशा तिवारी और अंजलि मर्चेंट समेत 7 अन्य महिला आंत्रप्रेन्योर शामिल हैं, जिनकी उम्र 33 या 34 साल है। वे अपने फैमिली बिजनेस को जारी रखने वाली वुमन लीडर्स में टॉप पर हैं।
- ट्राया हेल्थ की मालकिन 34 साल की सलोनी आनंद भी लिस्ट में हैं। ट्राया हेयर केयर सेक्टर में बिजनेस करती है। मामा अर्थ की ओनर गजल अलघ का भी नाम लिस्ट में है।
- बेंगलुरु से सबसे ज्यादा 29 और मुंबई से 26 लोग हैं।
- फाइनेंस सेक्टर से सबसे ज्यादा 21 और सॉफ्टवेयर और सर्विस सेक्टर से 14 आंत्रप्रेन्योर हैं।
- भारत के स्टार्टअप सर्विस सेक्टर से जुड़े 59% आंत्रप्रेन्योर का नाम है।

## जुकरबर्ग दुनिया के तीसरे सबसे अमीर इंसान बने, मस्क व बेजोस टॉप पर

नई दिल्ली,(ईएमएस)। दुनिया की करीब आठ बिलियन की आबादी में कुल 2,781 लोग अरबपति हैं और इनसे ज़्यादा अमीर लोगों की सूची में से सिर्फ़ तीन ही ऐसे लोग हैं जिनकी कुल संपत्ति 200 बिलियन डॉलर के बराबर या उससे भी ज़्यादा है। मेटा प्लेटफॉर्म्स के को-फाउंडर और सीईओ मार्क जुकरबर्ग भी 200 बिलियन डॉलर नेटवर्थ के साथ सबसे अमीर अरबपतियों के क्लब में शामिल हो गए हैं। टेस्ला के चीफ एलन मस्क और अमेजन के फाउंडर जेफ बेजोस पहले से इस क्लब में शामिल हैं। लुईस वुटिटोन के चेयरमैन बर्नार्ड अरनॉल्ट 200 बिलियन डॉलर की संपत्ति के क्लब में शामिल होने से कुछ ही दूरी पर है। बर्नार्ड अरनॉल्ट के पास 183 बिलियन डॉलर की संपत्ति है। डेटाबेस कंपनी ओराकल के लैरी एल्लीसन भी 200 बिलियन डॉलर नेटवर्थ के आसपास ही हैं और उनके पास 189 बिलियन डॉलर की संपत्ति है। बर्नार्ड अरनॉल्ट की संपत्ति में इस साल 24.2 बिलियन डॉलर की कमी आई है जबकि लैरी एल्लीसन के नेटवर्थ में 55.6 बिलियन डॉलर का उछाल आया है। ब्लूमबर्ग बिलियनायर इंडेक्स के मुताबिक भारत के सबसे अमीर उद्योगपति मुकेश अंबानी के पास 113 बिलियन डॉलर की संपत्ति है।

## मानहानि मामले में सांसद संजय राउत को पहले मिली जेल फिर मिली बेल

मुंबई, (ईएमएस)। मानहानि मामले में शिवसेना (ठाकरे) सांसद संजय राउत को कोर्ट जमानत मिल गई है. मुंबई की मझगांव मेट्रोपोलिटिन मैजिस्ट्रेट कोर्ट ने राउत को जमानत दी है. आपको बता दें कि भाजपा के वरिष्ठ नेता किरीट सोमैया की पत्नी मेधा सोमैया ने संजय राउत पर मानहानि का मुकदमा किया था. इस मामले में मुंबई की एक अदालत ने गुरुवार को शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत को 15 दिन के साधारण कारावास की सजा तथा 25 हजार का जुर्माना की सजा सुनाई थी. मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट (शिवड़ीअदालत) ने राज्यसभा सदस्य राउत को भारतीय दंड संहिता की धारा 500 के तहत दोषी ठहराया और 15 दिन के साधारण कारावास की सजा एवं उन पर 25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया. दरअसल मेधा सोमैया ने वकील विवेकानंद गुप्ता के माध्यम से दायर अपनी शिकायत में आरोप लगाया था कि राउत ने उनके और उनके पति के खिलाफ निराधार और पूरी तरह से मानहानिकारक आरोप लगाए. उन्होंने कहा कि राउत ने उन पर मीरा-भायंदर महानगरपालिका क्षेत्र में कुछ सार्वजनिक शौचालयों के निर्माण और रखरखाव पर 100 करोड़ रुपये के घोटाले में शामिल होने का आरोप लगाया. शिकायत में कहा गया था कि, आरोपी द्वारा मीडिया को दिए गए बयान अपने आप में मानहानिकारक हैं. ये बयान आम जनता की नजर में मेरे चरित्र को खराब करने के लिए दिए गए हैं.

## महात्मा गांधी, पीएम मोदी, योगी की आपत्तिजनक रील बनाने वालों पर मामला दर्ज

लखनऊ,(ईएमएस)। यूपी के बलिया जिले में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम योगी आदित्यनाथ की आपत्तिजनक रील बनाकर उसे सोशल मीडिया पर वायरल करने वाले अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार झा ने बताया कि इस संबंध में पुलिस मीडिया प्रकोष्ठ के प्रभारी प्रवीण सिंह की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ आईटी एक्ट की सुसंगत धारा में मामला दर्ज किया गया है। झा ने बताया कि मामले की जांच जारी है। ये वीडियो मंगलवार को तब सामने आया था जब एक्स यूजर नेहा सिंह राठौर ने इसे शेयर किया। नेहा सिंह राठौर खुद को राष्ट्रवादी, सामाजिक कार्यकर्ता और पब्लिक स्पीकर बताती हैं। उन्होंने इन वीडियो की निंदा करते हुए सवाल उठाया कि आखिर इन्हें बनाने के पीछे मकसद क्या है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## फियो एक्ट: ईडी ने यूपी में किया शाइन सिटी संचालक पर पहला मामला दर्ज

लखनऊ,(ईएमएस)। निवेशकों से ठगी करने के बाद देश छोड़कर दुबई में रह रहे शाइन सिटी के संचालक राशिद नसीम के खिलाफ ईडी ने फ्यूजिटिव इकॉनमिक ऑफेंडर्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। इस एक्ट के तहत दर्ज किया गया यह यूपी का पहला मामला है। उद्योगपति विजय माल्या और हीरा कारोबारी नीरव मोदी समेत देश के 14 भगोड़े अपराधियों के खिलाफ भी इस एक्ट के तहत मामले दर्ज किए जा चुके हैं। ये सभी भारत छोड़कर विदेश भाग गए हैं। राशिद दुबई में रहकर भी यूपी में ठगी का धंधा चला रहा है। ईडी ने हाल ही में उसके कई करीबियों को गिरफ्तार कर 190 करोड़ रुपए की संपत्तियां जब्त की थीं। यह पहली बार है कि फियो को यूपी में किसी आर्थिक अपराधी के खिलाफ लागू किया गया है। यह एक्ट 2002 के प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत गठित किसी भी विशेष अदालत को 100 करोड़ से ज्यादा के अपराधों में आरोपित आर्थिक अपराधियों की सभी संपत्तियों और परिसंपत्तियों को जब्त करने की शक्ति प्रदान करता है, जो न्यायालयों के अधिकार क्षेत्र से बाहर रहकर अभियोग से बच रहे हैं।

# राहुल बोले- अग्निवीर बना पेंशन-शहीद का दर्जा छीना:सेक्शुअल हैरेसमेंट करने वालों को बचाया; हरियाणा की जनता की जेब में डायरेक्ट पैसे डालेंगे

**हिसार/करनाल:** हरियाणा की 90 विधानसभा सीटों पर चुनाव को लेकर राहुल गांधी ने गुरुवार को असंध और बरवाला में रैली की। असंध में राहुल गांधी ने कहा भाजपा ने एथलीट्स खत्म कर दिए। महिला पहलवानों से सेक्शुअल हैरेसमेंट करने वालों को बचाया। बरवाला में कांग्रेस नेता ने कहा- अग्निवीर स्कीम लाकर जवानों से पेंशन और शहीद का दर्जा छीन लिया गया। राम मंदिर बनाया लेकिन आदिवासियों को नहीं घुसने देते। राहुल ने कहा- मोदी जी का चेहरा देखा है। पहले 56 इंच की छाती हुआ करती थी। अब कहते हैं नॉन बायोलॉजिकल हूं, मेरा भगवान से सीधा रिश्ता है। घबरा गए हैं, तभी उल्टी सीधी बात बोल रहे हैं।

राहुल ने हरियाणा में क्लीन स्वीप का दावा करते हुए कहा कि वे हरियाणा की जनता की जेब में डायरेक्ट पैसा डालेंगे। करनाल रैली में राहुल गांधी भूपेंद्र हुड्डा और कुमारी सैलजा को एक साथ मंच पर लेकर आए। टिकट बंटवारे में अनदेखी और हुड्डा समर्थकों के कथित जातिसूचक शब्द कहे जाने से सैलजा नाराज चल रहीं थीं।



### अग्निवीर बना जवानों की पेंशन और शहीद का दर्जा छीना

राहुल गांधी बोले- अग्निवीर क्या है मैं आपको बताता हूं। पहले आपको याद है वन रैंक वन पेंशन हुआ। अफसरों की जेब में पैसा गया। थोड़ा पैसा उधर गया। अडानी को हथियार खरीदवाते हैं, अब इन्हें ये भी चिंता हो गई, कि जवानों को पेंशन भी देनी है। तो ये अग्निवीर लेकर आ गए। अडानी हथियार नहीं बनाता, ये इजराइल से लेता है। इन विदेशी हथियारों पर लेवल अडानी का लगता है। अग्निवीर को न पेंशन मिलेगी, न शहीद का दर्जा मिलेगा। अब सोचो हिंदुस्तान का क्या होगा। इसका नाम सिर्फ अग्निवीर है, इसका सच्चा मतलब जवानों की पेंशन, शहीद का दर्जा छीन लिया गया है।

### मेरी छवि खराब करने पर हजारों करोड़ खर्च किए

राहुल गांधी ने कहा- आपने मेरा चेहरा मीडिया में देखा कभी। ये नहीं दिखाते। जिस दिन दिख गया तो गरीबों का सारा पैसा वापस करवा देगा। इन्होंने हजारों करोड़ रुपए मेरी छवि खराब करने में खर्च कर डाले। ये जानते हैं कि जिनका पैसा है ये वह इन्हीं को देगा।

### अंबानी-अडानी को दिया पैसा निकालकर किसानों-गरीबों को दूंगा

सबसे पहले गरीब लोगों की जेब में पैसा डालना है। मैंने लोकसभा में वायदा किया था, मैंने वायदा किया था कि हर गरीब परिवार के बैंक अकाउंट में एक लाख रुपए साल के अंदर डालेंगे। ये मैं छोड़ूंगा नहीं, आज नहीं कल। जितना पैसा इन्होंने अंबानी अडानी को दिया है उतना पैसा मैं निकालकर किसानों, गरीबों को दूंगा। अब हरियाणा की बारी है, अब हरियाणा की जनता की जेब में डायरेक्ट पैसा डालेंगे।

### काले कानून अडानी-अंबानी के लिए बनाए

ये काले कानून अडानी-अंबानी के लिए बनाए गए हैं। आपने अंबानी की शादी देखी, करोड़ों रुपए खर्च किए। कोई अमेरिका से आकर नाच रहा है, वहां सब बड़े लोग थे, गरीब किसान नहीं दिखा। इसलिए अवधेश ने इन्हें पटका है। जो अयोध्या से जीता है। इन्होंने राम मंदिर बनाया, वहां आदिवासियों को घुसने नहीं देते। मजदूर को आने नहीं दिया, किसान को आने नहीं दिया। सब बड़े लोग आ गए।

### किसानों से उनका हक छीना जा रहा

यहां किसानों से उनका हक छीना जाता है। आपको अपनी फसलों का सही दाम मिलता है। अरे ये पैसा किसी न किसी की जेब में तो जा रहा है। ये सिर्फ अडानी और अंबानी की जेबों में जा रहा है। मैं नहीं चाहता हूं कि हरियाणा के बच्चों को रोना पड़े। मैं ऐसा हरियाणा नहीं चाहता हूं, मैं ऐसा नहीं चलने दूंगा। हिंदुस्तान का किसान मर जाएगा, लेकिन आंसू नहीं निकलने देता। मैं हरियाणा के किसान को जानता हूं, मैंने खेती है।

### राहुल बोले- मोदी जी का चेहरा देखा है

राहुल गांधी ने रैली में संबोधन की शुरुआत करते हुए कहा कि नॉर्मली आम तौर पर बब्बर शेर अकेला दिखता है, यहां पर हजारों टाइगर बैठे हुए हैं। मोदी जी का चेहरा देखा है आजकल। पहले 56 इंच की छाती हुआ करती थी। अब कहते हैं नॉन बायोलॉजिकल हूं, मेरा भगवान से सीधा रिश्ता है। घबरा गए हैं, तभी उल्टी सीधी बात बोल रहे हैं। आज कल यही कहते फिर रहे हैं, सब लोग बॉयोलॉजिकल, नरेंद्र मोदी नॉन बॉयोलॉजिकल।

# कोलकाता मर्डर केस, सीबीआई बोली- पुलिस ने गलत डॉक्यूमेंट्स बनाए: कुछ रिकॉर्ड्स भी बदले; घटना के 2 दिन बाद संजय के कपड़े जब्त किए

**कोलकाता:** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में 9 अगस्त को ट्रेनी डॉक्टर से रेप-मर्डर मामले की जांच कर रही सीबीआई ने नए खुलासे किए हैं। एजेंसी ने बुधवार को सियालदह कोर्ट में दावा किया कि ताला पुलिस स्टेशन में रेप-मर्डर मामले से जुड़े कुछ डॉक्यूमेंट्स गलत तरीके से बनाए और बदले गए थे। सीबीआई ने बताया कि पुलिस ने मुख्य आरोपी संजय रॉय के कपड़े और सामान जब्त करने में दो दिनों की देरी की। समय पर उनकी जांच होती तो आरोपी के खिलाफ मजबूत सबूत मिल सकते थे। एजेंसी ने पुलिस स्टेशन का सीसीटीवी फुटेज सेंट्रल फोरेंसिक साइंस लैबोरेटरी में जांच के लिए भेजा है।

सीबीआई अब संजय रॉय, मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष और ताला पुलिस स्टेशन के प्रभारी अभिजीत मंडल के बीच किसी आपराधिक साजिश की जांच कर रही है। कोर्ट ने संदीप घोष और निलंबित पुलिस अधिकारी अभिजीत मंडल की सीबीआई हिरासत 30 सितंबर तक बढ़ा दी है।



### 30 सितंबर को घोष-मंडल से नार्को और पॉलीग्राफ टेस्ट की सहमति मांगी जाएगी

30 सितंबर को अगली सुनवाई में घोष के नार्को-टेस्ट और अभिजीत मंडल के पॉलीग्राफ टेस्ट के लिए उनकी सहमति मांगी जाएगी। सीबीआई ने अभिजीत मंडल को 14 सितंबर को गिरफ्तार किया था। संदीप घोष मेडिकल कॉलेज में वित्तीय अनियमितता मामले मे 16 अगस्त से न्यायिक हिरासत में था। 2 सितंबर को सीबीआई ने उसे भ्रष्टाचार मामले में गिरफ्तार किया। उसे रेप-मर्डर मामले में 14 सितंबर को गिरफ्तार किया गया था। आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के सेमिनार हॉल में 9 अगस्त की सुबह ट्रेनी डॉक्टर का शव मिला था। वह 8 अगस्त की रात नाइट शिफ्ट के दौरान वहां आराम करने गई थी। पुलिस ने 10 अगस्त को सिविक वालंटियर संजय रॉय को सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गिरफ्तार किया गया था। वह 9 अगस्त की सुबह 4.03 बजे सेमिनार हॉल में घुसते हुए देखा गया था। कलकत्ता हाई कोर्ट ने 13 अगस्त को मामले की जांच कोलकाता पुलिस से सीबीआई को ट्रांसफर कर दिया।

### सीबीआई जांच में खुलासा- घोष ने घटना के अगले दिन रेनोवेशन का ऑर्डर दिया

5 सितंबर को सीबीआई की जांच में सामने आया कि ट्रेनी डॉक्टर के रेप-मर्डर के अगले दिन ही संदीप घोष ने सेमिनार हॉल से लगे कमरों के रेनोवेशन का ऑर्डर दिया था। 13 अगस्त को सेमिनार हॉल के पास तोड़-फोड़ भी शुरू हो गई थी। सूत्रों के मुताबिक, सीबीआई को ऐसे डॉक्यूमेंट मिले हैं, जिनमें इस बात की पुष्टि हुई है कि संदीप घोष ने 10 अगस्त को लेटर लिखकर स्टेट पब्लिक वर्क्स डिपार्टमेंट को सेमिनार हॉल से लगे कमरे और टॉयलेट का रेनोवेशन करने को कहा था। इस परमिशन लेटर पर घोष के साइन भी हैं। पीडब्ल्यूडी स्टाफ ने सेमिनार हॉल से लगे कमरे का रेनोवेशन शुरू कर दिया था। हालांकि, कॉलेज स्टूडेंट्स ने इस केस को लेकर बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया था, जिसके चलते रेनोवेशन के काम को वहीं रोक दिया गया। जांच अधिकारियों का कहना है कि रेनोवेशन लेटर से यह साफ हो रहा है कि घोष को यह काम कराने की जल्दी थी, लिहाजा यह डॉक्यूमेंट रेप-मर्डर केस और आरजी कर कॉलेज में वित्तीय गड़बड़ी के केस के बीच कड़ी जोड़ने में मदद कर सकता है।

## भारत का शुक्रयान 2028 में लॉन्च होगा: 4 साल का मिशन; यह पृथ्वी का जुड़वां ग्रह

भारत का पहला शुक्र मिशन मार्च 2028 में लॉन्च किया जाएगा। केंद्र सरकार ने 19 सितंबर को इस मिशन की मंजूरी दी। यह मिशन चार साल का होगा। वीनस यानी शुक्र ग्रह धरती से करीब 4 करोड़ किमी दूर है। वीनस को पृथ्वी का जुड़वां ग्रह भी कहा जाता है। हालांकि, यहां का दिन-रात पृथ्वी की तुलना में काफी लंबा होता है। दरअसल वीनस अपनी धुरी पर बहुत धीमे घूमता है। इसकी वजह से वीनस का एक दिन पृथ्वी के 243 दिनों के बराबर होता है।

**वीनस की स्टडी क्यों जरूरी है, इसके 3 कारण**

वीनस ग्रह को अक्सर पृथ्वी का जुड़वां कहा जाता है क्योंकि यह आकार और डेंसिटी (घनत्व) के मामले में पृथ्वी जैसा है। इसलिए, वीनस के अध्ययन से पृथ्वी के विकास को समझने में मदद मिल सकती है। माना जाता है कि वीनस पर भी कभी पानी था, लेकिन अब यह सूखा और धूल भरा ग्रह बन गया है।

**1. यहां टेंपरेचर 462 डिग्री सेल्सियस**

वीनस की सतह का तापमान लगभग 462 डिग्री सेल्सियस है। यह बुध से भी ज्यादा गर्म है, जबकि बुध सूर्य के सबसे नजदीकी ग्रह है। वीनस के ज्यादा गर्म होने की वजह ग्रीनहाउस इफेक्ट है। इसमें सूर्य की गर्मी वायुमंडल में आती है तो वहीं कैद हो जाती है और वायुमंडल से बाहर नहीं जाती। इससे ग्रह की सतह ज्यादा गर्म हो जाती है।

**2. लैंडर 2 घंटे से ज्यादा काम नहीं कर पाया**

वीनस की गर्मी के कारण यहां अब तक भेजे गए लैंडर दो घंटे से ज्यादा काम नहीं कर पाए हैं। इसके वायुमंडल का दबाव भी पृथ्वी से बहुत ज्यादा है। आसान भाषा में समझें तो, यहां इतना प्रेशर है, जितना पृथ्वी में समंदर के नीचे महसूस होता है।

**3. वीनस का एक चक्कर पृथ्वी के 243 दिनों के बराबर**

शुक्र पृथ्वी की तुलना में अपनी धुरी पर बहुत धीरे घूमता है। शुक्र का एक चक्कर लगभग पृथ्वी के 243 दिनों के बराबर होता है। वीनस अन्य ग्रहों की तुलना में अपनी धुरी पर उल्टा (पूर्व से पश्चिम) घूमता है। इसका मतलब है कि शुक्र ग्रह पर सूर्य पश्चिम में उगता है और पूर्व में अस्त होता है।

## पीएम मोदी ने दिया कार्यकर्ताओं को गुरुमंत्र... जो पोलिंग बूथ जीतता है, वहीं चुनाव जीतता

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नमो एप के द्वारा गुरुवार को हरियाणा के बीजेपी कार्यकर्ताओं से बातचीत की। हरियाणा में विधानसभा के चुनाव होने हैं। भाजपा सत्ता बचाने के लिए अपनी पूरी ताकत लगा रही है। इस दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि हरियाणा के कार्यकर्ताओं की पुरानी पीढ़ी हो या नई पीढ़ी, उनकी मेहनत और परिश्रम ने मुझे हमेशा प्रेरित किया है। इतना ही नहीं, उनका हंसमुख स्वभाव, गंभीर से गंभीर मामले को भी बेहद समझदारी से, तर्क और विनोदी लहजे में हल्के-फुल्के अंदाज में पेश करने की क्षमता...यह हरियाणा से ही सीखा जा सकता है।



पीएम मोदी ने कहा कि जो पोलिंग बूथ जीतता है, वहीं चुनाव जीतता है। यह पूरा आधार उन लोगों का झूठ है जो हमारे खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि हरियाणा की जनता ने भाजपा को फिर से सेवा करने का मौका देने का मन बना लिया है। उन्हें खुशी है कि 10 साल में बिना भ्रष्टाचार के सरकार चलाना, ये हरियाणा में पहली बार हुआ है। प्रदेश के युवाओं को बिना पर्ची, बिना खर्ची के रोजगार मिलना, ये हरियाणा में पहली बार हुआ है। इस कारण हरियाणा की जनता हमारे साथ है, उनका आशीर्वाद हमारे साथ है, विजय निश्चित है।

पीएम मोदी ने कहा कि आज कल आप देख रहे हैं, कांग्रेस के लाउडस्पीकर जो बड़े-बड़े दावे कर रहे थे, उनका करंट भी कमजोर हो चुका है। कोई कह रहा है कि कांग्रेस हर दिन कमजोर होती जा रही है और पिछले 10 साल में कांग्रेस विपक्ष के रूप में भी विफल साबित हुई है। कांग्रेस पर हमला जारी रख उन्होंने कहा कि उनका ज्यादातर समय गुटबाजी में, लड़ाई करने में, एक दूसरे का हिसाब चुकता करने में खप रहा है। जो पार्टी 10 साल तक जनता के विषयों से अलिप्त रही हो, जो अपने परिवार के लिए जी हो या अपने गुट के लिए जी हो... उन लोग हरियाणा की जनता का विश्वास कभी नहीं जीत सकते हैं।

पीएम ने कहा कि जो हमारे खिलाफ चुनाव के मैदान में हैं, उनका पूरा का पूरा आधार झूठ का है। लगातार झूठ बोलो, बार-बार झूठ बोलो, जहां जाओ झूठ बोलो, बिना सिर पैर की बातें करो।

## केजरीवाल ने भाजपा के नेता से पूछा...मेरी गिरफ्तारी से क्या मिला?

नई दिल्ली (ईएमएस)। आप प्रमुख और दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल लगातार भाजपा पर हमलावर हैं। इसी कड़ी में गुरुवार को उन्होंने भाजपा को लेकर बड़ा दावा किया। केजरीवाल ने कहा कि मैं भाजपा के वरिष्ठ नेताओं में से एक से मिला...मैंने पूछा, मेरी गिरफ्तारी से क्या मिला? उन्होंने जो कहा मैं वह सुनकर स्तब्ध रह गया। केजरीवाल के मुताबिक भाजपा नेता ने कहा कि दिल्ली सरकार पटरी से उतर गई है, दिल्ली ठप हो गई है। उनका जवाब दुखद था। मुझे चौंका दिया। केजरीवाल ने कहा कि क्या उनका इरादा मुझे गिरफ्तार करके दिल्ली सरकार को पटरी से उतारने का था? मैं दिल्ली के लोगों से कहना चाहता हूं कि वे चिंता न करें, मैं अब यहां हूं मुद्दे सुलझाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जब मैं जेल में था तब भी एक्शन मोड में था। मुख्यमंत्री आतिशी, केजरीवाल और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया सड़क की स्थिति का निरीक्षण करने के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय के उत्तरी परिसर में पहुंचे थे। दूसरी ओर दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की स्थायी समिति में एक सदस्य के चुनाव से एक दिन पहले बुधवार को आम आदमी पार्टी (आप) को तगड़ा झटका देकर आप के तीन पार्षद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गये। एमसीडी की निर्णय लेने वाली सर्वोच्च संस्था 18 सदस्यीय स्थायी समिति के एकमात्र रिक्त पद को भरने के लिए चुनाव गुरुवार को होगा।

## राजस्थान सरकार ने बनाई गांधी वाटिका, 2 अक्टूबर को जनता के लिए खुलेगी

नई दिल्ली,(ईएमएस)। राजस्थान की बीजेपी सरकार ने महात्मा गांधी की 154वीं जयंती पर 2 अक्टूबर को गांधी दर्शन संग्रहालय को जनता के लिए खोलने का फैसला लिया है। यह संग्रहालय जयपुर के सेंट्रल पार्क में बनाया गया है। यहां महात्मा गांधी के जीवन और उनके विचारों की झलक देखने को मिलेगी।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक राजस्थान सरकार ने आधिकारिक बयान में कहा कि सीएम भजनलाल शर्मा ने गांधी वाटिका के संचालन और प्रबंधन के लिए एक विशेष समिति गठित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इस समिति में पुरातत्व और संग्रहालय विशेषज्ञों के साथ-साथ पर्यटन विभाग के अनुभवी अधिकारियों की सेवाएं ली जाएंगी, ताकि वाटिका का बेहतरीन संचालन तय किया जा सके। पर्यटन, कला और संस्कृति विभाग के सचिव रवि जैन ने बताया कि इस संग्रहालय में महात्मा गांधी की जीवन यात्रा को डिजिटल और नई तकनीक के जरिए से प्रदर्शित किया जाएगा।

संग्रहालय के एक हिस्से में महात्मा गांधी के दक्षिण अफ्रीका प्रवास और भारत में ब्रिटिश शासन के आगमन की कहानी दिखाई जाएगी। दूसरे हिस्से में भारत में ब्रिटिश शासन के खिलाफ महात्मा गांधी के नेतृत्व में चलाए गए आंदोलनों को प्रदर्शित किया जाएगा, जबकि तीसरे हिस्से में बापू के साहित्य और उनके विचारों को प्रदर्शित किया जाएगा। गांधी वाटिका का संचालन और रखरखाव जयपुर विकास प्राधिकरण कर रहा है। इस संग्रहालय का निर्माण 85 करोड़ रुपए की लागत से किया गया है। यहां महात्मा गांधी के आदर्श और उनके जीवन के कई पहलुओं को प्रदर्शित किया जाएगा।

# बेंगलुरु महालक्ष्मी मर्डर केस, मुख्य आरोपी ने सुसाइड किया:ओडिशा के गांव में पेड़ पर लटकता मिला शव; डायरी में हत्या की बात कबूली

**भद्रक/बेंगलुरु:** बेंगलुरु के महालक्ष्मी मर्डर केस के मुख्य आरोपी ने ओडिशा के भद्रक जिले के गांव में बुधवार दोपहर फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। उसका शव एक पेड़ पर लटकता मिला। उसकी बाइक भी वहीं खड़ी मिली। पुलिस के मुताबिक मृतक का नाम मुक्तिरंजन रॉय है। उसके पास से एक डायरी बरामद हुई है, जिसमें उसने महालक्ष्मी के मर्डर की बात कबूली है। महालक्ष्मी और रंजन साल 2023 एक-दूसरे जानते थे और रिलेशनशिप में थे। दोनों एक ही मॉल में काम करते थे। 20 सितंबर को बेंगलुरु के व्यालिकावल इलाके में बसप्पा गार्डन के पास बने तीन मंजिला मकान में 29 साल की महालक्ष्मी की लाश मिली थी। उसके शव के 59 टुकड़े कर फ्रिज में रखे गए थे।महालक्ष्मी मल्लेश्वरम में एक कॉस्ट्यूम आउटलेट में टीम लीडर थी।



कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने भी कहा था कि संदिग्ध के ओडिशा में होने की जानकारी मिली है। आरोपी को पकड़ने के लिए टीमों का गठन किया गया है। उन्हें ओडिशा भेजा गया है। बेंगलुरु पुलिस भी आरोपी की तलाश कर रही थी।

### महालक्ष्मी 4 साल से पति को छोड़कर अकेले रहती थी

महालक्ष्मी के भाई उक्कम सिंह ने बताया था कि उनका परिवार नेपाल के कठंद राज्य के टीकापुर गांव का रहने वाला है। 30 साल पहले मम्मी-पापा काम के लिए बेंगलुरु आए और यहीं बस गए। महालक्ष्मी की शादी नेलमंगला में रहने वाले हेमंत दास से हुई थी। हेमंत मोबाइल एसेसरीज की शॉप में काम करता है। महालक्ष्मी एक मॉल में काम करती थी। उनकी 4 साल की एक बेटी भी है। महालक्ष्मी और हेमंत करीब 4 साल से अलग-अलग रह रहे थे। हालांकि, दोनों का अभी तलाक नहीं हुआ था। बेटी हेमंत के साथ रहती थी। महालक्ष्मी अक्टूबर 2023 से बसप्पा गार्डन के पास 5वीं क्रॉस पाइपलाइन रोड पर व्यालिकावल में किराए के मकान में रह रही थी।

### घर से बदबू आने पर हुआ था मर्डर का खुलासा

महालक्ष्मी के मर्डर का खुलासा तब हुआ जब उसकी बिल्डिंग में रहने वाले जीवन प्रकाश को तेज बदबू का एहसास हुआ। बदबू मकान के टॉप फ्लोर से आ रही है, जहां महालक्ष्मी रहती थी। जीवन महालक्ष्मी के दरवाजे पर पहुंचे तो बदबू इतनी बढ़ गई कि खड़ा होना मुश्किल हो गया था। दरवाजे बाहर से लॉक लगा था। जीवन ने तुरंत महालक्ष्मी के भाई उक्कम सिंह और बहन को फोन लगाया। देर रात करीब 12.30 बजे महालक्ष्मी की फैमिली पहुंची। इसके बाद दरवाजे का लॉक तोड़ा गया था। कमरे में खून बिखरा पड़ा था और जमीन पर कीड़े रेंग रहे थे। घर का सारा सामान बिखरा पड़ा था। महालक्ष्मी की मां ने फ्रिज खोला तो अंदर बेटी का कटा सिर, पैर और डेडबॉडी के 59 से ज्यादा टुकड़े थे। पुलिस ने महालक्ष्मी के परिवार को बताया था कि सीसीटीवी फुटेज में मर्डर की रात 2 लोग स्कूटी से महालक्ष्मी के घर आए थे। पुलिस ने इस मामले में अशरफ नाम के हेयर ड्रेयर से पूछताछ की थी।

### उक्कम ने पुलिस को तीन नाम बताए थे

उक्कम ने महालक्ष्मी के मैनेजर, ऑफिस के एक कलीग और एक दोस्त पर भी हत्या का शक जताया था। पुलिस ने इन्हें पकड़ा भी, लेकिन बस पूछताछ करके छोड़ा दिया था। उक्कम के मुताबिक, जांच अधिकारी ने कहा था कि उन्होंने एक आरोपी को ट्रैक कर लिया है। पुलिस को 5 लोगों पर शक था। एक आरोपी को पुलिस ने अरेस्ट कर लिया है। मुख्य आरोपी के बारे में बताया गया था कि वो ओडिशा का रहने वाला है और फरार है।

# इजरायली लड़ाकू विमानों ने 90 गांवों और कस्बों को निशाना बनाया, 51 की मौत



बेरूत(ईएमएस)। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने दावा किया है कि लेबनान में जारी इजरायली हवाई हमलों में करीब 51 लोगों की मौत हो गई जबकि 223 लोग घायल हो गए। मंत्रालय ने बुधवार को दक्षिणी और पूर्वी लेबनान में बिंट जेबिल, ऐन काना, कब्रिखा और तेबनीने सहित कई स्थानों पर हुई जनहानि की पुष्टि की। नाम न छापने की शर्त पर सैन्य सूत्रों ने बताया कि इजरायली लड़ाकू विमानों ने दक्षिणी और पूर्वी लेबनान में लगभग 90 गांवों और कस्बों को निशाना बनाया।

आधिकारिक आंकड़ों से पता चलता है कि दो दिवसीय हमलों में लेबनान में 550 से अधिक लोग मारे गए हैं और लगभग 1,800 घायल हुए हैं। शिया उग्रवादी समूह के अनुसार, मंगलवार को बेरूत के दक्षिणी उपनगरों में एक आवासीय इमारत पर इजरायली हवाई हमले में हिजबुल्लाह कमांडर इब्राहिम मोहम्मद कुबैसी और पांच अन्य मारे गए थे। दक्षिणी इजरायल पर हमास के हमले के बाद 8 अक्टूबर, 2023 से इजरायल और हिजबुल्ला के बीच सीमा पार संघर्ष जारी है।

इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने बताया कि हिजबुल्लाह ने बुधवार सुबह तेल अवीव पर सतह से सतह पर मिसाइल दागी, जिससे शहर और आस-पास के इलाकों में सायरन बजने लगे। आईडीएफ ने कहा कि उसने डेविड स्लिंग रक्षा प्रणाली का इस्तेमाल करके मिसाइल को रोक दिया, इसमें किसी के हताहत होने या किसी भी तरह के नुकसान की खबर नहीं है। सेना ने आगे कहा कि उसने दक्षिणी लेबनान के नफाखियाह में हिजबुल्लाह लांचर को ध्वस्त कर दिया। आईडीएफ ने एक बयान में कहा, उसने स्थितिगत आकलन के बाद इजरायल-लेबनान सीमा पर दो रिजर्व ग्राउंड ब्रिगेड को बुलाया है, साथ ही कहा कि सैनिकों को उत्तरी मोर्चे पर परिचालन गतिविधियों के लिए तैनात किया जाएगा। यह तैनाती हिजबुल्लाह के विरुद्ध संघर्ष को जारी रखने, इजरायल की रक्षा करने और उत्तरी इजरायल के निवासियों को उनके घरों में वापस लौटने के लिए परिस्थितियां बनाने में सक्षम करेगी। हिंसा में वृद्धि सोमवार और मंगलवार को इजरायली बमबारी के बाद आई, ये 2006 के बाद से लेबनान पर सबसे व्यापक इजरायली हमला है।

### इजरायल-हमास जंग में बर्बाद हो गया हिज्बुल्लाह.....खत्मे की ओर बढ़ रहा इजराइल

ये जंग इजरायल-हमास के बीच शुरू हुई थी। लेकिन अब जंग के एक साल पूरे होने को हैं, इस जंग में सबसे घातक प्रहार हिज्बुल्लाह झेल रहा है। इजरायल ने पिछले 10 दिनों में युद्ध का तापमान बढ़कर हिज्बुल्लाह लड़ाकों की कमर तोड़ दी है। हिज्बुल्लाह के साथ संघर्ष की गंभीरता की ओर इशारा करते हुए इजरायली रक्षा मंत्री यॉव गैलेंट ने कहा था कि अब ग्रेविटी का केंद्र उत्तर की ओर बढ़ रहा है और इजरायल इसी तरफ अपने फोर्सेज, रिसोर्सेज और ऊर्जा को ले जा रहा है। लेबनान में हिज्बुल्लाह के लड़ाकों के खिलाफ शुरू किए गए इजरायल के ऑपरेशन नॉदर्न एरोज में अब तक 585 लेबनानियों की मौत हो चुकी है। सवाल है कि ये लड़ाई इजरायल-हमास की थी। फिर इसमें हिज्बुल्लाह कैसे आ गया। दरअसल इजरायल और हिज्बुल्लाह पुराने दुश्मन रहे हैं।

7 अक्टूबर 2023 को जब हमास ने इजरायल पर अपने अब तक के सबसे घातक हमले से दुनिया को चौकाया तब हिज्बुल्लाह को एक मौका नजर आया। हिजबुल्लाह के नेता नसरल्लाह ने नवंबर में हमास के नेताओं के साथ मुलाकात की ताकि इजरायल को निर्णायक तरीके से मात देने के लिए रणनीति बना सके। इसके बाद हिज्बुल्लाह इजरायल के बॉर्डर पर लगातार फायरिंग करता आ रहा है। फायरिंग की वजह से इजरायल और लेबनानी दोनों ओर से हजारों लोग विस्थापित हुए है। रिपोर्ट के अनुसार उत्तरी इजरायल में लड़ाई के कारण 70,000 से अधिक लोग विस्थापित हो गए हैं, जबकि लेबनान की ओर 110,000 से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं।

27 जुलाई को गोलान हाइट्स में रॉकेट हमले में 12 बच्चों और युवाओं की हत्या के बाद तनाव बढ़ गया। इजरायल ने कहा कि यह हमला हिज्बुल्लाह ने किया था। अब इजरायल के बदले की बारी थी। 30 जुलाई को, आईडीएफ ने घोषणा की कि बेरूत के दक्षिणी इलाके में एक हवाई हमले में सीनियर हिज्बुल्लाह सैन्य कमांडर फुआद शुकर को मार गिराया है। अगले दिन, तेहरान में हमास के राजनीतिक नेता इस्माइल हानियेह की हत्या कर दी गई। 25 अगस्त को इजरायली आर्मी ने जेट विमानों से हिज्बुल्लाह पर फिर से हमला किया। इजरायल का दावा था कि हिज्बुल्लाह फुआद शुकर की हत्या के प्रतिशोध में हमले की तैयारी कर रहा था। हिज्बुल्लाह को 20 सितंबर को तब तगड़ा झटका लगा जब इसकी मिलिट्री के 16 टॉप कमांडर इजरायली एयर स्ट्राइक में मारे गए। इसमें इब्राहिम अकील अहमद वहाबी जैसे बड़े नाम शामिल थे।

## अरे यह क्या...न्यूयॉर्क को वाशिंगटन बताने लगे बाइडेन

वाशिंगटन (ईएमएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन की फिर कैमरे पर जुबान फिसल गई। बाइडेन शायद भूल गए कि वे न्यूयॉर्क में हैं और उन्होंने वाशिंगटन कहकर वैश्विक नेताओं का स्वागत किया। अमेरिकी राष्ट्रपति पद की दौड़ से बाहर होने के बाद भी पद के लिए अपनी मानसिक और शारीरिक फिटनेस को लेकर बाइडेन को जांच का सामना करना पड़ रहा है। न्यूयॉर्क के बार्कले होटल में राष्ट्रपति ने वैश्विक नेताओं का स्वागत करते हुए उन्हें धन्यवाद कहा। इसके साथ ही बाइडेन ने कहा कि वाशिंगटन में आपका स्वागत है। बाइडेन को फिर भी अपनी भूल का अहसास नहीं हुआ और उन्होंने अपना बयान जारी रखते हुए कहा कि रूस के आक्रमण के खिलाफ युद्ध में यूक्रेन के प्रति अमेरिकी समर्थन की पुष्टि की। कीव के लिए अपने समर्थन की पुष्टि करते हुए बाइडेन ने कहा कि 944 दिनों से पुतिन ने यूक्रेन के खिलाफ अपना क्रूर हमला जारी रखा है। न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा की वार्षिक बैठक के साथ ही ये कार्यक्रम बार्कले होटल में हुआ।

## इजराइल पर ड्रोन हमला, 1 इमारत क्षतिग्रस्त, दो घायल

येरुशलम,(ईएमएस)। दक्षिण इजराइली शहर ईलात के बंदरगाह पर बुधवार को ड्रोन हमला किया गया और दूसरे ड्रोन को रोक लिया गया। इजराइल की बचाव सेवाओं ने कहा कि इस हमले में दो लोगों को मामूली चोट आई हैं। मीडिया पर प्रसारित तस्वीरों में बंदरगाह क्षेत्र में धुएं का गुबार और कम से कम एक क्षतिग्रस्त इमारत दिखाई दे रही है। खुद को इराक में इस्लामिक रजिस्टेंस कहने वाले एक समूह ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है, जो ईरान समर्थित इराकी मिलिशिया का एक 'अम्ब्रेला' समूह है। इस समूह ने इजराइल पर हमले करने का दावा किया है। सेना ने कहा कि ड्रोनों को पूर्व दिशा की ओर से आते देखा गया था।

## पाकिस्तान में शिया-सुन्नी के बीच झड़पों में अब तक 25 की मौत, कई घायल

करांची,(ईएमएस)। पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिम क्षेत्र में भूमि विवाद को लेकर शिया और सुन्नी समुदाय के लोगों में कई दिनों से जारी झड़पों में कम से कम 25 लोगों की मौत हो चुकी है वहीं कई घायल भी हैं। मीडिया रिपोर्ट में अधिकारियों ने बताया कि अफगानिस्तान की सीमा से लगे उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के कुर्रम जिले में पिछले सप्ताह के आखिर में हुईं झड़पें जारी हैं। उन्होंने बताया कि शनिवार से झड़पों में दोनों पक्षों के कई लोग घायल हो गए। हाल के वर्षों में कुर्रम सांप्रदायिक हिंसा का केंद्र रहा है। अधिकारियों ने बताया कि वे देश के अशांत उत्तर-पश्चिम क्षेत्र में भूमि विवाद को सांप्रदायिक हिंसा में बदलने से रोकने की कोशिश कर रहे हैं। इस क्षेत्र में दोनों पक्षों के चरमपंथी समूह काफी सक्रिय हैं। प्रांतीय सरकार के प्रवक्ता बैरिस्टर सैफ अली ने कहा कि अधिकारी कबायली बुजुर्गों की मदद से तनाव को कम करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि कुर्रम में शांति वार्ता के बाद दोनों पक्ष हिंसा नहीं करने पर राजी हो गए हैं। सुन्नी बहुल पाकिस्तान की 24 करोड़ आबादी में करीब 15 फीसदी शिया मुसलमान हैं और दोनों समुदायों के बीच काफी समय से तनाव बना हुआ है। वैसे तो दोनों समुदाय के लोग देश में काफी हद तक शांतिपूर्ण ढंग से रहते हैं फिर भी कुछ इलाकों में खासकर कुर्रम जिले के कुछ ऐसे हिस्सों में उनके बीच दशकों तनाव देखा जाता है जहां शिया समुदाय का प्रभुत्व है। जुलाई में भी भूमि विवाद को लेकर दोनों पक्षों के कई लोगों की मौत हो गई थी।

## अवैध प्रवासियों की घुसपैठ को लेकर अमेरिका-मैक्सिको सीमा का दौरा करेंगी हैरिस

वाशिंगटन,(ईएमएस)। अमेरिका में राष्ट्रपति पद के चुनाव में प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप खेमे से देश के दक्षिण में असुरक्षित सीमा से अवैध प्रवासियों की बड़े पैमाने पर घुसपैठ को लेकर उपराष्ट्रपति और डेमोक्रेटिक पार्टी की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार कमला हैरिस वर्तमान स्थिति का आकलन करने अमेरिका-मैक्सिको सीमा का दौरा करेंगी।

हैरिस की चुनाव प्रचार अभियान टीम ने ऐलान किया कि उपराष्ट्रपति शुक्रवार को डगलास, एरिजोना की यात्रा करेंगी जो अमेरिका-मैक्सिको सीमा के पास है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी अभी उपलब्ध नहीं हो पाई है। इस सप्ताह के शुरुआत में राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप की चुनाव प्रचार अभियान टीम ने आरोप लगाया था कि कमला हैरिस राजनीतिक कारणों से अमेरिक-मैक्सिको सीमा की यात्रा कर रही हैं। जुलाई में राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार घोषित होने के बाद सीमाई क्षेत्र की हैरिस की यह पहली यात्रा होगी। एरिजोना से हैरिस सैन फ्रांसिस्को जाएंगी और फिर चंदा जुटाने के कार्यक्रम के लिए लॉस एंजिलिस भी जाएंगी। उनकी नेवादा जाने की भी योजना है।

## कैलिफोर्निया में मंदिर पर हमला, लिखे नफरती संदेश- हिंदुओं वापस जाओ...

वाशिंगटन,(ईएमएस)। कैलिफोर्निया में बीएपीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर को हिंदू विरोधी मैसेज लिखे गए। अमेरिका में आठ दिनों के अंदर यह दूसरी ऐसी घटना है। बीएपीएस पब्लिक अफेयर्स ने कहा कि सैक्रामेंटो में उनके मंदिर पर हिंदुओं वापस जाओ मैसेज लिखा गया है। सोशल मीडिया पोस्ट में बीएपीएस ने कहा कि हम शांति के लिए प्रार्थना करते हैं नफरत के खिलाफ एकजुट हैं। पुलिस ने कहा कि वे माथेर में बीएपीएस हिंदू मंदिर में हेट क्राइम की जांच कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आरोपियों ने पानी की लाइनें भी काट दी थीं। इससे पहले भी 16 सितंबर को न्यूयॉर्क के मेलविले में बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर के बाहर सड़क और साइनेज पर हिंदुओं के खिलाफ अपशब्द लिखे गए थे। जहां पीएम नरेंद्र मोदी ने अमेरिका यात्रा के दौरान एक कार्यक्रम को संबोधित किया था। भारतीय-अमेरिकी कांग्रेसी अमी बेरा ने हिंदू मंदिर में हुई तोड़फोड़ पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सैक्रामेंटो में धार्मिक कट्टरता और घृणा के लिए कोई जगह नहीं है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि मैं हमारे समुदाय में हुई इस बर्बरता की कड़ी निंदा करता हूं। हम सभी को असहिष्णुता के खिलाफ खड़ा होना चाहिए और यह तय करना चाहिए कि चाहे वह किसी भी धर्म का हो, सुरक्षित और सम्मानित महसूस करे। एक अन्य भारतीय-अमेरिकी कांग्रेसी रो खन्ना ने कहा कि हिंदू अमेरिकियों के खिलाफ इस तरह की नफरत और बर्बरता भयावह और नैतिक रूप से गलत है। उन्होंने कहा कि न्याय विभाग को इन घृणा अपराधों की जांच करनी चाहिए और जिम्मेदार लोगों को पूरी तरह जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए।

## समुद्री बंदर के अंडे कई वर्षों तक रह सकते हैं निष्क्रिय

लंदन (ईएमएस)। क्या आप जानते है कि समुद्री बंदर, या सी मंकी की सबसे खास बात यह है कि उनके अंडे कई वर्षों तक निष्क्रिय रह सकते हैं। इन अंडों में जब पानी डाला जाता है, तो ये तुरंत जीवित हो जाते हैं। यह प्रक्रिया क्रिप्टोबायोसिस के नाम से जानी जाती है, जो उन्हें चरम परिस्थितियों में भी जीवित रहने की क्षमता देती है। इनकी कहानी 1950 के दशक में शुरू हुई, जब इन्हें इंस्टेंट पेट के रूप में मार्केट किया गया। 1957 में, हेरोल्ड वॉन ब्रौनहुत ने इन्हें विकसित किया, जिससे ये बच्चों और वयस्कों में तेजी से लोकप्रिय हो गए। सी मंकी का जीवन चक्र भी रोचक है। जब अंडे पानी में डाले जाते हैं, तो बेजान अंडे लगभग तुरंत फूटने लगते हैं। जो छोटे जीव निकलते हैं उन्हें नॉप्लिअस लार्वा कहा जाता है, और ये 8-10 हफ्तों में पूरी तरह से विकसित वयस्क बन जाते हैं। इस दौरान, उनका बढ़ता हुआ और बदलता हुआ रूप सी मंकी को पालने वालों के लिए एक अद्भुत अनुभव होता है। समुद्री बंदरों की एक अन्य अनोखी विशेषता है उनकी श्वसन प्रक्रिया। वे अपने पैरों से सांस लेते हैं, जिसे शाखा श्वसन कहा जाता है। यह प्रक्रिया उन्हें पानी से ऑक्सीजन अवशोषित करने में मदद करती है, जो कई जलीय आर्थ्रोपोड्स में आम है। सी मंकी केवल एक आंख के साथ पैदा होते हैं, और जैसे-जैसे वे बड़े होते हैं, उनकी दो और आंखें विकसित होती हैं। यह उन्हें जानवरों की दुनिया में एक विशेष स्थान देता है। इसके अलावा, ये जीव केवल 2 इंच लंबे होते हैं, और 2-3 महीने तक जीवित रहते हैं। इनकी फोटोटैक्टिसिटी, अर्थात प्रकाश की ओर आकर्षित होना, इन्हें टैंक में प्रकाश की ओर तैरते हुए देखने का मौका देती है। यह न केवल बच्चों के लिए मनोरंजक है, बल्कि उनके लिए एक शैक्षिक अनुभव भी प्रदान करता है। इस प्रकार, सी मंकी न केवल एक पालतू जानवर हैं, बल्कि विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाने का एक माध्यम भी हैं। बता दें कि सी मंकी एक अनोखा और आकर्षक जीव है जो बच्चों और वयस्कों दोनों का ध्यान खींचता है। ये जीव वास्तव में छोटे नमकीन झींगे होते हैं, जिन्हें वैज्ञानिक रूप से आर्टेमिया सलीना के नाम से जाना जाता है।

# बांग्लादेश में मूर्तियां तोड़ीं और कहा- दुर्गा पूजा करना है तो 5 लाख दो



ढाका(ईएमएस)। बांग्लादेश में खुले तौर पर हिंदुओं को डराया धमकाया जा रहा है। उन्हे पूजा करने और मंदिर जाने से रोका जा रहा है। यहां तक नवरात्रि की तैयारियों में भी उन्होंने अड़चने शुरु कर दी हैं। मूर्तियों को तोड़कर साफ कहा जा रहा है कि यदि दुर्गा पूजा करना है तो 5 लाख रुपए देना ही होंगे। इस्लामी कट्टरपंथी समूहों ने मंदिरों और समितियों को धमकी भरे पत्र भेजे हैं, जिनमें 5 लाख बांग्लादेशी टका की मांग की गई है। कहा गया है कि रकम नहीं देने पर पूजा नहीं करने दी जाएगी। समुदाय के सदस्यों का कहना है कि दुर्गा जी की प्रतिमा को तोड़ने और जबरन वसूली के लिए धमकियों के कई मामले सामने आए हैं।

खबर है कि कई पूजा समितियों को अज्ञात पत्र मिले हैं, जिनमें रकम नहीं चुकाने पर परिणाम भुगतने और दुर्गा पूजा नहीं करने देने की धमकियां दी गई हैं। रिपोर्ट के अनुसार, कई स्थानों पर मूर्तियों को तोड़े जाने के भी मामले सामने आए हैं। 22 सितंबर को मदरसा के कुछ लड़कों ने लक्ष्मीगंज जिले के रायपुर इलाके में दुर्गा प्रतिमाओं को तोड़ दिया था। बरगुना जिले के एक मंदिर भी प्रतिमाओं को तोड़े जाने की घटनाएं हुई थीं।हाल ही में हिंदू समुदाय के सदस्यों ने चटगांव और खुलना जिले के अधिकारियों के सामने शिकायत दर्ज कराई है। वहीं, बांग्लादेश हिंदू-बौद्ध-ईसाई एकता समिति ने भी मोहम्मद यूनुस की अगुवाई वाली अंतरिम सरकार से दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। समिति ने 6 सदस्यों का एक सेल भी तैयार किया है, जो अल्पसंख्यक समुदायों की सुरक्षा का ध्यान रखेगा और स्थिति पर नजर रखेगा।

सतखीरा जिले के एक स्थानीय हिंदू समुदाय के नेता विवेकानंद रे ने कहा, कुछ कट्टरपंथियों ने दुर्गा जी की प्रतिमा और पंडालों में तोड़फोड़ की है। हम दुर्गा पूजा की तैयारी कर रहे हैं, लेकिन इस साल ऐसा लग रहा है कि हिंदुओं के लिए हमारा सबसे बड़ा त्योहार मनाना मुश्किल होगा, क्योंकि सरकार दर्शक बन गई है और पुलिस कोई मदद नहीं कर रही है।स्थानीय चैनल से बातचीत में चटगांव जिले के सनातन विद्यार्थी संसद के अध्यक्ष कुशल चक्रवर्ती ने कहा, हमारे मन में डर है। हम हमारी सुरक्षा के लिए सरकार से संपर्क कर रहे हैं। फरीदपुर, खुलना और कई अन्य जगहों पर प्रतिमाओं को तोड़ा गया है। हम दुर्गा पूजा की तैयारी कर रहे हैं, लेकिन डर बना हुआ है।



टायरी में इजरायल के हमले में मारे गये घरीब परिवार के सदस्य एक तस्वीर में नजर आ रहे।

# श्रीलंका की कमान वामपंथी के हाथ अब चीन ने किया प्रोपेगेंडा

बीजिंग (ईएमएस)। श्रीलंका में 56 साल के मार्क्सवादी नेता अनुरा कुमारा दिसानायके ने राष्ट्रपति चुनाव जीत लिया है। श्रीलंका में राष्ट्रपति चुनाव में एक वामपंथी नेता की जीत से चीन बेहद खुश हो रहा है। चीनी जानकार अभी से खुशी से उछल कर कह रहे हैं कि दिसानायके के सत्ता में आने से भारत पर श्रीलंका की निर्भरता कम होगी। उनका कहना है कि वामपंथी दिसानायके के सत्ता में आने से श्रीलंका के साथ चीन के संबंध और मजबूत होने और बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव में भी तेजी आएगी। साल 2022 में श्रीलंका के आर्थिक, राजनीतिक संकट के दौरान देश के अंदर से भी चीन के बीआरआई के खिलाफ आवाज उठी थीं। लेकिन अब जबकि श्रीलंका में सत्ता परिवर्तन हुआ है और नेशनल पीपुल्स पावर (एनपीपी) के दिसानायके को देश का नया राष्ट्रपति चुन लिया गया है, चीन को उम्मीद है कि दोनों देशों के संबंध मजबूत होने और बीआरआई प्रोजेक्ट्स पर तेजी से काम होगा। दिसानायके की जीत पर चीन के सरकारी अखबार ने एक लेख छापा है जिसमें कई चीनी विशेषज्ञों ने कहा है कि दिसानायके के आने के बाद चीन-श्रीलंका संबंध और मजबूत होने वाले है। ग्लोबल टाइम्स ने लिखा, श्रीलंका की नई सरकार के आने के बाद दोनों देशों के संबंधों के और बेहतर होने की उम्मीद है। ऐसा इसलिए क्योंकि दिसानायके की पार्टी की विचारधारा चीन के साथ मेल खाती है और चीन के साथ देश के संबंधों को महत्व देती है। रिपोर्ट में भारत का जिक्र करते हुए कहा गया कि श्रीलंका के नए राष्ट्रपति भारत पर अपनी निर्भरता कम करने और चीन से अधिक जुड़ने का काम करेंगे।

लेख के अंत में लिखा, श्रीलंका की नई सरकार देश की आर्थिक स्थिति में सुधार के बीच अपनी अर्थव्यवस्था के विकास और अपने लोगों की आजीविका में सुधार को प्राथमिकता देगी. यह दिखाता है कि चीन-श्रीलंका संबंधों में बड़ी संभावनाएं हैं, क्योंकि चीन श्रीलंका को बीआरआई में एक महत्वपूर्ण देश के रूप में देखता है। चीन ने श्रीलंका में बंदरगाहों समेत कई इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स में निवेश किया है जिससे वहां के लोगों को फायदा हुआ है।

श्रीलंका की नई सरकार के पास भारत-चीन के साथ संतुलन बनाने की बड़ी चुनौती है।

# अविश्वास प्रस्ताव गिरा, ट्रूडो सरकार बच गई लेकिन संकट नहीं टला



ओटावा(ईएमएस)। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो अपनी अल्पसंख्यक लिबरल सरकार के पहले बड़े परीक्षण में सफलता मिल गई। अविश्वास प्रस्ताव से बाल-बाल बच गए, ट्रूडो की लोकप्रियता नौ साल के कार्यकाल में काफी घट गई है। जनमत सर्वेक्षणों में बहुत आगे, टोरी नेता पियरे पोयलिवर अचानक चुनाव के लिए उत्सुक हैं, क्योंकि वामपंथी न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी (एनडीपी) ने इस महीने की शुरुआत में लिबरल के साथ गठबंधन समझौते को तोड़ दिया था, जिससे ट्रूडो सरकार के गिरने का खतरा बना हुआ है। आक्रामक पोयलिवर ने ट्रूडो की तीखी आलोचना की है। उन्हें हर मोर्चे पर विफल करार दिया है। उनके मुताबिक वर्तमान कनाडियाई पीएम बढ़ती महंगाई, आवासीय संकट और अपराध से निपटने में विफल रहे हैं, जबकि राष्ट्रीय ऋण दोगुना हो गया है।

पोयलिवर ने कोशिश जारी रखने की कसम खाई है, सरकार को गिराने का अगला अवसर अगले सप्ताह पेश किया जाएगा। यदि वह विफल हो जाता है, तो वर्ष के अंत से पहले उनके पास कुछ और मौके होंगे। अलगाववादी ब्लॉक क्यूबेकॉइस ने भी अक्टूबर के अंत से संसद में अपने निरंतर समर्थन के लिए सत्तारूढ़ लिबरल्स से रियायतों की मांग की है। ट्रूडो 2015 में सत्ता में आए, और 2019 और 2021 के मतपत्रों में पोयलिवर के दो पूर्ववर्तियों को हराकर सत्ता में बने रहने में सफल रहे। लिबरल्स को सहारा देने के लिए न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी के साथ किए गए समझौते से उनकी सरकार 2025 के अंत तक सत्ता में बनी रहती।गरमागरम बहस के बाद लिबरल को हटाने और अचानक चुनाव कराने के कंजर्वेटिव प्रस्ताव के खिलाफ 211 के मुकाबले 120 वोट पड़े। हालांकि, सत्ता पर ट्रूडो की कमजोर पकड़ को आने वाले दिनों और हफ्तों में और अधिक चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है, क्योंकि मुख्य विपक्षी कंजर्वेटिव ने मंगलवार को सरकार को गिराने की फिर से कोशिश करने की कसम खाई है। मंगलवार को कॉमन्स डिबेट के दौरान उन्होंने कहा, नौ साल की लिबरल सरकार के बाद, कनाडा का वादा टूट गया है। लेकिन अन्य विपक्षी दलों, जिनके समर्थन की लिबरल को गिराने के लिए आवश्यकता है, ने उनके दक्षिणपंथी एजेंडे का विरोध किया। लिबरल हाउस की नेता करीना गोल्ड ने टोरीज़ पर खेल खेलने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि यह बहुत ही अटपटा है कि वे कल एक और अविश्वास प्रस्ताव पेश करने जा रहे हैं। अविश्वास प्रस्ताव के तुरंत बाद, एनडीपी ने पूंजीगत लाभ करों पर कानून पारित करने के लिए फिर से लिबरल का साथ दिया, जिससे एक और राजनीतिक संकट टल गया।

# नेतन्याहू का संकल्प : हिजबुल्लाह का सर्वनाश कर के रहेगा इजरायल

तेहरान(ईएमएस)। हिजबुल्लाह के सर्वनाश को लेकर इजरायल ने बड़ा बयान दिया है। इजरायल के सैन्य प्रमुख ने बुधवार को सैनिकों से कहा कि लेबनान में उसके हवाई हमलों का उद्देश्य हिजबुल्लाह के बुनियादी ढांचे को नष्ट करना है। इसके साथ ही इजरायली बलों द्वारा संभावित जमीनी घुसपैठ के लिए जमीन तैयार करना है।मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इजरायल की सेना के प्रमुख हर्ज़ी हलेवी ने लेबनान के साथ देश की उत्तरी सीमा का दौरा करते हुए सैनिकों से कहा, आप ऊपर से जेट विमानों की आवाज़ सुन रहे हैं, हम पूरे दिन हमला कर रहे हैं। यह आपके संभावित प्रवेश के लिए ज़मीन तैयार करने और हिजबुल्लाह को नीचा दिखाने के लिए है। हलेवी ने कहा कि घुसपैठ का लक्ष्य देश के उत्तर में सीमा पार से गोलीबारी से विस्थापित हुए हज़ारों इजरायलियों को उनके घरों में वापस लौटने की अनुमति देना है।यह टिप्पणी तब आई है जब इजराल ने लेबनान में अपने हवाई हमलों को बढ़ा दिया और एक मिसाइल को मार गिराया, जिसके बारे में हिजबुल्लाह ने कहा कि उसने तेल अवीव के पास इजरायल की खुफिया एजेंसी मोसाद के मुख्यालय को निशाना बनाया था। यह पहली बार है जब ईरान समर्थित आतंकवादी समूह ने इज़रायली क्षेत्र में इतनी गहराई तक हमला करने की कोशिश की है। पिछले हफ़्ते, इजरायल ने उत्तर में अपने निवासियों को उनके घरों में वापस भेजना अपना स्पष्ट युद्ध लक्ष्य बनाया।

# अब नासा कर रहा शुक्रयान की तैयारी, शुक्र रहस्यमयी ग्रह, ऑक्सीजन है, जीवन नहीं

वाशिंगटन (ईएमएस)। केंद्र सरकार ने नासा के तीन बड़े अभियानों के लिए हरी झंडी दे दी है। इसमें एक अभियान वीनस (शुक्र) पर जाने के लिए है। दो अन्य अभियान स्पेस स्टेशन बनाने और चंद्रयान-4 को फिर चांद पर भेजने का अभियान है। ठीक चार साल बाद भारत का शुक्रयान इस ग्रह पर रवाना होगा उसकी आर्बिट में पहुंच कर उसपर नजर रखेगा। जानकारियां इकट्ठा करेगा. शुक्र ऐसा रहस्यमयी ग्रह है, जहां ऑक्सीजन तो है लेकिन जीवन नहीं. हालांकि इसके और पृथ्वी के बीच बहुत सी समानताएं हैं।



दरअसल शुक्र ग्रह के बारे में जानने में दिलचस्पी पूरी दुनिया को है। 1960 में ये काम शुरू हुआ। अब तक 46 मिशन वहां जा चुके हैं। इसमें अमेरिका, रूस, जापान और यूरोप शामिल हैं। अब चीन भी वहां जाने की तैयारी कर चुका है और साथ में भारत भी। पिछले 64 सालों में दुनिया की दिलचस्पी शुक्र के लिए क्यों बढ़ी है। शुक्र पृथ्वी का सबसे नजदीकी ग्रह है। इतने सारे वीनस मिशन से ये समझने की कोशिश हो रही है कि शुक्र ग्रह नरक जैसा ग्रह कैसे बन गया जबकि इसमें पृथ्वी की तरह विशेषताएं हैं। ये सौरमंडल का ऐसा ग्रह है जो रहने योग्य हो सकता है1 जहां ऑक्सीजन है और पानी भी जो समुद्र की तरह लहराते हैं।

भारत 2028 में इसके आर्बिट में अपना यान भेजेगा। इसके लिए 1,236 करोड़ रुपए मंजूर किए गए हैं, जिनमें से 824 करोड़ अंतरिक्ष यान की ओर जाएंगे। इसके जरिए शुक्र के वातावरण, सौर विकिरण और वायु का अध्ययन करेगा। शुक्र ग्रह पर ऐसी बहुत सी जानकारी हैं जो हमें पृथ्वी और ग्रहों को बेहतर तरीके से समझने में मदद कर सकती हैं। शुक्र के लिए एक मिशन पहली बार 2012 में तिरुपति अंतरिक्ष सम्मेलन में प्रस्तुत किया गया था लेकिन ये आगे नहीं बढ़ पाया। इसको लेकर इसरो का अध्ययन जारी रहा। 2017 में इसरो ने ये तय किया कि वह शुक्र ग्रह के लिए अपना मिशन भेज सकता है. इसके लिए वह अब तैयार है। इसरो का यान शुक्र ग्रह की कक्षा में 55 किलोमीटर से उस पर नजर रखेगा और जानकारियां भी भेजेगा।

मंगल और चंद्रमा पर जीवन के लिए स्थितियां अनुकूल नहीं हैं तो वहीं शुक्र पर हालात जीवन को खत्म कर देने वाले हैं। चंद्रमा और मंगल पर उपकरणों के साथ जिंदा रहा जा सकता है, वहां शुक्र ग्रह पर ऐसा करना असंभव है। शुक्र ग्रह पर ऑक्सीजन है तो सही लेकिन उस रूप में नहीं कि उसमें सांस ली जा सके। वैज्ञानिकों ने शुक्र के वायुमंडल में दिन और रात दोनों समय परमाण्विक ऑक्सीजन का पता लगाया है। यह ऑक्सीजन वहां के वायुमंडल में सल्फ्यूरिक एसिड के बादलों की दो परतों के बीच 100 किलोमीटर की ऊंचाई पर मिलती है।

ऑक्सीजन का निर्माण दिन के समय होता है जब सूर्य की पराबैंगनी किरणें कार्बन डाइऑक्साइड और कार्बन मोनोऑक्साइड को तोड़ती हैं फिर हवाएं कुछ ऑक्सीजन को रात की ओर ले जाती हैं। इस ऑक्सीजन का तापमान दिन में माइनस 120 डिग्री सेल्सियस से लेकर रात को माइनस 160 डिग्री सेल्सियस के बीच रहता है। शुक्र ग्रह पर मौजूद ऑक्सीजन पृथ्वी पर मौजूद उस ऑक्सीजन से अलग है जिसे मनुष्य सांस के जरिए ग्रहण करते हैं, जो दो जुड़े हुए ऑक्सीजन परमाणुओं से बनी होती है। शुक्र ग्रह पर ऑक्सीजन एकल स्वतंत्र रूप से तैरते ऑक्सीजन परमाणुओं से बनी है ये ऑक्सीजन फेफड़ों को खराब कर देती है। वहां का वायुमंडल कार्बनडाइऑक्साइड और सल्फ्यूरिक एसिड के बादलों से भरपूर है। वायुमंडल में तापमान भी बहुत ज्यादा है। सतह पर वहां तापमान हमेशा 450 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा होता है। शुक्र ग्रह के बारे में कहा जाता है कि कभी पृथ्वी और वह दोनों ही एक ही जैसे ग्रह थे लेकिन आज जहां पृथ्वी पर जीवन पनपा हुआ है तो शुक्र एक तरह का नर्क है। वैज्ञानिकों को यह भी मानना है कि । इस लिहाज से शुक्र का अध्ययन पृथ्वी के पर्यावरण के लिए बहुत जरुरी हो सकता है।

# पर्यटन के क्षेत्र में रोजगार के बढ़ते अवसर

**देश में पर्यटन से जुड़े लगभग सभी प्रशिक्षण पाठ्यक्रम ग्रेजुएशन के बाद के स्तर के हैं। विश्वविद्यालयों में पर्यटन क्षेत्र के भावी विस्तार को भांपते हुए पर्यटन शिक्षा विभाग तेजी से विकसित हो रहे हैं। इनमें मास्टर आफ टूरिज्म एडमिनिस्ट्रेशन सरीखे स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। दो वर्ष की अवधि वाले इन पाठ्यक्रमों में दाखिला पाने की मारामारी को देखते हुए लगभग प्रत्येक संस्थान प्रवेश परीक्षा के आधार पर दाखिला देता है। इन विश्वविद्यालयों के अतिरिक्त निजी प्रशिक्षण संस्थानों में भी अंशकालिक, पूर्णकालिक डिप्लोमा प्रशिक्षण उपलब्ध है।**




संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन (यूएनडब्ल्यूटीओ) ने विश्व पर्यटन दिवस की स्थापना की। 1980 से हर साल 27 सितंबर को विश्व पर्यटन दिवस मनाया जाता है। इसी दिन यूनाइटेड नेशंस वर्ल्ड टूरिज्म ऑर्गनाइजेशन के कानूनों को अपनाया गया था। विश्व पर्यटन दिवस 2024 की थीम पर्यटन और शांति है। इस थीम का उद्देश्य है कि पर्यटन समुदायों को बदल सकता है। रोजगार पैदा कर सकता है। समावेश को बढ़ावा दे सकता है और स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं को मजबूत कर सकता है।

देश के लिए बहुमूल्य विदेशी मुद्रा की कमाई करने में पर्यटन उद्योग का अच्छा खासा महत्व है। पर्यटन जिसे चिमनी विभिन्न उद्योग के नाम से भी जाना जाता हैं। आज भी लाखों लोगों को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार उपलब्ध करा रहा है। भारत दुनिया के उन चुनिंदा देशों में से है जहां कलात्मक, धार्मिक और प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर दर्शनीय स्थलों एवं कृतियों की कमी नहीं है। यही कारण है कि हजारों मील दूर रहने वाले विदेशी लोग भी पर्यटन के लिए यहां आने का लोभ छोड़ नहीं पाते हैं। यही नहीं देशी पर्यटक भी बड़ी तादाद में कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक फैले देश के विभिन्न पर्यटन केंद्रों पर देखे जा सकते हैं।

भारत में पर्यटन सबसे बड़ा सेवा उद्योग है। जहां इसका राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद में 6.23 प्रतिशत और भारत के कुल रोजगार में 8.78 प्रतिशत योगदान है। भारत में वार्षिक तौर पर 50 लाख विदेशी पर्यटकों का आगमन और 56 करोड़ घरेलू पर्यटकों द्वारा भ्रमण परिलक्षित होता है। विश्व पर्यटन दिवस एक वार्षिक आयोजन है। जिसका उद्देश्य वैश्विक उद्योग के रूप में पर्यटन के महत्व तथा इसके सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक और आर्थिक प्रभाव के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना है।

विशेषज्ञों द्वारा संभावना जताई जा रही है कि आगामी दस वर्षों में पर्यटन आधारित अर्थव्यवस्था में भारत का स्थान विश्व में तीसरा हो जाएगा। देश में इस दौरान लगभग एक करोड़ नये रोजगाार का इस क्षेत्र में सृजन होने की उम्मीद है। वर्ल्ड ट्रेवल एंड टूरिज्म कौंसिल द्वारा जारी रिपोर्ट में इस आशय की संभावनाओं की ओर इशारा किया गया है। अभी देश में लगभग चार करोड़ लोग टूर एंड टूरिज्म इंडस्ट्री के माध्यम से प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष तौर पर आजीविका हासिल कर रहे हैं।

देश की अर्थव्यवस्था के विभिन्न पहलुओं पर नजर रखने वाले अर्थशास्त्रियों और नीति निर्धारकों ने लगभग एकमत से स्वीकार किया है कि देश में उपलब्ध पर्यटन क्षमता का समुचित रूप से इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है। इस दिशा में अधिक प्रभावी व कारगर कदम उठाए जाने की आवश्यकता है। इसी नीति के तहत विभिन्न पर्यटन केंद्रों को प्रमुख छोटे-बड़े शहरों से जोड़ने के लिए दूरसंचार, सड़क और वायु परिवहन की अधिकाधिक सुविधा उपलब्ध कराने के लिए भारी निवेश की व्यवस्था की जा रही है। इसके अलावा परंपरागत पर्यटक केंद्रों के आसपास बुनियादी सुविधाएं व नए पर्यटन केंद्रों को विकसित करने पर जोर दिया जा रहा है। इस पूरे परिदृश्य से स्पष्ट होता है कि आगामी वर्षों में पर्यटन प्रबंधन तथा पर्यटक से जुड़े अन्य क्षेत्रों के विशेषज्ञों की बड़ी संख्या में मांग होगी। यह अवसर सरकारी से ज्यादा निजी क्षेत्रों में होने की अधिक संभावना जताई जा रही है।

पर्यटन प्रबंधन डिप्लोमा धारी व्यक्तियों के पर्यटक सूचना केंद्रों, ट्रैवल एजेंसी, होटल समूहो, विभिन्न हवाई कंपनियों के कार्यालयों टूर ऑपरेटर कंपनियों पर्यटन से जुड़ी पत्र-पत्रिकाओं, पर्यटक गाइड आदि में क्षेत्रों में काम करने का मौका अपेक्षाकृत आसानी से मिल सकता है। इस क्षेत्र में महिला कर्मियों की मांग भी तेजी से बढ़ने की पूरी संभावना है। पर्यटन प्रबंधन डिप्लोमा डिग्री धारी महिलाओं को विशेष रूप से उन पदों पर नियुक्ति के समय वरीयता दी जाती है जहां स्वागत करना या सूचना उपलब्ध कराने जैसे काम होते हैं। इसके पीछे तर्क दिया जाता है कि महिलाएं पुरुषों के मुकाबले कहीं अधिक सौम्य व मृदुभाषी होती है। वे नवागंतुक पर्यटक को आसानी से बातें समझा सकती है। टूरिस्ट गाइड के रूप में काम करने के अवसर इस क्षेत्र में संख्या की दृष्टि से सर्वाधिक कहे जा सकते हैं। कुछ वर्षों तक पर्यटन क्षेत्र के विभिन्न पहलुओं का अनुभव हासिल करने के बाद पर्यटन प्रबंधन प्रशिक्षण संस्थानों और विश्वविद्यालयों के पर्यटन शिक्षा में अध्यापन भी किया जा सकता है।

देश में पर्यटन से जुड़े लगभग सभी प्रशिक्षण पाठ्यक्रम ग्रेजुएशन के बाद के स्तर के हैं। विश्वविद्यालयों में पर्यटन क्षेत्र के भावी विस्तार को भांपते हुए पर्यटन शिक्षा विभाग तेजी से विकसित हो रहे हैं। इनमें मास्टर आफ टूरिज्म एडमिनिस्ट्रेशन सरीखे स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। दो वर्ष की अवधि वाले इन पाठ्यक्रमों में दाखिला पाने की मारामारी को देखते हुए लगभग प्रत्येक संस्थान प्रवेश परीक्षा के आधार पर दाखिला देता है। इन विश्वविद्यालयों के अतिरिक्त निजी प्रशिक्षण संस्थानों में भी अंशकालिक, पूर्णकालिक डिप्लोमा प्रशिक्षण उपलब्ध है।

असल में पर्यटन डिप्लोमा डिग्री हासिल करने के बाद स्वरोजगार के क्षेत्र में पदार्पण करने के लिए राहें भी खुलती है। इसीलिए जरूरी नहीं कि लंबे अरसे तक नौकरी के लिए आवेदन भेज कर हाथ पर हाथ रखकर खाली बैठा जाए। टूर ऑपरेटर और ट्रैवल एजेंट जैसे काम बहुत कम पूंजी से शुरू किए जा सकते हैं। इसके लिए जरूरी नहीं कि आपके पास दो चार बस या कार हो। आप ट्रैवल एजेंट के तौर पर बुकिंग कर अन्य बस आपरेटरों से बस किराए पर लेकर भी टूर आयोजित करवा सकते हैं और अच्छा खासा कमीशन कमा सकते हैं। जिनमें स्थानीय साइट सीन, पर्यटक भ्रमण कार्यक्रम से लेकर तीर्थ यात्रा टूर, दूरदराज के पर्यटक स्थलों तक आदि मुख्य है।

अब तो विदेशों में स्वीटजरलैंड, पेरिस, थाईलैंड, हॉन्गकांग, सिंगापुर, लंदन, अमेरिका, कनाडा, मालदीप, नेपाल जैसी जगहों के लिए भी पैकेज टूर बनाए जाने लगे हैं। इनमें स्थानीय भ्रमण से लेकर हवाई यात्रा और होटल में ठहरने तक का समस्त खर्च सम्मिलित होता है। तमाम हवाई कंपनियों के अधिकृत टिकट विक्रेता एजेंट के रूप में भी बेची गई टिकटों पर निर्धारित प्रतिशत कमीशन की कमाई की जा सकती है। आज अधिकांश सरकारी व निजी विश्वविद्यालयों में पर्यटन प्रशिक्षण के कोर्स चलाए जा रहे हैं। इसके अलावा भी देशभर में अनेकों निजी संस्थान पर्यटन के विभिन्न क्षेत्रों का प्रशिक्षण देती है। प्रशिक्षण के पश्चात सर्टिफिकेट भी दिए जाते हैं। राजस्थान पर्यटन विभाग समय-समय पर प्रदेश में गाइडों के प्रशिक्षण शिविर आयोजित करता है। जिसमें प्रशिक्षण प्राप्त कर चयनित गाइडों को विभाग द्वारा गाइड का प्रमाण पत्र प्रदान किया जाता है। देश के अन्य राज्यों में भी इसी तरह के विभिन्न पाठ्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है। जहां अध्ययन व प्रशिक्षण प्राप्त कर व्यक्ति पर्यटन के क्षेत्र में अपना कैरियर बना सकता है।

आज के समय में जहां हर देश की पहली जरूरत अर्थव्यवस्था को मजबूत करना हैं वहीं आज पर्यटन के कारण कई देशों की अर्थव्यवस्था पर्यटन उद्योग के इर्द-गिर्द घूमती है। यूरोपिय देश, तटीय अफ्रीकी देश, पूर्वी एशियाई देश, कनाड़ा, आस्ट्रेलिया आदि ऐसे देश है। जहां पर पर्यटन उद्योग से प्राप्त आय वहां की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करता है। पर्यटन विश्व का सबसे बड़ा क्षेत्र है। जो वैश्विक स्तर पर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 11 प्रतिशत योगदान देता है। भारत में यह अभी भी 6.23 प्रतिशत ही है। जबकि पड़ोसी देशों चीन (8.6), इण्डोनेशिया (9.2), मलेशिया (12.9), श्रीलंका (8.8) तथा थाइलैण्ड (13.9) है जो हमसे बहुत अधिक है।

वर्तमान में भारत वैश्विक यात्रा व पर्यटन विकास सूचकांक-2024 में 15 स्थान की छलांग लगाकर 39वें स्थान पर पहुंच गया है। 2021 में भारत 54 वें पायदान पर था। सूचकांक में अमेरिका पहले, स्पेन दूसरे, जापान तीसरे, फ्रांस चौथे और ऑस्ट्रेलिया पांचवें स्थान पर है। वहीं, जर्मनी छठे, यूनाइटेड किंगडम सातवें, चीन आठवें और इटली नौवें स्थान पर काबिज हैं।



# ईशान दिशा सभी दिशाओं में सबसे उत्तम

***घर, शहर और शरीर का ईशान हिस्सा सबसे पवित्र होता है, इसलिए इसे साफ-स्वच्छ और खाली रखा जाना चाहिए। यहां जल की स्थापना की जाती है जैसे कुआं, बोरिंग, मटका या फिर पीने के पानी का स्थान। इसके अलावा इस स्थान को पूजा का स्थान भी बनाया जा सकता है। घर के मुख्य द्वार का इस दिशा में होना वास्तु की दृष्टि से बेहद शुभ माना जाता है***



सनातन धर्म और वास्तु में हर दिशा का अपना महत्व होता है। दिशा के अनुसार कार्य करना सबसे बेहतर माना जाता है। ईशान दिशा को सभी दिशाओं में सबसे उत्तम माना गया है। ईशान में सभी देवी और देवताओं का वास होता है। इसलिए घर बनाते और खरीदते समय ईशान दिशा जरुर देखनी चाहिये।

## क्या होती है ईशान दिशा ?

पूर्व और उत्तर दिशाएं जहां पर मिलती हैं उस स्थान को ईशान दिशा कहते हैं। वास्तु अनुसार घर में इस स्थान को ईशान कोण कहते हैं। भगवान शिव का एक नाम ईशान भी है भगवान शिव का आधिपत्य उत्तर-पूर्व दिशा में होता है, इसीलिए इस दिशा को ईशान कोण कहा जाता है। इस दिशा के स्वामी ग्रह बृहस्पति और केतु माने गए हैं।

## क्या होना चाहिए ईशान में?

घर, शहर और शरीर का ईशान हिस्सा सबसे पवित्र होता है, इसलिए इसे साफ-स्वच्छ और खाली रखा जाना चाहिए। यहां जल की स्थापना की जाती है जैसे कुआं, बोरिंग, मटका या फिर पीने के पानी का स्थान। इसके अलावा इस स्थान को पूजा का स्थान भी बनाया जा सकता है। घर के मुख्य द्वार का इस दिशा में होना वास्तु की दृष्टि से बेहद शुभ माना जाता है।

इस स्थान पर कूड़ा-करकट रखना, स्टोर, टॉयलेट, किचन वगैरह बनाना, लोहे का कोई भारी सामान रखना मना है। इससे धन-संपत्ति का नाश और दुर्भाग्य का निर्माण होता है। ऐसा करने से आप बर्बादी के द्वारा खोल देंगे।

## अन्य दिशाओं में क्या होना चाहिए?

**पूर्व**ः इस दिशा में इस दिशा में दरवाजे पर मंगलकारी तोरण लगाना शुभ होता है। गृहस्वामी की लंबी उम्र व संतान सुख के लिए घर के प्रवेश द्वार व खिड़की का इस दिशा में होना शुभ माना जाता है।

**आग्नेय**ः पूर्व और दक्षिण के बीच की दिशा को आग्नेय कोण कहते हैं। इस दिशा में किचनस्टैंड, गैस, बॉयलर, ट्रांसफॉर्मर आदि होना चाहिए।

**दक्षिण**ः दक्षिण दिशा में किसी भी प्रकार का खुलापन, शौचालय आदि नहीं होना चाहिए। इस दिशा की भूमि भी तुलनात्मक रूप से ऊंची होना चाहिए। इस दिशा की भूमि पर भार रखने से गृहस्वामी सुखी, समृद्ध व निरोगी होता है। धन को भी इसी दिशा में रखने पर उसमें बढ़ोतरी होती है।

**नैऋत्य**ः दक्षिण-पश्चिम के बीच को नैऋत्य दिशा कहते हैं। इस दिशा में खुलापन अर्थात खिड़की, दरवाजे बिल्कुल ही नहीं होना चाहिए। गृहस्वामी का कमरा इस दिशा में होना चाहिए। कैश काउंटर, मशीनें आदि आप इस दिशा में रख सकते हैं।

**पश्चिम**ः इस दिशा की भूमि का तुलनात्मक रूप से ऊंचा होना आपकी सफलता व कीर्ति के लिए शुभ संकेत है। आपका रसोईघर या टॉयलेट इस दिशा रख सकते हैं। दोनों एक साथ नहीं हो, यह ध्यान रखें।

**वायव्य**ः उत्तर-पश्चिम के बीच वायव्य दिशा होती है। यदि आपके घर में नौकर है तो उसका कमरा भी इसी दिशा में होना चाहिए। इस दिशा में आपका बेडरूम, गैरेज, गौशाला आदि होना चाहिए।

**उत्तर**ः इस दिशा में घर के सबसे ज्यादा खिड़की और दरवाजे होना चाहिए। घर की बालकनी व वॉश बेसिन भी इसी दिशा में होना चाहिए। इस दिशा में यदि वास्तुदोष होने पर धन की हानि व करियर में बाधाएं आती हैं।

घर के अंदर किस दिशा में क्या हो

**उत्तर** ः इस दिशा में खिड़की, दरवाजे, घर की बालकनी होना चाहिए।

**दक्षिण** ः इस दिशा में घर का भारी सामान रखें।

पूर्व ः यदि घर का द्वार इस दिशा में है तो मात्र उत्तम है, खिड़की रख सकते हैं।

**पश्चिम** ः रसोईघर या टॉयलेट इस दिशा में होना चाहिए। रसोईघर और टॉयलेट पास-पास न हो।

**ईशान** ः इस दिशा में बोरिंग, पंडेरी, स्वीमिंग पूल, पूजास्थल या घर का मुख्य द्वार होना चाहिए।

**वायव्य** ः इस दिशा में आपका बेडरूम, गैरेज, गौशाला आदि होना चाहिए।

**आग्नेय** ः इस दिशा में गैस, बॉयलर, ट्रांसफॉर्मर आदि होना चाहिए।

**नैऋत्य** ः इस दिशा में घर के मुखिया का कमरा यहां बना सकते हैं। कैश काउंटर, मशीनें आदि आप इस दिशा में रख सकते हैं।



# दिन के अनुसार शुभ काम करें

सूर्य, चंद्र, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र और शनि ये सभी दिनों के स्वामी हैं। मुहूर्त के आधार पर सप्तवारों में कौन-कौन से विशिष्ट शुभ कार्य करने चाहिए जो लाभदायक एवं सिद्धिदायक हों वह इस प्रकार हैं।

रविवार ः दिनों का राजा सूर्य है। यदि प्रजा अपने राजा के दर्शन की इच्छुक हो तो उसे अपने रक्षक, प्रिय राजा के दर्शन रविवार को करना चाहिए।

सोमवार ः उबटन लगाना, श्रृंगार की वस्तुएं खरीदना और उनका प्रयोग आरंभ करना, फलों का रसपान, वृक्षारोपण आदि कार्य शुभ होता है।

मंगलवार ः भेद नीति के कार्य सेनापति का पद - ग्रहण अथवा सेना पदग्रहण, व्यायाम प्रारम्भ करने के लिए मंगलवार का दिन शुभ है।

बुधवार ः कन्या के विवाह आदि को तय करने की स्वीकारोक्ति बुधवार को शुभ मानी गयी है। कोई कभी अपना हितैषी रहा हो और अब दुश्मन बन गया हो और यदि उससे संधि करना हो, तो प्रयास बुधवार से प्रारम्भ करें। यदि रूठे को मनाना हो तो बुधवार को मनावें, शुभ फल की प्राप्ति होगी। नवीन वस्त्र धारण भी शुभ होता है।

गुरुवार ः इस दिन से देवता की आराधना प्राम्भ करना, अध्ययन-अध्यापन के कार्य का शुभारम्भ, साधु—महात्मा एवं गुरुजनों से दीक्षा ग्रहण करना, सुन्दर वस्त्र, आभूषणों को खरीदना, कृषि कार्य का प्रारम्भ करना प्रशस्त माना गया है।

शुक्रवार ः शुक्रवार के दिन कन्यादान, हाथी-घोड़े का क्रय-विक्रय, नवीन परिधान धारण करना, गायन, वादन, नृत्यारम्भ करना शुभ है।

शनिवार ः नगर, ग्राम में बसना, गृहप्रवेश करना, शनिवार को शुभ फल दायक होता है। किसी चीज़ की स्थापना करना भी शनिवार को शुभ होता है।

# भारत- बांग्लादेश दूसरा टेस्ट आज से, जीत के इरादे से उतरेगी भारतीय टीम

सुबह 9.30 बजे से शुरु होगा मैच

कानपुर (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम शुक्रवार से यहां बांग्लादेश के खिलाफ होने वाले दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच को जीतकर सीरीज 2-0 से अपने नाम करने उतरेगी। इस मैच में भारतीय टीम उत्साहित होकर उतरेगी क्योंकि उसने पहला टेस्ट 280 रनों के भारी अंतर से जीता था। भारतीय टीम बल्लेबाजी और गेंदबाजी सहित हर क्षेत्र में हावी रही थी। इस मैच में भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा और अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली पर सभी की नजरें रहेंगी। ये दोनो पहले टेस्ट में असफल रहे थे। ऐसे में प्रशंसक इस मैच में इनसे बड़ी पारी की उम्मीद करेंगे। भारत ने चेन्नई में खेले गए पहले टेस्ट मैच में आर अश्विन के ऑलराउंड प्रदर्शन के साथ ही ऋषभ पंत , शुभमन गिल के शतक से बड़ी जीत दर्ज की थी। भारतीय टीम को पहले मैच में अध्यक्रम और निचले क्रम के बेहतर प्रदर्शन से जीत मिली। इसके अलावा गेंदबाजों ने भी प्रभावी प्रदर्शन किया। बांग्लादेश के तेज गेंदबाजों ने पहले दिन भारतीय टीम पर दबाव बनाया था पर इसक बाद भी टीम ने जबरदस्त वापसी की थी। ऐसे में अब भारतीय टीम की नजरें स्वदेश में लगातार 18वीं सीरीज जीतने पर रहेंगी। ऋषभ ने कार हादसे के बाद लंबे समय बाद जिस प्रकार से पहले



टेस्ट में खेला है। उससे ये उम्मीद है कि वह इस मैच में भी बेहतर प्रदर्शन करेंगे। वहीं दूसरी ओर पहले टेस्ट में बांग्लादेश के तेज गेंदबाजों हसन महमूद और तस्कीन अहमद ने अच्छी गेंदबाजी की थी। वहीं ग्रीन पार्क के विकेट से स्पिनरों और तेज गेंदबाजों दोनो को ही सहायता मिलती रही है। भले ही इसमें शुरूआत में तेज गेंदबाजों को कुछ मदद मिलने की उम्मीद है पर खेल आगे बढ़ाने के साथ इसकी प्रकृति में बदलाव होने की संभावना है। ऐसे में भारतीय टीम तीन तेज गेंदबाजों के बजाय तीन स्पिनरों को अंतिम एकादश में शामिल कर सकता है। ऐसी स्थिति में आकाशदीप की जगह कुलदीप यादव को भी अवसर मिल सकता है।

वहीं भारतीय टीम अगर बल्लेबाजी को अधिक मजबूत करना चाहेगा तो फिर अक्षर पटेल को कुलदीप की जगह पर रखा जा सकता है। बांग्लादेश की बात है तो पहले टेस्ट मैच में उसके बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे जिसे देखते हुए वह अपनी टीम में बदलाव कर सकता है। उसके बल्लेबाज पहली पारी में भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण के सामने टिक नहीं चल पाए थे जबकि दूसरी पारी में अश्विन की स्पिन के सामने उन्होंने समर्पण कर दिया था।

बांग्लादेश के लिए राहत की बात ये है कि ऑलराउंडर शाकिब अल हसन इस मैच में खेलेंगे। मुख्य कोच चंडिका हथुरुसिंघे ने कहा कि यह स्टार ऑलराउंडर खेलने के लिए उपलब्ध है। बांग्लादेश की टीम तेज गेंदबाज नाहिद राणा की जगह बाएं हाथ के स्पिनर ताईजुल इस्लाम को अंतिम एकादश में शामिल कर सकता है। इसके अलावा जरुरत पड़ने पर ऑफ स्पिनर नईम हसन को भी टीम में जगह मिल सकती है।

इस मैच में भारतीय टीम के ऑलराउंडर जडेजा के पास अपने 300 विकेट और 3000 रन का अनोखा डबल बनाने का अवसर है। उन्होंने अभी तक 73 टेस्ट मैच में 299 विकेट और 3122 रन बनाए हैं। इंग्लैंड के इयान बॉथम ने 72 टेस्ट मैच में यह उपलब्धि हासिल की थी और जडेजा के पास उनके बाद सबसे कम मैच में इस मुकाम पर पहुंचने का मौका है।

### दोनो टीमें इस प्रकार हैं

भारत : रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, शुबमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), रवींद्र जड़ेजा, रविचंद्रन अश्विन, जसप्रित बुमरा/ कुलदीप यादव, आकाश दीप, मोहम्मद सिराज।

बांग्लादेश : नजमुल हुसैन शान्तो (कप्तान),शादमान इस्लाम, जाकिर हसन, मोमिनुल हक, मुश्फिकुर रहीम, शाकिब अल हसन, लिट्टन दास (विकेटकीपर), मेहदी हसन मिराज, तस्कीन अहमद, हसन महमूद, नाहिद राणा।

### कानपुर टेस्ट में अश्विन बना सकते हैं एकसाथ कई रिकार्ड

भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी स्पिनर आर अश्विन शुक्रवार से यहां बांग्लादेश के खिलाफ शुरु हो रहे दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में पांच रिकार्ड अपने नाम कर सकते है। अश्विन के अबतक टेस्ट क्रिकेट की चौथी पारी में 99 विकेट हो गये हैं। ऐसे में एक विकेट लेते ही चौथी पारी में वह 100 विकेट लेने वाले पहले भारतीय गेंदबाज बन जाएंगे। अब तक किसी भी भारतीय गेंदबाजी ने अब तक ये उपलब्धि हासिल नहीं की है। अब तक दुनिया के 5 गेंदबाजों ने ही चौथी पारी में 100 या इससे अधिक विकेट लिए हैं। ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज स्पिनर शेन वार्न 138 विकेट के साथ ही इस सूची में पहले नंबर पर हैं। इसके अलावा नाथन लायन, रंगना हेराथ, मुथैया मुरलीधरन, ग्लेन मैक्ग्रा ने भी चौथी पारी में 100 से ज्यादा विकेट लिए हैं। वह टेस्ट क्रिकेट में पारी में सबसे अधिक 5 विकेट लेने के मामले में अभी वॉर्न के साथ संयुक्त रूप से दूसरे नंबर पर है। वहीं अगर वह ग्रीन पार्क में 5 विकेट लेते हैं तो वॉर्न से आगे निकल जाएंगे। इसके अलावा अश्विन कानपुर टेस्ट के दौरान बांग्लादेश के खिलाफ सबसे अधिक विकेट लेने का जहीर खान का रिकार्ड भी तोड़ सकते हैं। जहीर ने अब तक बांग्लादेश के खिलाफ 31 विकेट लिए थे जबकि अश्विन ने 29 ऐसे में 3 विकेट लेते ही वह जहीर से आगे निकल जाएंगे।

अश्विन कानपुर टेस्ट के दौरान ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड का विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) में सबसे अधिक विकेट लेने का रिकार्ड भी तोड़ सकते हैं। हेजलवुड ने डब्ल्यूटीसी 2023-25 चक्र में 52 विकेट लिए थे। डब्ल्यूटीसी में अब तक सबसे अधिक विकेट नाथन लायन के नाम 187 विकेट हैं। अश्विन अगर कानपुर में 8 विकेट लेते हैं तो लायन से आगे निकल जाएंगे। स्पिनर अश्विन टेस्ट क्रिकेट में सबसे अधिक विकेट लेने के मामले में भी लायन को पीछे छोड़ सकते हैं। अश्विन के नाम टेस्ट मैचों में 522 विकेट हैं वहीं लायन के नाम 530 विकेट हैं। अश्विन को नाथन लायन से आगे निकलने के लिए 9 विकेट की जरुरत है। वहीं ऑलरांउडर रवींद्र जडेजा ने टेस्ट मैचों में 299 विकेट लिए हैं। ऐसे में एक विकेट लेते ही वह 300 विकेट और 3000 रन बनाने वाले 11वें ऑलराउंडरों में शामिल हो जाएंगे।



मकाऊओपन बैडमिंटन में रिटर्न शॉट लगाती हुई गेओ फेनजिली।



बीजिंग में चीन ओपन टेनिस में खेलती हुई चीन की झांग सुएई।



ब्रुनेई में विश्व जूनियर वुशी चैम्पियनशिप की विजेता खिलाड़ी पदक के साथ पोज देती हुई।

# स्टोक्स सीमित ओवरों के किकेट में वापसी के लिए तैयार

लंदन (ईएमएस)। इंग्लैंड ऑलराउंडर बेन स्टोक्स ने कहा कि वह उन्हें बुलाया जाता है तो वह सीमित ओवरों के प्रारुप में वापसी करने के लिए तैयार हैं। स्टोक्स का माना है कि अगर नये कोच ब्रेंडन मैकुलम को उनकी सेवाओं की जरुरत हुई तो वह सफेद गेंद के प्रारुप में खेलने तैयार हो जाएंगे। स्टोक्स ने साल 2019 में अपनी टीम की खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई थी। वहीं साल 2022 में इंग्लैंड की टीम को टी20 विश्वकप जिताया था। इस क्रिकेटर ने 2022 में थकान और लगातार व्यस्त अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम को देखते हुए एकदिवसीय



क्रिकेट को अलविदा कह दिया था पर भारत में गत वर्ष हुए एकदिवसीय विश्व कप में वापसी की थी। तब स्टोक्स ने छह मैचों में एक शतक और दो अर्द्धशतक के साथ 304 रन बनाए। लेकिन टीम 9 मैचों में सिर्फ 3 जीत हासिल कर पाई और एक समय तो आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए सीधे क्वालीफिकेशन का भी खतरा पैदा हो गया था।

उन्होंने विश्व कप 2023 के बाद से सफेद गेंद क्रिकेट में भाग नहीं लिया है। वह जून में टी20 विश्व कप में भी शामिल नहीं थे जिससे कि घुटने की समस्या से उबरकर अपनी पूरी फिटनेस हासिल कर सकें। वह टेस्ट क्रिकेट पर ही पूरा ध्यान लगाने लगे। वह द हंड्रेड के दौरान लगी हैमस्ट्रिंग की चोट के बाद 7 अक्टूबर से पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट से पहले पूरी तरह से फिट होने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। स्टोक्स ने कहा कि कोच के साथ वापसी को लेकर अभी उनकी बात नहीं हुई है। मैकुलम जनवरी 2025 से पाकिस्तान में चैंपियंस ट्रॉफी के साथ टीमों को भी कोचिंग दे रहे हैं, इसलिए अगर मैकुलम से उन्हें बुलावा आता है तो उन्हें खुशी होगी। वह एक अविश्वसनीय कोच रहे हैं जो पूरी प्रतिबद्धता के साथ बोलते हैं और अब तीनों टीमों का एक ही संदेश आक्रामक क्रिकेट खेलने को कहते हैं। स्टोक्स को उम्मीद है कि श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट से बाहर रहने के बाद वह पाकिस्तान सीरीज के लिए फिट हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि अगस्त से चोट के कारण खेल से दूर रहने के बाद वह अपनी गेंदबाजी को लेकर सतर्क रहेंगे।

## 2007 टी20 विश्व कप सामुहिक प्रयासों से जीते पर युवराज के बिना ये संभव नहीं था : श्रीसंत

जोधपुर (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व तेज गेंदबाज एस श्रीसंत का मानना है कि 2007 टी20 विश्व कप में जीत सबके सामुहिक प्रयासों से मिली थी पर इसके बाद भी मेरा मानना है कि ऑलराउंडर युवराज सिंह नहीं होते तो जीतना संभव नहीं था। के अनुसार युवराज के बिना तब खिताब जीतना संभव नहीं था। तब इस प्रारुप के पहले ही विश्वकप को भारतीय टीम ने जीता था। भारत का खिताबी मुकाबला पाकिस्तान के साथ था जहां महेन्द्र सिंह धोनी की कप्तानी में भारतीय टीम ने जीत दर्ज की थी। इस रोमांचक रोमांचक मुकाबले में खिलाड़ियों के एकजुट होकर प्रयास किये जिससे भारतीय टीम ने ये



पहला खिताब जीता।

श्रीसंत ने कहा कि जीत टीम में सभी के सहयोग से मिली साथ ही मुझे लगता है कि धोनी कप्तान थे पर अगर युवराज नहीं होते तो जीतना संभव नहीं रहता। इसलिए हमने सिर्फ धोनी की वजह से विश्व कप नहीं जीता। उनकी कप्तानी अच्छी थी, लेकिन याद रखना होगा कि पूरी टीम में पारिवारिक माहौल था। पूरा प्रबंधन हमारे साथ था। हमने किसी एक व्यक्ति की वजह से विश्व कप नहीं जीता। इसी संस्करण में युवराज ने ग्रुप चरण में इंग्लैंड के खिलाफ स्टुअर्ट ब्रॉड के एक ही ओवर में छह छक्के लगाए थे। फाइनल मुकाबले में पाकिस्तान एक समय जीत के करीब पहुंच गया था। तब धोनी ने अंतिम ओवर में गेंद जोगिंदर शर्मा को देकर बड़ा जोखिम लिया। मिस्बाह-उल-हक के स्ट्राइक पर होने से पाकिस्तान की जीत तय मानी जा रही थी पर मिस्बाह ने गेंद को स्कूप जिसपर श्रीसंत ने कैच पकड़कर भारतीय टीम को जीत दिला दी। श्रीसंत ने इस पर कहा कि हां, मैंने आखिरी कैच लिया था और उससे पहले मैंने अफरीदी का कैच पकड़ा था।



# रणजी ट्रॉफी में खेलेंगे विराट और ऋषभ

नई दिल्ली (ईएमएस)। विराट कोहली और ऋषभ पंत आगामी रणजी ट्रॉफी टूर्नामेंट में दिल्ली की ओर से खेलेंगे। इन दोनो को ही दिल्ली की संभावित खिलाड़ियों की सूची में शामिल किया गया है। रणजी ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट 11 अक्टूबर से शुरू हो रहा है। इसी दिन दिल्ली अपने एलीट प्लेट ग्रुप डी मैच में छत्तीसगढ़ का मुकाबला करेंगी। संभावित खिलाड़ियों की सूची में नवदीप सैनी, आयुष बदोनी, अनुज रावत, यश ढुल आदि भी शामिल हैं। ऋषभ ने हाल में दलीप ट्रॉफी में खेला था। दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) की ओर से 84 संभावित खिलाड़ियों की सूची की घोषणा करते हुए कहा



गया, सीनियर पुरुष चयन समिति की बैठक में समिति ने 2024-25 के घरेलू सत्र में आगामी रणजी ट्रॉफी टूर्नामेंट के लिए दिल्ली पुरुष सीनियर टीम में विचार के लिए निम्नलिखित संभावित खिलाड़ियों का चयन किया है। चयनित खिलाड़ियों के लिए फिटनेस टेस्ट 26 सितंबर 2024 को होगा, जिसमें स्थल का विवरण टीम मैनेजर द्वारा बताया जाएगा।

साथ ही कहा गया, अंतरराष्ट्रीय ड्यूटी पर गये खिलाड़ियों को फिटनेस टेस्ट नहीं देना होगा। इसके अलावा 23 वर्ष से कम उम्र के खिलाड़ियों को, यदि रणजी ट्रॉफी टीम के लिए नहीं चुना जाता है, तो उन्हें ट्रायल में भाग लेने की अनुमति दी जाएगी। पत्र में कहा गया है, अंडर-23 श्रेणी के लिए चयनकर्ताओं का अंतिम निर्णय संबंधित श्रेणियों में खिलाड़ियों की नियुक्ति पर होगा। विराट ने रणजी में अपना अंतिम मैच नवंबर 2012 में उत्तर प्रदेश के खिलाफ खेला था जिसमें वे तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार की गेंद पर दोनों पारियों में 14 और 42 रन बनाकर आउट हो गए थे। 146 प्रथम श्रेणी मैचों में विराट ने 49.86 की औसत से 11,120 रन बनाए हैं जिसमें 36 शतक और 38 अर्द्धशतक शामिल हैं और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 254 है।

### ऋषभ की आईसीसी बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष दस में वापसी

भारतीय क्रिकेट टीम के आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत आईसीसी टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में एक बार फिर शीर्ष दस में पहुंच गये हैं। ऋषभ को बांग्लादेश के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट मैच में शतक लगाने का लाभ मिला है और इसी कारण वह रैंकिंग में ऊपर आये हैं। बांग्लादेश के खिलाफ चेन्नई में खेले गए टेस्ट मैच में शानदार प्रदर्शन के कारण उन्हें 731 रेटिंग अंक प्राप्त हुए और वह टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में छठे स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं भारत के ही यशस्वी जायसवाल भी 751 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर कायम हैं। वहीं भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को रैंकिंग में नुकसान हुआ है। वह पांच स्थान नीचे फिसलकर 716 अंकों के साथ दसवें स्थान पर आ गये हैं। दूसरी ओर, गेंदबाजी रैंकिंग में श्रीलंका के प्रभात जयसूर्या ने न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने अच्छे प्रदर्शन से बेहतर रैंकिंग हासिल की है। जयसूर्या ने 9 विकेट लिए और 743 रेटिंग अंकों के साथ पांच पायदान ऊपर आकर टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में वह आठवें स्थान पर पहुंच गये। श्रीलंका के ही असिथा फर्नांडो 13वें स्थान पर फिसल गये हैं। दूसरी ओर एकदिवसीय क्रिकेट में अफगानिस्तान के रहमानुल्लाह गुरबाज ने 10 पायदान की छलांग लगाई और आठवें स्थान पर पहुंच गए। गुरबाज ने 23 साल की उम्र से पहले ही अपना सातवां शतक लगाया। इससे वह अफगानिस्तान के पहले ऐसे खिलाड़ी बने जो आईसीसी पुरुष एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष 10 में जगह बनाने में सफल हुए हैं। गुरबाज ने इस प्रकार ऑस्ट्रेलिया के ट्रैविस हेड को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ नाबाद 154 रन बनाये थे। अफगानिस्तान के स्पिनर राशिद खान दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 7 विकेट लेकर एकदिवसीय गेंदबाजी रैंकिंग में 8 पायदान ऊप आकर तीसरे स्थान पर पहुंचे।

## शाकिब ने टी20 क्रिकेट से संन्यास लिया

कानपुर (ईएमएस)। बांग्लादेश के अनुभवी ऑलराउंडर शाकिब अल हसन ने टी20 क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। ऐसे में अब वह भारत के साथ दूसरे टेस्ट के बाद होने वाली टी20 सीरीज में नहीं खेलेंगे। इसके अलावा कानपुर में भारत और बांग्लादेश के बीच होने वाला टेस्ट मैच उनका आख़िरी टेस्ट मैच हो सकता है क्योंकि वह टेस्ट को भी अलविदा कहना चाहते हैं। वहीं शाकिब ने कहा कि चैंपियंस ट्रॉफ़ी खेलने के बाद एकदिवसीय से भी संन्यास ले लेंगे।शाकिब ने हालांकि कहा कि अगर स्वदेश में उन्हें पर्याप्त सुरक्षा मिलती है तो वह दक्षिण अफ़्रीका के ख़िलाफ़ खेले जाने वाली टेस्ट सीरीज़ के बाद ही संन्यास ले लेंगे। शाकिब पर बांग्लादेश में हुई हिंसा भड़काने के मामले में हत्या का मामला दर्ज हुआ है जिससे बाद से ही वह परेशान हैं हालांकि कल बोर्ड ने कहा था कि उन्हें बेवजह परेशान नहीं किया जाएगा पर जिस प्रकार के हालात अभी बांग्लादेश में है उसमें दक्षिण अफ्रीका की टीम के भी वहां जाने की संभावना नहीं है। कानपुर टेस्ट से पहले शाकिब ने कहा, मैं दक्षिण अफ़्रीका सीरीज़ के लिए उपलब्ध हूं, लेकिन वहां पर हमारे देश में बहुत कुछ हो रहा है। इसलिए बहुत कुछ मुझ पर निर्भर नहीं करता है। मैंने बीसीबी के साथ टेस्ट क्रिकेट को लेकर अपने भविष्य पर बात की है। यह मेरा अंतिम टेस्ट हो सकता है। हां, अगर अवसर मिला तो मैं मीरपुर में अपना आख़िरी टेस्ट खेलना चाहूंगा। बोर्ड भी यह पक्का करने की पूरी कोशिश कर रहा है कि मैं वहां खेल सकूं और सुरक्षित रहूं। इसके अलावा अगर कभी ज़रूरत हो तो मैं देश से बाहर भी निकल सकूं। बांग्लादेश की अगली टेस्ट सीरीज़ दक्षिण अफ़्रीका के ख़िलाफ़ अक्टूबर में है, जो कि उनकी घरेलू सीरीज़ होगी। शाकिब ने अब तक 70 टेस्ट मैच खेले हैं, जिसमें उनके नाम 4600 रन और 242 विकेट हैं।

## कमिंस, सोशल ने नेट अभ्यास की तस्वीरें सोशल मीडिया में साझा कीं

सिडनी (ईएमएस)। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के कप्तान पैट कमिंस ने इस साल के अंत में होने वाली बॉर्डर गावस्कर सीरीज के लिए अपनी तैयारियां तेज कर दी है। कमिंस ने इस सीरीज के लिए मेजर लीग क्रिकेट के बाद ब्रेक ले लिया था। कमिंस ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो भी साझा किया है। इसमें वह नेट्स पर अभ्यास करते हुए उत्साहित दिख रहे हैं। कमिंस इस दौरान अच्छे फॉर्म में नजर आये। उन्होंने कहा कि वह सीरी के लिए तैयार हो रहे हैं। कमिंस ने कहा, शानदार गर्मियों के लिए तैयार हो रहा हूं। प्री-सीजन ब्रेक के बाद गेंद हाथों में है, चलो चलते हैं! कमिंस ने कहा कि वह बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में ऋषभ पंत पर अंकुश लगाने की रणनीति अपनाएंगे। इस दौरान कमिंस ने कहा ये विकेटकीपर बल्लेबाज एक गेम-चेंजर हैं और उसे शांत रखना जरुरी है। साथ ही कहा कि , वह एक ऐसा खिलाड़ी है जिसने कुछ सीरीज में बड़ा प्रभाव डाला है और हमें उसे रोकना होगा।

## राष्ट्रीय टीम में जगह नहीं थी इसलिए लिया संन्यास : धवन

जोधपुर (ईएमएस)। यहां लीजेंड्स लीग क्रिकेट खेल रहे भारतीय टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने घरेलू क्रिकेट नहीं खेलने का कारण बताया है। धवन के अनुसार जब राष्ट्रीय टीम में वापसी की कोई संभावना ही नहीं थी तो वह घरेलू क्रिकेट खेलकर क्या करते।यही कारण था कि उन्होंने पिछले महीने ही अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी थी। धवन ने भारतीय टीम की ओर से साल 2013 से 2022 के बीच 34 टेस्ट, 167 एकदिवसीय और 68 टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले हैं। धवन ने कहा, मैं घरेलू क्रिकेट नहीं खेलना चाहता था क्योंकि मेरे अंदर से इसे खेलने के लिए प्रेरणा नहीं बची थी। धवन ने साल 2021 में श्रीलंका के खिलाफ मुकाबले में भारतीय टीम की कप्तानी की थी। धवन ने 12 मैच में टीम की कप्तानी की जिसमें से भारतीय टीम ने सात मैच जीते जबकि तीन मैचों में उसे हार झेलनी पड़ी। पिछले साल हुए एकदिवसीय विश्व कप में भी धवन को टीम में जगह नहीं मिली थी। भारतीय टीम की ओर से इस क्रिकेटर ने अंतिम बार अंतरराष्ट्रीय मैच दिसंबर 2022 में खेला था। इस क्रिकेटर ने कहा, अगर मैं पीछे मुड़कर देखूं तो पिछले दो साल में मैं बहुत ज्यादा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेल रहा था और मैं सिर्फ आईपीएल खेल रहा था, इसलिए मैं ज्यादा क्रिकेट नहीं खेल रहा था। उन्होंने आईपीएल में 222 मैचों में दो शतक और 51 अर्धशतक सहित 6769 रन बनाए हैं।

## अभिनेता राणा दग्गुबाती दुबई में भारतीय महिला क्रिकेटरों से मिले

दुबई (ईएमएस)। अभिनेता राणा दग्गुबाती ने टी20 विश्व कप 2024 के लिए दुबई पहुंची भारतीय महिला क्रिकेट टीम का स्वागत किया है। दग्गुबाती ने हवाई अड्डे पर कप्तान हरमनप्रीत कौर सहित महिला क्रिकेटारों से मुलाकात कर उनके साथ तस्वीरें भी खिंचवाईं।इस दौरान हरमनप्रीत ने कहा कि ये टीम अब तक की सबसे अच्छी टीम है। उन्होंने कहा कि टीम इस बार प्रशंसकों की उम्मीदों पर खरा उतरने के प्रयास करेगी। साथ ही कहा कि इस टीम में कुछ खिलाड़ी हैं जो लंबे समय से खेल रहे हैं, और वे अपनी भूमिकाओं को अच्छी तरह से जानते हैं। साथ ही कहा कि पूजा वस्त्राकर अच्छा खेल रही हैं। रेणुका सिंह से उनको सहयोग मिल रहा है। अरुंधति रेड्डी बल्लेबाजी के साथ जरुरत पड़ने पर गेंदबाजी भी कर सकती है। साथ ही कहा कि मैं हर टीम के अपने मजबूत और कमजोर पक्ष होते हैं पर मुझे अपनी टीम पर पूरा भरोसा है। मैं जानती हूं कि वे क्या कर रहे हैं और क्या करने में सक्षम हैं। टी20 विश्व कप में भारतीय टीम का पहला मुकाबल मैच 4 अक्टूबर को दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में न्यूजीलैंड से होगा।

## टी20 सीरीज में अनुभवी खिलाड़ियों को मिलेगा आराम, सूर्यकुमार, हार्दिक और रिंकू सहित कई खिलाड़ियों को मिलेगी जगह

मुम्बई (ईएमएस)। भारतीय टीम बांग्लादेश के खिलाफ अगले माह एक टी20 सिरीज खेलेगी। इसके टीम कई बदलावों के साथ नजर आयेगी क्योंकि टेस्ट खेल रहे कई खिलाड़ियों को आराम दिया जाएगा। ऐसे में टी20 टीम में आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव, ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या, रिंकू सिंह, रियान पराग, संजू सैमसन, शिवम दुबे, वाशिंगटन सुंदर, अर्शदीप सिंह, रवि बिश्नोई, और खलील अहमद को शामिल किया जाएगा। ये खिलाड़ी पहले भी श्रीलंका दौरे पर भारतीय टी20 टीम में शामिल रहे थे। ये टी20 सीरीज 6 अक्टूबर से खेली जाएगी और इसके लिए बीसीसीआई जल्द ही खिलाड़ियों के नामों की घोषणा कर सकती है। इसमें ये तय है कि टेस्ट टीम के ज्यादार खिलाड़ी टी20 टीम में नहीं रहेंगे। टेस्ट सीरीज में शामिल ऋषभ पंत, केएल राहुल, रविचंद्रन अश्विन और जसप्रीत बुमराह को आराम दिया जाना तय है क्योंकि आगे भारतीय टीम को कई टेस्ट सीरीज खेलनी हैं। वहीं तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज, और सरफराज खान भी टी20 टीम में नहीं रहेंगे जबकि शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, आकाश दीप, यश दयाल, और ध्रुव जुरेल में से कुछ को ईरानी कप और आगामी टेस्ट सीरीज को देखते हुए आराम दिया जा सकता है।

## भारतीय टीम इस बार टी20 महिला विश्व कप क्रिकेट खिताब जीतेगी : पूनम यादव

नई दिल्ली (ईएमएस)। लेग स्पिनर पूनम यादव ने कहा है कि भारतीय टीम इस बार महिला टी20 विश्व कप जीतेगी। भारतीय टीम अपने पहले मैच में 4 अक्टूबर को न्यूजीलैंड का मुकाबला करेगी। पूनम को हालांकि इस टीम में जगह नहीं मिली है पर उसका मानना है भारत ने अपनी सर्वश्रेष्ठ टीम भेजी है।

पूनम ने कहा कि टीम के नये कोच अमोल मजूमदार के आने के बाद फील्डिंग और फिटनेस भी बेहतर हुई है। इसके अलावा स्किल कैंप से भी टीम को लाभ होगा। पूनम ने कहा कि इससे अपने खेलने के स्थान को लेकर खिलाड़ी आश्वस्त रहता है जिससे वह अपना खेल भी बेहतर बना सकता है। साथ ही कहा कि इन सभी का लाभ विश्वकप में मिलेगा। भारतीय टीम को इससे पहले साल 2020 में अपने पहले टी20 विश्व कप फाइनल में हार का सामना करना पड़ा था। तब भारतीय टीम 185 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 99 रनों पर ही सिमट गयी थी। साल 2022 के पिछले टी20 विश्व कप में भी भारतीय टीम सेमीफाइनल में पहुंची थी पर तब उसे ऑस्ट्रेलिया ने हरा दिया था। पूनम के अनुसार जिस प्रकार से टीम ने कोच की निगरानी में अच्छी तैयारी की है उसका भी उसे लाभ मिलेगा। इससे अंदाजा होता है कि इस बार टीम जीत में कोई कमी नहीं रखेगी।

# मंत्रिसमूह ने 12 प्रतिशत 'स्लैब' में कटौती पर की चर्चा, 20 अक्टूबर को होगी अगली बैठक

**पश्चिम** बंगाल की वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने गुरुवार को कहा कि जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने पर गठित मंत्रिसमूह ने 100 से अधिक वस्तुओं पर कर की दरों में बदलाव पर चर्चा की है। उन्होंने बताया कि आम आदमी को राहत देने के लिए कुछ वस्तुओं पर कर की दर को 12 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत करने का मुद्दा भी इसमें शामिल है। भट्टाचार्य ने कहा कि मंत्री समूह की अगली बैठक 20 अक्टूबर को होगी। साइकिल और बोतलबंद पानी पर कर को तर्कसंगत बनाने पर भी चर्चा की जाएगी। छह सदस्यीय मंत्रिसमूह (GOM) ने बुधवार को बैठक की और 12 प्रतिशत 'स्लैब' में चिकित्सा तथा औषधि से संबंधित वस्तुओं पर कर दर में कटौती का मुद्दा भी उठाया तथा अगले महीने होने वाली अपनी बैठक में इस पर चर्चा करने का निर्णय लिया है।

ऐसी वस्तुओं पर कर की दर कम करने के कारण होने वाली राजस्व हानि की भरपाई के लिए, मंत्री समूह ने 'ऐराटिड' जल व पेय पदार्थों सहित कुछ वस्तुओं पर कर की दर को वर्तमान 28 प्रतिशत जीएसटी तथा उपकर से बढ़ाने की संभावना पर भी चर्चा की। वर्तमान में, माल एवं सेवा कर (जीएसटी) एक चार-स्तरीय कर संरचना है। इसमें 5, 12, 18 और 28 प्रतिशत की 'स्लैब' हैं। हालांकि, जीएसटी कानून के तहत वस्तुओं तथा सेवाओं पर 40 प्रतिशत तक का कर लगाया जा सकता है। भट्टाचार्य ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, जीएसटी के तहत औसत कर की दर 2024 में घटकर 11.56 प्रतिशत हो गई है। पश्चिम बंगाल ने सुझाव दिया कि जीएसटी परिषद की 23वीं बैठक में लिए गए निर्णय पर फिर से विचार



किया जाना चाहिए जिसमें 28 प्रतिशत के 'स्लैब' को हटाकर 178 वस्तुओं पर कर की दरें घटाई गई थीं। इससे अधिक राजस्व जुटाने में मदद मिलेगी और साथ ही वस्तुओं पर कर की दर को घटाकर पांच प्रतिशत पर लाकर आम आदमी को राहत मिलेगी।
मंत्री समूह 20 अक्टूबर की बैठक में अपने सदस्यों के विचारों पर आगे विमर्श करेगा और अपनी सिफारिशें जीएसटी परिषद के समक्ष रखेगा। जीएसटी परिषद की अध्यक्षता केंद्रीय वित्त मंत्री करेंगी तथा जिसमें सभी राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों के मंत्री शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि आम आदमी द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली वस्तुओं पर कर की दरें कम होनी चाहिए तथा खाद्य वस्तुओं को 12 प्रतिशत की दर से पांच प्रतिशत की दर पर लाने से कीमतों में कमी के रूप में उन्हें राहत मिलेगी।

### हेल्थ इंश्योरेंस पर जीएसटी कम होगा या नहीं, अगले महीने मंत्रिसमूह की बैठक में होगा फैसला

स्वास्थ्य व जीवन बीमा प्रीमियम पर माल एवं सेवा कर कम करने का निर्णय लेने के लिए मंत्रिस्तरीय समिति की पहली बैठक 19 अक्टूबर को होगी। बता दें कि बीमा प्रीमियम पर वर्तमान में 18 प्रतिशत जीएसटी लगाया जाता है। इस कर को हटाने या कम करने की मांग की जा रही है। जीएसटी परिषद ने इस महीने की शुरुआत में अपनी बैठक में स्वास्थ्य व जीवन बीमा प्रीमियम पर कर के बारे में निर्णय लेने के लिए 13 सदस्यीय मंत्री समूह गठित करने का निर्णय लिया था। बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी मंत्री समूह के संयोजक हैं। इसमें उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, केरल, आंध्र प्रदेश, गोवा, गुजरात, मेघालय, पंजाब, तमिलनाडु और तेलंगाना के मंत्री शामिल हैं। मंत्री समूह को अक्टूबर के अंत तक परिषद को अपनी रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया है। बीमा प्रीमियम पर कर के मुद्दे पर परिषद द्वारा अंतिम निर्णय नवंबर में होने वाली अगली बैठक में लिया जाएगा, जो मंत्रिसमूह की रिपोर्ट पर आधारित होगी।

## वेदांता की एक बार फिर डिविडेंड देने की तैयारी, 8 अक्टूबर को बोर्ड मीटिंग में हो सकता है एलान

अनिल अग्रवाल की अगुवाई वाली मेटल और माइनिंग कंपनी वेदांता लिमिटेड के शेयरहोल्डर्स के लिए गुड़ न्यूज आई है। कंपनी एक बार फिर अपने शेयरधारकों को डिविडेंड देने की तैयारी कर रही है। इस खबर के बाद कंपनी के शेयर गुरुवार के इंट्रा-डे कारोबार के दौरान शेयर 3.30 प्रतिशत बढ़कर 495.45 रुपये तक पहुंच गए। बता दें कि वेदांता ने चालू वित्त वर्ष के लिए चौथी बार अंतरिम डिविडेंड देने का एलान किया है जिसके चलते कंपनी के शेयरों में उछाल देखने को मिला है। वेदांता ने एक एक्सचेंज फाइलिंग में कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 के लिए चौथे अंतरिम डिविडेंड पर विचार करने, अगर कोई हो, और मंजूरी देने को लेकर कंपनी के बोर्ड ऑफ़ डायरेक्टर्स की मंगलवार, 8 अक्टूबर को बैठक रखी गई है।
एक्सचेंजों पर उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, वेदांता ने डिविडेंड के लिए इक्विटी शेयरधारकों की पात्रता निर्धारित करने के उद्देश्य से बुधवार, 16 अक्टूबर, 2024 को 'रिकॉर्ड तिथि' के रूप में पहले ही तय कर लिया है। उल्लेखनीय है कि वेदांता का अपने शेयरधारकों को डिविडेंड देने का एक समृद्ध इतिहास है। बीएसई पर उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, कंपनी ने इस वित्त वर्ष की शुरुआत में तीन अलग-अलग मौकों पर 11 रुपये, 4 रुपये और 20 रुपये का अंतरिम डिविडेंड दिया है। मौजूदा मार्केट वैल्यू पर 26 सितंबर, 2024 तक वेदांता के शेयरों की लाभांश यील्ड 7.23 प्रतिशत है।

### डिजिटल लेंडर्स ने पहली तिमाही में बांटा 37,676 करोड़ का लोन

डिजिटल लेंडर्स ने वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में 37,676 करोड़ रुपए के 2.64 करोड़ लोन बांटे हैं। लोन के वॉल्यूम में सालाना आधार पर 15 फीसदी और लोन की वैल्यू में 27 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। फिनटेक एसोसिएशन फॉर कंज्यूमर एम्पावरमेंट (एफएसीई) द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक इस तिमाही में लोन का औसत टिकट साइज 12,997 रुपए रहा, जो कि 2023-24 की पहली तिमाही के मुकाबले 16 फीसदी ज्यादा है। आंकड़ों से साफ होता है कि डिजिटल क्रेडिट की मांग मजबूत बनी हुई है, जिसमें वित्तीय समावेशन की महत्वपूर्ण भूमिका है। एफएसीई के सीईओ सुगंध सक्सेना ने बताया कि हमारी सदस्य कंपनियों ने कंज्यूमर गाइडलाइन और विवेकपूर्ण रिस्क मैनेजमेंट के जिरए से ग्राहकों की क्रेडिट जरूरतों को पूरा किया है, जिससे वे सभी पक्षकारों का विश्वास जीतने में सफल रहे हैं। रिपोर्ट में यह भी बताया कि अप्रैल से जून की अवधि में 11 कंपनियों ने पांच लाख से ज्यादा लोन दिए हैं, जिनकी कुल वॉल्यूम में 93 फीसदी हिस्सेदारी रही। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में करीब 55 फीसदी कंपनियों की वॉल्यूम में बढ़ोतरी हुई है, जबकि 80 फीसदी कंपनियों ने लोन की वैल्यू में इजाफा किया है।

## 2030 तक बुलेट की गति से दौड़ेगी भारतीय अर्थव्यवस्थाः गोल्डमैन सैश

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** भारत 2030 तक दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बने रहने की संभावना है। यह बात ग्लोबल ब्रोकरेज हाउस गोल्डमैन सैश द्वारा जारी रिपोर्ट में कही गई है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत की स्थिर आय और मजबूत आर्थिक विकास के कारण अर्थव्यवस्था वैश्विक चुनौतियों के बावजूद मजबूती से आगे बढ़ रही है। गोल्डमैन सैश ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि भारत की निफ्टी की कुल आय और बाजार पूंजीकरण पिछले पांच वर्षों में 18 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से बढ़ी है। रिपोर्ट में बताया गया कि जैसे-जैसे अर्थव्यवस्था का विकास होगा, निवेश चक्र की ओर शिफ्ट होने की संभावना है, इसमें ऑटोमोबाइल, रियल एस्टेट और केमिकल जैसे उद्योगों में मुनाफे की हिस्सेदारी में बढ़ोतरी हो सकती है। यह आर्थिक गतिविधियों और निवेश प्रवाह को भी प्रोत्साहित करेगा। बात दें कि इसके पहले मूडीज ने कहा था कि भारतीय अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2024-25




में 7.1 प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है, जबकि एसएंडपी ग्लोबल ने इस दर को 6.8 प्रतिशत बताया था। साथ ही वित्त वर्ष 2025-26 में भारतीय जीडीपी वृद्धि दर 6.9 प्रतिशत रहने की संभावना है।

हालांकि, ग्लोबल रेटिंग एजेंसियों ने जून तिमाही में भारत की जीडीपी वृद्धि में मामूली गिरावट की आशंका जाहिर की है। इसका प्रमुख कारण अधिक ब्याज दरों के चलते शहरी मांग में कमी और खाद्य महंगाई को बताया गया है। आरबीआई के लिए ब्याज दरों में कटौती करने की सबसे बड़ी चुनौती महंगाई पर नियंत्रण है।

रिपोर्ट के अनुसार, इस वर्ष अक्टूबर में आरबीआई ब्याज दरों में कटौती कर सकता है, और चालू वित्त वर्ष में दो बार ब्याज दर में कटौती की संभावना है। भारत की बढ़ती जीडीपी और सकारात्मक निवेश माहौल इस बात का संकेत है कि देश आने वाले वर्षों में भी आर्थिक रूप से वैश्विक मंच पर अपनी मजबूत पकड़ बनाए रखेगा।

## लॉफिंग ज़ोन

एक दुकान के बाहर लिखा था : इन्सानों की तरह बात करने वाला कुत्ता बिकाऊ है।

एक आदमी दुकानदार से जाकर बोला : मैं उस कुत्ते को देखना चाहता हूं। दुकानदार ने कहा : साथ के कमरे में बैठा है, जा कर मिल लो।

ग्राहक उस कमरे में गया। कुर्सी पर बैठे कुत्ते से पूछा : क्यों भई, तुम यहां क्या कर रहे हो?

कुत्ते ने बताया : कर तो मैं बहुत कुछ सकता हूं, लेकिन आजकल इस दुकान की रखवाली करता हूं। इससे पहले अमेरिका के जासूसी महकमे में काम करता था और कई खूंखार आतंकवादियों को पकड़वाया, फिर मैं इंग्लैंड चला गया जहां पुलिस के लिए मुखबरी करता था। एक साल बाद यहां आ गया।

उस आदमी ने दुकानदार से पूछा : इतने गुणवान कुत्ते को आप बेचना क्यों चाहते हैं?

जवाब मिला : अव्वल नंबर का झूठा है।

☺ ☺ ☺

रेलवे स्टेशन पर एक मुसाफिर कुली से बोला : मुझे ऐसी जगह बैठाना जहां धक्का - मुक्की और शोर-शराबा न हो।

कुली ने उसे माल गाड़ी में बैठा दिया।

## आज का इतिहास

1854 अटलांटिक महासागर में वाष्पचालित जहाज आर्कटिक तीन सौ लोगों के साथ डूब गया.
1933 लीग ऑफ नेशंस ने चीन पर हमले के लिए जापान को दोषी ठहराया.
1955 जापान के होंशु द्वीप में तुफान से लगभग पांच हजार लोग मारे गए.
1968 फ्रांस ने यूरोपीय साझा बाजार में ब्रिटेन के प्रवेश पर वीटो किया.
1973 सोवियत संघ दो अंतरिक्ष यात्रियों सहित यान का प्रक्षेपण किया.
1996 अफगानिस्तान में तालिबान ने काबुल पर कब्जे के बाद पूर्व राष्ट्रपति नजीबुल्ला को फांसी पर लटका दिया.
2002 शिवानी हत्याकांड के अभियुक्त आई. जी. रविकांत शर्मा ने अंबाला की अदालत में आत्मसमर्पण किया.
2002 पूर्वी तिमोर संयुक्त राष्ट्र का 191वां सदस्य बना.
2004 आगरा में ताजमहल के 350 वर्ष पूरे होने के अवसर पर ताज महोत्सव शुरु.

## दैनिक पंचांग

**27 सितम्बर 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कन्या में | तुला | 07.20 बजे से |
| चंद्र | कर्क में | वृश्चिक | 09.35 ब.से |
| मंगल | मिथुन में | धनु | 11.51 बजे से |
| बुध | कन्य में | मकर | 13.56 बजे से |
| गुरु | वृष में | कुंभ | 15.43 बजे से |
| शुक्र | तुला में | मीन | 17.16 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मेष | 18.46 बजे से |
| राहु | मीन में | वृष | 20.26 बजे से |
| केतु | कन्या में | मिथुन | 22.24 बजे से |
| राहुकाल | | कर्क | 00.38 बजे से |
| 10.30 से | | सिंह | 02.54 बजे से |
| 12.00 बजे तक | | कन्या | 05.06 बजे से |

**शुक्रवार** 2024 वर्ष का 271 वां दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** शरद। **विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946 **मास** आश्विन (दक्षिण भारत में भाद्रपद) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** दशमी 13.21 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** पुष्य 01.21 बजे रात्र को समाप्त। **योग** शिव 23.34 बजे को समाप्त। **करण** विष्टि 13.21 बजे तदनन्तर बव 02.02 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 23.9 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 01° 44' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872115 **जूलियन दिन** 2460580.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2550 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** रवि उलावल **तारीख** 23 **विशेष** एकादशी श्राद्ध, विश्व पर्यटन दिवस।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से | 07.23 बजे तक | रोग | 05.38 से | 07.1 बजे तक |
| लाभ | 07.23 से | 08.51 बजे तक | काल | 07.11 से | 08.43 बजे तक |
| अमृत | 08.51 से | 10.19 बजे तक | लाभ | 08.43 से | 10.15 बजे तक |
| काल | 10.19 से | 11.47 बजे तक | उद्वेग | 10.15 से | 11.47 बजे तक |
| शुभ | 11.47 से | 01.15 बजे तक | शुभ | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| रोग | 01.15 से | 02.43 बजे तक | अमृत | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 से | 04.10 बजे तक | चर | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| चर | 04.10 से | 05.38 बजे तक | रोग | 04.23 से | 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली -6700

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | ■ | 3 | ■ | 4 | 5 |
| | ■ | 6 | | ■ | 7 | 8 | ■ | |
| 9 | 10 | | ■ | 11 | ■ | 12 | 13 | |
| ■ | | ■ | 14 | | 15 | ■ | | ■ |
| 16 | | | | ■ | 17 | | | |
| ■ | | ■ | 18 | 19 | | ■ | | ■ |
| 20 | | 21 | ■ | | ■ | 22 | | 23 |
| | ■ | 24 | 25 | ■ | 26 | | ■ | |
| 27 | | ■ | | ■ | | ■ | 28 | |

**बाएँ से दाएँ**
1. उचित, गलत का विलोम-2
4. अधिकार-2
6. परछाई-2
7. सम्मान, प्रसिद्धि-2
9. उल्टी, कै, वमन-3
12. रंग (अंग्रेजी-3)
14. चंचल, फुर्तीला-3
16. भयभीत होना-4
17. फुर्तीलापन-4
18. बसंत काल-3
20. भ्रम, वहम-3
22. आश्रय, शरण-3
24. राजनीतिक पार्टी-2
26. शारीरिक ऊंचाई-2
27. गन्ना-2
28. शाखा, टहनी-2

**ऊपर से नीचे**
1. नमस्ते, आदाब-3
2. देह, बदन, तन-2
3. शराब, मदिरा-2
5. डोली उठानेवाले-3
6. पत्नी की छोटी बहन -2
8. वहम, संदेह-2
10. जरुरतमंद-5
11. नाग, सर्प-2
13. आनंदित होना -5
14. भारत से निकलने वाली नदी जो पाकिस्तान में खत्म होती है-3
15. ढीला, सुस्त-3
19. नुकसान, घाटा-2
20. सद्कार्य-3
21. नशा, सरुर, खुमार-2
22. ओहदा -2
23. भवन, कोठी-3
25. क्षण, पल-2
26. कलिका, फूल खिलने से पहले की स्थिति-2

**शब्द पहेली -6699 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | क | हा | नी | ■ | प | ती | ला | ■ |
| मा | ला | ■ | र | ■ | र | ■ | बा | दा |
| म | ■ | ■ | ब | र | ख | न | ■ | ला |
| ला | य | क | ■ | न | ■ | म | न | न |
| ■ | ■ | र | पी | ■ | तों | की | ■ | ■ |
| सू | र | त | ■ | अ | ■ | न | श्र | र |
| री | ■ | ब | ह | स्स | ना | ■ | ■ | की |
| ला | ख | ■ | टा | ■ | ह | ■ | र | ब |
| ■ | र | का | ना | ■ | क | ल | म | ■ |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## अंकजाल - 6241

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 25 | 19 | 23 | ■ | 31 | 19 | 16 | 11 | ■ |
| 14 | | 2 | | ■ | | 8 | | 4 | 24 |
| 18 | 9 | | 7 | ■ | 5 | | 7 | | 25 |
| 13 | | 8 | | ■ | | 3 | | 2 | 16 |
| 32 | 6 | | 9 | | 7 | ■ | ■ | ■ | ■ |
| ■ | ■ | ■ | ■ | 2 | | 9 | | 3 | 21 |
| 26 | 8 | | 6 | | ■ | | 6 | | 13 |
| 18 | | 2 | | 6 | ■ | 3 | | 7 | 14 |
| 29 | 8 | | 5 | | ■ | | 4 | | 14 |
| ■ | 21 | 15 | 16 | 26 | ■ | 21 | 16 | 18 | ■ |

खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.

**अंकजाल 6240 का हल**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 19 | 24 | 21 | ■ | 20 | 20 | 18 | 16 | ■ |
| 18 | 8 | 6 | 4 | ■ | 6 | 8 | 7 | 5 | 26 |
| 15 | 4 | 9 | 2 | ■ | 7 | 5 | 8 | 7 | 27 |
| 16 | 5 | 3 | 8 | ■ | 2 | 7 | 3 | 4 | 16 |
| 28 | 2 | 6 | 7 | 9 | 3 | ■ | ■ | ■ | ■ |
| ■ | ■ | ■ | ■ | 7 | 2 | 5 | 7 | 2 | 23 |
| 29 | 5 | 7 | 8 | 9 | ■ | 2 | 3 | 5 | 10 |
| 22 | 6 | 7 | 3 | 6 | ■ | 4 | 5 | 2 | 11 |
| 18 | 5 | 6 | 3 | 4 | ■ | 7 | 8 | 8 | 25 |
| ■ | 16 | 20 | 14 | 35 | ■ | 18 | 23 | 17 | ■ |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग-5185

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 3 | 7 | | 2 | |
| | 29 | 4 | 36 | 6 | 29 | |
| 5 | | | | 1 | 6 | 3 |
| | 33 | 6 | 33 | 7 | 32 | |
| 6 | | | 5 | | | 4 |
| | 32 | 5 | 29 | | 34 | 7 |
| 7 | | 2 | | 3 | 1 | 5 |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

**अष्टयोग 5184 का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 1 | 3 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 26 | 7 | 40 | 5 | 32 | 3 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 1 | 2 | 6 |
| 7 | 36 | 6 | 32 | 3 | 26 | 2 |
| 6 | 3 | 2 | 5 | 4 | 1 | 7 |
| 4 | 28 | 5 | 28 | 2 | 33 | 1 |
| 3 | 4 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## गणित पहेली -4545

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 94 | | 91 | | 15 | | 7 | = | 11 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 33 | | 20 | | 24 | | 15 | = | 22 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 50 | | 44 | | 24 | | 15 | = | 15 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 39 | | 56 | | 2 | | 35 | = | 58 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 50 | | 11 | | 61 | | 42 | = | 58 / 76 |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

### संकेत

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (x) व (÷) के निशान लगाने हैं जिनका उत्तर (=) पूर्णतः मेल खाता हो.

**गणित पहेली -4544**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 39 | + | 42 | - | 10 | - | 5 | = | 66 |
| + | ■ | - | ■ | + | ■ | + | ■ | - |
| 50 | ÷ | 5 | + | 75 | - | 65 | = | 20 |
| + | ■ | - | ■ | - | ■ | - | ■ | + |
| 97 | - | 10 | - | 26 | - | 49 | = | 12 |
| - | ■ | + | ■ | - | ■ | + | ■ | - |
| 63 | + | 5 | - | 45 | - | 3 | = | 20 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 123 | - | 32 | - | 14 | - | 24 | = | 53 / 38 |

## शब्दजाल - 6232

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ज | ग | र | ग | द | रि | सि | या | र | क |
| दा | वि | ल | ग | व | जी | ग | द | इ | ता | ली |
| गि | स | शे | ल | बा | छ | ची | ता | रा | क | क |
| री | ज | र | दो | पु | ज | न | ह | न | त | क |
| क | खु | दो | भा | लू | लं | का | म | ग | व | क |
| जी | द | ल | प | य | ख | पू | ना | हि | र | को |
| ती | लो | म | ड़ी | या | प | र | श | र | र | ल |
| क | र्ज | ल्जा | ई | धा | ब | क | गो | लो | श | ण |
| ने | बा | म | न्न | ब्रा | ह | त्या | री | श | प | क |
| तें | दु | आ | प | व | जी | र्त | ऐ | बें | हा | त |
| क | दु | ल्हे | रा | नी | ल | गा | य | द | प | थ |

शब्द जाल में 10 जंगली जानवरों के नाम ढूंढिए. नाम उपर से नीचे एवं तिरछे हो सकते हैं.

शेर, लोमड़ी, सियार, भालू, खरगोश, अजगर, चीता, तेंदुआ, हिरण, नीलगाय

**शब्दजाल - 6231 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श | रा | ज | मी | दा | र | तू | ग | झ | क | कि |
| सू | ल | दा | ह | रिं | लै | ता | दि | शा | को | रा |
| बे | पु | बे | गु | दा | ल | सि | बे | ला | ल | ये |
| दा | दा | दा | धा | हा | क | प | हा | दा | र | दा |
| र | श | र | ष | उ | व | री | ग | स | र | र |
| रं | रि | प | व | दा | त | रे | ती | प | न | ती |
| गा | ल | ख | अं | र | म | प | दा | ला | व | क |
| बा | जी | वा | री | क | छ | सौ | न | र | जू | क |
| स | थो | तें | व | द | ज | दा | ने | दा | र | द |
| र | ल | प | ति | रं | दा | ऐ | वें | न | रु | थो |
| कां | टे | दा | र | ग | कु | र | जा | एं | प | क |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

# लोकसभा निर्वाचन से सीखते हुए आगामी विधानसभा चुनाव में सुरक्षा का सुदृढ़ प्रबंधन सुनिश्चित करें: के. रवि कुमार



रांची। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री के. रवि कुमार ने कहा कि राज्य में विधानसभा चुनाव के लिए तैयारियों को पदाधिकारी मूर्त रूप देना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि विगत लोकसभा चुनाव में विभिन्न माध्यमों से आए शिकायतों को संज्ञान में रखते हुए आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियां सुनिश्चित करें। आगामी विधानसभा चुनाव में सुरक्षा का सुदृढ़ प्रबंधन सुनिश्चित करें। वे आज निर्वाचन सदन से लोकसभा निर्वाचन संबंधी मामलों एवं आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों से संबंधित विभिन्न विषयों पर सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारियों एवं पुलिस अधीक्षकों के साथ ऑनलाइन माध्यम से समीक्षा बैठक कर रहे थे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि सभी बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर से इस बात का सर्टिफिकेट अवश्य लें कि उनके क्षेत्र में मतदाता सूची में एक भी गलत विलोपन न हुआ हो। उन्होंने कहा कि निर्वाचन में जीरो रिस्क के साथ सभी सुरक्षा मानकों को सुदृढ़ करने की तैयारी करें। सभी चेकपोस्टों पर वेबकास्टिंग सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन में सभी प्रवर्तन एजेंसियां सुदृढ़ता से इस बात को सुनिश्चित करेंगे की राज्य में कोई भी अवैध लेनदेन अथवा आवागमन न हो इसे कठोरता से प्रतिबंधित करें। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने इस अवसर पर एएसडी सूची, मतदाता सूची में गलत विलोपन, सुरक्षा प्रबंधन, अवैध सामग्रियों का आवागमन आदि विषयों पर बिंदुवार समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी श्री ए वी होमकर, डीआईजी धनंजय कुमार सिंह, डीआईजी इंद्रजीत महथा, डीआईजी अश्विनी कुमार सिन्हा, ओ एस डी श्रीमती गीता चौबे, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री देव दास दत्ता सहित निर्वाचन से संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## बरकट्ठा थाना पुलिस ने ब्राउन शुगर के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर भेजा जेल



बरकट्ठा(हज़ारीबाग)। ब्राउन शुगर के साथ दो लोगों को बरकट्ठा थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है।गुरुवार को मिली सूचना पर थाना प्रभारी राजेश कुमार भोक्ता ने कार्रवाई किया।पुलिस ने ग्राम घंघरी स्थित पैट्रोल पंप के समीप ब्राउन शुगर बेचने आए दोनों लोगों को घर दबोचा।पुलिस ने तस्कर ग्राम सोहरा चौपारण निवासी अंजन कुमार राणा पिता चमारी राणा तथा ग्राम कुनडवा बरही निवासी रामकिशन राणा पिता रामेश्वर राणा को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार दोनों युवकों के पास से पुलिस ने 14 ग्राम ब्राउन शुगर एवं वेट मशीन जप्त किया है।इस बाबत बरकट्ठा थाना में कांड संख्या 187/24 धारा 21बी, 22 बी एवं एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। गिरफ्तार दोनों आरोपियों को पुलिस ने मेडिकल जांच के बाद सेंट्रल जेल हजारीबाग भेज दिया है।

## डी ए वी नंदराज में आत्मसुरक्षा शिविर प्रारंभ: आत्मसुरक्षा ही राष्ट्र सुरक्षा है, आओ सबल बनो- विनय कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी



**कोयलांचल संवाद संवाददाता, रांची** : गुरुवार को डी. ए. वी.नंदराज पब्लिक स्कूल बरियातु में साप्ताहिक आत्मसुरक्षा शिविर का शुभारंभ किया गया,जिसमें दिल्ली के जाने माने प्रशिक्षक श्री रूपेंद्र आर्य जी आए हुए हैं । यह शिविर 26 सितंबर से 2 अक्टूबर तक प्रतिदिन चलेगा जिसमें 160 आठवीं , नौवीं और ग्यारहवीं के चयनित बच्चे भाग ले रहे हैं। यह झारखंड, बिहार का इस तरह का प्रथम शिविर है जहां आत्मसुरक्षा का प्रशिक्षण दिया जा रहा है । इस कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि श्री विनय कुमार (जिला अधिकारी ,रांची) ने किया। सर्वप्रथम हवन ,ध्वजारोहण तथा मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्ज्वलित किया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि हमारी शिक्षा पहले समृद्ध थी। वहां बेकार कोई नहीं होता था। सभी सबल होते थे ।आप याद रखें जैसा खाओगे वैसा बन जाओगे। हमारा इतिहास स्वर्णिम रहा है । आप बंदा वैरागी , शिवाजी और झांसी की रानी लक्ष्मीबाई के संतान है। इस कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन के श्री प्रेम प्रकाश आर्य, श्री राजेन्द्र आर्य,श्री अजय आर्य श्री संजय पोद्दार आदि उपस्थित थे। सर्वप्रथम प्राचार्य डॉ रवि प्रकाश तिवारी ने शिविर का विस्तार पूर्वक परिचय देते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से बच्चों में शारीरिक , मानसिक, आध्यात्मिक और भावनात्मक सबलता तो आती ही है साथ ही बच्चे अपनी और समाज की सुरक्षा भी करने में समर्थ होते हैं |उद्घाटन के बाद बच्चों का प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ ।इसमें उन्हें डंबल, भाला ,लाठी ,लेजियम आदि सिखाया गया |तत्पश्चात सभी अतिथियों ने अपने अमूल्य वचनों से सभी का मार्गदर्शन किया| राष्ट्रीय गान के साथ उद्घघाटन कार्यक्रम समाप्त हुआ।

## सीसीएल में सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत रक्तदान शिविर का आयोजन



**कोयलांचल संवाद संवाददाता, रांची** : सीसीएल के मुख्य सतर्कता अधिकारी (CVO) श्री पंकज कुमार के मार्गदर्शन में केंद्रीय अस्पताल रामगढ़ द्वारा सीसीएल में जारी सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत सीएसआर विभाग के तत्वावधान में मिलिट्री इंजीनियरिंग सर्विसेज, रामगढ़ के सहयोग से एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि इस वर्ष के अभियान का थीम "ईमानदारी की संस्कृति, राष्ट्र की समृद्धि के लिए" है और यह अभियान 16 अगस्त से प्रारम्भ हो चुका है। उक्त कार्यक्रम का उद्घाटन आदरणीय श्री रोहित साथी, आईडीएसई, ईई, गैरिसन इंजीनियर, एमईएस, रामगढ़ एवं माननीय सीएमओ प्रभारी डॉ. भास्कर चक्रवर्ती ने किया। कार्यक्रम में सीसीएल के कर्मचारियों, श्रमिक संघ के सदस्यों और बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया, जिसमें 30 रक्तदाताओं की जाँच की गई तथा 18 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया जिसे जरूरतमंद मरीजों के इलाज के लिए उपयोग किया जाएगा।

## चंदरा व सदमा पंचायत में जंगली हाथियों का आतंक से ग्रामीणों में डर का माहौल



ओरमांझी(मोहसीन आलम):ओरमांझी प्रखंड क्षेत्र सदमा व चंदरा पंचायत में पिछले तीन चार दिनों से जंगली हाथियों के आतंक ने ग्रामीणों के बीच डर का माहौल बना दिया है। हाथियों ने कई घरों और फसलों को नुकसान पहुंचाया है, जिससे ग्रामीणों को भारी नुकसान हुआ है।ग्रामीणों ने बताया कि हाथियों के आतंक से वे अपने घरों में नहीं रह सकते और उनकी सुरक्षा को खतरा है।उन्होंने प्रशासन से हाथियों को हटाने की मांग की है।क्षेत्र में पहुंचे 23 जंगली हथियों के झुण्ड ने घरों और लगभग 10 एकड़ फसल को नुकसान पहुंचाया है।ग्रामीणों को अपने घरों में रहने में डर सता रहा है। प्रशासन से हाथियों को हटाने की मांग की गई है।इस संबंध में सदमा पंचायत के मुखिया सुनील उरांव ने कहा कि हम जंगली हाथियों के आतंक की समस्या का समाधान करने के लिए विभागीय व प्रशासनिक पदाधिकारी से बात करते हुए हाथियों को हटाने की मांग कर रहे हैं एवं घरों की क्षति तथा फसलों की नुकसान की मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया ।साथ ही ग्रामीणों की सुरक्षा और फसलों की सुरक्षा के साथ घरों की क्षतिपूर्ति लिए आवश्यक कदम उठाएंगे।

## कैबिनेट की बैठक में वैश्य मोर्चा के मुद्दों पर विचार किया जाये : महेश्वर साहु

रांची: झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आग्रह किया है कि 27 सितंबर को होने वाले कैबिनेट की बैठक में वैश्य मोर्चा के मुद्दों पर विचार किया जाये. श्री साहु ने आज एक प्रेस रिलीज जारी कर कहा है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को वैश्य एवं पिछड़ों को भी साथ लेकर चलना चाहिए, ताकि सामाजिक समरसता एवं समीकरण बना रहे.

## 1 लाख के इनामी नक्सली गिरफ्तार:राइफल के साथ जिंदा कारतूस बरामद, शहीद सप्ताह में दहशत फैलाने की बना रहा था योजना




गिरिडीहः गिरिडीह पुलिस ने एक लाख के इनामी नक्सली को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसे पीरटांड़ इलाके से पकड़ा है। जहां उसके निशानदेही पर 3 राइफल, 1418 जिन्दा कारतूस, 1 रायफल गोली, प्रिंटर मशीन, हार्डडिस्क, मोबाइल फोन समेत कई सामान बरामद किया गया है। गुरुवार को एसपी डॉ विमल कुमार ने पत्रकार सम्मेलन का आयोजन कर इसकी जानकारी दी है।

### सूचना मिलने के बाद एसपी ने किया टीम गठन

उन्होंने बताया कि सूचना मिली थी कि भाकपा माओवादी संगठन के 1 लाख रूपये के इनामी नक्सली लक्ष्मण राय पीरटांड थाना क्षेत्र के लेढ़वा गांव आया है और वह वहां पर संगठन का बैठककर शहीद सप्ताह के दौरान दहशत फैलाने, लेवी वसूलने, लोक शांति भंग करने, सरकारी विकास कार्यों को अवरोध करने तथा विध्वंसक कार्रवाई करने की योजना बना रहा है। इसी सूचना पर विशेष टीम गठित कर सीआरपीएफ के सहयोग से लेढ़वा गांव के उत्तर दिशा की ओर जंगल में पहुंचकर योजना के अनुसार अलग-अलग भागों में बंटकर उक्त जंगल की घेराबंदी करते हुए आगे बढ़ने लगी।

### घेराबंदी कर पुलिस ने भागते हुए पकड़ा

वहीं इस दौरान एक व्यक्ति पुलिस बल को देखकर तेजी से जंगल की ओर भागने लगा, जिसके हाथ में एक हथियार दिखाई दिया। जिसके बाद पुलिस बल ने घेराबंदी करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया और उसके पास मौजूद हथियार को जब्त कर लिया गया। गिरफ्तार नक्सली पीरटांड के लेढ़वा का रहने वाला (65) वर्षीय लक्ष्मण राय उर्फ रमेश्वर राय उर्फ रमी है, जो भाकपा माओवादी दस्ता का एक सक्रिय इनामी नक्सली है। पुलिस के अनुसार उसका पुराना आपराधिक इतिहास रहा है।

## मंइयां सम्मान यात्रा का शुभारंभः बहरागोड़ा में मंइयां सम्मान यात्रा का आयोजन, महिलाओं का उमड़ा जनसैलाब



जमशेदपुर : गुरुवार को पूर्वी सिंहभूम जिले के बहरागोड़ा के शाखा मैदान में मंइयां सम्मान यात्रा का शुभारंभ हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग की मंत्री बेबी देवी रहीं।

विशिष्ट अतिथियों में गाण्डेय विधानसभा की विधायक कल्पना सोरेन और बहरागोड़ा के विधायक समीर कुमार महंती शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत में विधायक ने मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों को गुलदस्ते देकर सम्मानित किया।

इसके बाद, कालियाडिंगा ओवरब्रिज के नीचे से सैकड़ों वाहनों का काफिला पूरे बाजार क्षेत्र में परिभ्रमण करते हुए सभा स्थल तक पहुंचा। भारी बारिश के बावजूद, हजारों महिलाएं छतरी लेकर कार्यक्रम में शामिल हुईं और मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथि को सुनने के लिए खड़ी रहीं।

### विरोधियों को सहन नहीं हो रही योजना

सभा को संबोधित करते हुए झामुमो की स्टार प्रचारक विधायक कल्पना सोरेन ने कहा कि झारखंड सरकार की मंइयां सम्मान योजना के तहत 18 से 50 वर्ष तक की हर महिला को हर महीने 1000 रुपए मिल रहे हैं, जो सालाना 12000 रुपए बनता है। उन्होंने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि यह योजना उन्हें सहन नहीं हो रही है। सोरेन ने यह भी बताया कि आगामी विधानसभा चुनाव में महागठबंधन को झारखंड में कोई नहीं रोक सकता।

### बहनों के कल्याण के लिए हो रहा काम

महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा मंत्री बेबी देवी ने कहा कि सरकार सभी माताओं और बहनों के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जिनके खातों में राशि नहीं आई है, उनकी गड़बड़ी जल्द ही दूर कर दी जाएगी। बहरागोड़ा के विधायक समीर कुमार महंती ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि झारखंड की माटी, बेटी और रोटी सब सुरक्षित हैं, जैसा कि आज के जनसैलाब ने साबित किया है।

## जेएसएससी सीजीएल मामले की जांच कर न्याय संगत कार्रवाई करे राज्य सरकार: अभिषेक शुक्ला



**कोयलांचल संवाद संवाददाता, रांची** : युवा आजसू के रांची महानगर संयोजक अभिषेक शुक्ला ने बृहस्पतिवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा के 21 और 22 सितंबर को झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा जो सीजीएल की परीक्षा संपन्न हुई उसे लेकर अभ्यर्थियों के द्वारा पूरे परीक्षा प्रक्रिया पर कई गंभीर प्रश्न खड़े किए जा रहे हैं जो की चिंतनीय विषय है। उन्होंने आगे कहा के 22 सितंबर को आयोजित पेपर 3 की परीक्षा में सभी 60 सवाल पूर्व में आयोजित परीक्षा में भी पूछे गए थे इसमें गणित, रीजनिंग व कंप्यूटर विषय शामिल है। गणित विषय के सभी 20 प्रश्न एसएससी सीजीएल 2022 के प्रश्न से हु बहू मेल खाता है। रीजनिंग के भी 20 सवाल एसएससी सीजीएल 2019 के प्रश्नों से हू बहू मेल खाता है वही कंप्यूटर विषय के भी सभी प्रश्न आईबीपीएस आरआरसी 2023 के प्रश्नों से मेल खा रहा है ऐसे में यह सवाल उठना लाजिमी है कि जेएसएससी ने किस एजेंसी से प्रश्न पत्र सेट कराया जेएसएससी राज्य की सबसे बड़ी दूसरी नौकरी उपलब्ध कराने वाली संस्था है उसके द्वारा आयोजित कराए गए परीक्षा में पेपर 3 के सभी प्रश्न विगत वर्षों में हुई परीक्षाओं से हू बहू मिलते जुलते हैं ऐसे में ऐसे में यह जेएसएससी और परीक्षा एजेंसी पर बहुत बड़ा प्रश्न चिन्ह खड़ा करता है। राज्यभर के बहुत सारे परीक्षा केंद्र से कई तरह की गड़बड़ी के मामले छात्र-छात्राओं द्वारा उजागर किए गए हैं कहीं पर प्रश्न पत्र गलत बांट दिया गया कहीं पर बुकलेट सील टूटा हुआ था। उन्होंने आगे कहा की इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

## हेमंत सरकार जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा को अविलंब रद्द करे: विजय शंकर नायक



रांची। आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केन्द्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा पर विवाद गहराने पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि 21 और 22 सितंबर को आयोजित जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा में फिर एक बार व्यापक मात्रा में गड़बड़ी और भ्रष्टाचार की गई है। 22 सितंबर को आयोजित परीक्षा के पेपर तीन में गणित, रिजनिंग और कंप्यूटर के सभी 60 प्रश्न पूर्व के परीक्षा से रिपीट कर दिया गया है। गणित विषय के सभी 20 प्रश्न के जगह पर एसएससी सीजीएल 2022 के प्रश्न सभी 20 प्रश्नों को रिपीट कर दिया गया है*।जिससे लगता है कि परीक्षार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर उनके भविष्य को अंधकार करने का बार बार षड्यंत्र रचा जा रहा है जो राज्य के बेरोजगार शिक्षित युवाओ के लिए शुभ संकेत नही है ।

श्री नायक ने आगे यह भी कहा कि रघुवर सरकार और हेमंत सरकार दोनों सरकार ने पिछले आठ साल में एक परीक्षा पारदर्शी ढंग से लेने में नाकामयाब रही है और सिर्फ छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का कार्य किया गया । इन्होंने मामले की गंभीरता को देखते हुए राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मांग किया कि वे तत्काल परीक्षा रद्द करें और आयोग को भंग कर परीक्षा कराने वाले एजेन्सी को भी हटाए और दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई हो जिससे फेयर परीक्षा के नीवं को झारखण्ड में रखा जा सके तथा पुरानी परम्परा को समाप्त किया जा सके ।

श्री नायक ने आगे यह भी कहा कि अगर जेएसएससी-सीजीएल की परीक्षा में गड़बड़ी को सुधारने की दिशा मे अविलंब कारवाई नहीं की गई और रांची, धनबाद सहित कई परीक्षा केंद्र में बाहर के छात्रों को पहले ही अंसर देने के आरोपों की जांच नहीं करायी गई एवं परीक्षा रद्द नहीं किया गया तो आंदोलन किया जायेगा ।

## ब्रह्मानंद नारायणा हॉस्पिटल में आपातकालीन एंजियोप्लास्टी से बची 67 वर्षीय मरीज की जान




जमशेदपुर। ब्रह्मानंद नारायणा हॉस्पिटल, जमशेदपुर ने दिल के दौरे से पीड़ित 67 वर्षीय कारू नंदन पाठक की आपातकालीन एंजियोप्लास्टी कर उनकी जान बचाई। चाईबासा के बंदपारा निवासी श्री पाठक को सीने में तेज दर्द और सांस लेने में कठिनाई के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था। नारायणा हॉस्पिटल के सीनियर कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. अजय कुमार अग्रवाल और उनकी टीम ने ईसीजी और कोरोनरी एंजियोग्राफी के बाद पाया कि उनकी दो प्रमुख धमनियों में गंभीर रुकावटें हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए, तुरंत एंजियोप्लास्टी की गई। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि दिल के दौरे के दौरान समय पर उपचार बेहद महत्वपूर्ण होता है। शीघ्र चिकित्सा सहायता से मरीज की जान बचाई जा सकती है। प्रक्रिया के बाद मरीज पाठक की स्थिति स्थिर हो गई और उन्हें दो दिन बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि दुर्भाग्य से, कई लोग मदद मांगने में देरी करते हैं, जिससे उनकी स्थिति और खराब हो सकती है। फैसिलिटी डायरेक्टर विनीत राज ने कहा कि हम व्यापक और त्वरित देखभाल प्रदान कर मरीजों की भलाई को सर्वोपरि रखते हैं। उन्होंने रोगी देखभाल को अस्पताल की प्राथमिकता बताया।

## चौपारण थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह के जाते ही फिर से सक्रिय हुए तस्कर, नए थाना प्रभारी से लोगों को बढ़ी उम्मीदें





**कोयलांचल संवाद संवाददाता**

चौपारण : बीते 23 सितम्बर को चौपारण के नए थाना प्रभारी के तौर पर अनुपम प्रकाश ने पद भार संभाला। उन्हें निर्वतमान थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने प्रभार सौंपा। चौपारण के नए थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश से प्रखण्ड वासियों को बड़ी उम्मीदें है। थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने बहुत ही कम समय में थाना क्षेत्र में अपराधों पर नकेल कसने में चर्चित हुए थे। अब देखना यह है कि नियुक्त थाना प्रभारी पूर्व थाना प्रभारी के कार्यों को कितनी गति दे पाते हैं।

बतादें कि प्रखण्ड में बीते 18 फरवरी को चौपारण थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह के आने के बाद जिस तरह से अवैध तस्करों और अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों पर लगाम लगाने को लेकर ताबड़तोड़ कारवाई की जा रही थी जिससे पशु तस्करों एवं मादक पदार्थों की खरीद बिक्री करने वाले तस्करों के बीच भय और खौफ का माहौल कायम हो गया था। उसे बरकरार रखना नए थाना प्रभारी के लिए किसी चुनौती से कम नहीं होगा। उनके लगातार कारवाई के बाद प्रखण्ड में काफी हद तक अवैध तस्करी पर अल्प विराम लग चुका था। कई शराब तस्करों ने या तो काम बन्द कर दिया था या फिर रूट ही बदल लिया था। निर्वतमान थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह के लगभग 8 महीनों के कार्यकाल में कई ऐसे खुलासे भी हुए जो कि चौकाने वाले थे। लग्जरी बस से पशु की तस्करी का खुलासा हो या फिर अफीम डोडा पीसने की मशीन। 8 माह के कार्यकाल में लगभग 100 से अधिक पशु, अफीम,गांजा,शराब तस्करों को जेल भेजने के साथ ही दो सौ से अधिक क्रूरता पूर्वक लदे पशुओं को कसाइयों के पास जाने से पहले मुक्त कराया। सामाजिक कार्यों में भी दीपक कुमार सिंह ने बढ़चढ़कर भागीदारी निभाई। पर पदाधिकारीयों का ट्रांसफर पोस्टिंग तो एक प्रक्रिया है।

दीपक कुमार सिंह के जाते ही तस्करों के सक्रिय होने की संभावना बढ़ गई है।

अब नए थानेदार अनुपम प्रकाश से प्रखण्डवासियों को बड़ी उम्मीदें जुड़ चुकी है। सूत्रों से मिल रही जानकारी के अनुसार यह बताया जा रहा है कि निर्वतमान थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह के जाते ही तस्करों फिर से अपना पांव पसारने की कोशिश में हैं। सूत्रों से यह भी जानकारी मिल रही है कि निवर्तमान थाना प्रभारी के जाते ही प्रखण्ड के भगहर भंडार में थम चुका शराब भट्टी फिर से पनपने लगे हैं। कई सरकारी दुकान से भी बिहार में बड़े पैमाने पर शराब की तस्करी शुरू हो गई है।

## साउथ प्वाइंट स्कूल पटमदा में स्वदेशी जागरूकता सप्ताह के उपलक्ष्य में पौधा रोपण कार्यक्रम किया गया




जमशेदपुर । साउथ प्वाइंट स्कूल पटमदा में स्वदेशी सप्ताह (25 सितंबर से 02 अक्तूबर तक) मनाने की शुरुआत की गई । इस दौरान विद्यालय कैंपस में पौधा रोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खादी ग्राम उद्योग आयोग के पूर्वी भारत के अध्यक्ष एवं झारखंड क्रिकेट काउंसिल बोर्ड के वरिष्ठ सदस्य मनोज कुमार सिंह एवम विशिष्ट अतिथि में अखिल भारतीय संघर्षवाहिनी प्रमुख स्वदेशी जागरण मंच के बंदे शंकर सिंह , प्रांत प्रचार प्रमुख स्वदेशी जागरण मंच झारखंड के अमित मिश्रा , प्रांत चिकित्सा प्रमुख स्वदेशी जागरण मंच झारखंड के अनिल राय , जिला सह संयोजक स्वदेशी जागरण मंच जमशेदपुर महानगर के विकास सैनी उपस्थित थे । विद्यालय के डायरेक्टर शिवम शर्मा ने सभी अतिथियों को पुष्प-गुच्छ देकर अभिनंदन और स्वागत किया। स्वदेशी सप्ताह मनाने के पीछे का उद्देश्य हमारी संस्कृति, वेशभूषा, भोजन, भाषा, भाव जो कि हमारी पहचान है। इसे अपनाने एवं पर्यावरण संरक्षित करने के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक करना था। वहीं मनोज कुमार सिंह ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि किस प्रकार आज देश और दुनिया में पेड़-पौधों की कमी के वजह से जलवायु परिवर्तन की समस्या हो रही है । अगर हम सचेत न हुए तो हमारे देश का जलस्तर दक्षिण अफ्रीका की तरह शून्य हो जाएगा। उन्होंने बच्चों को संकल्प दिलाते हुए कहा कि हम कम से कम एक पौधा अपने आसपास या विद्यालय के परिसर में अवश्य लगाए जिससे कि आने वाली पीढ़ी को दिक्कतों का सामना न करना पड़े। बंदे शंकर सिंह ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि यह सप्ताह भारतीय राष्ट्रवादी परंपरा के नायक पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जन्म से भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के अग्रदूत महात्मा गांधी के जन्म दिवस तक प्रतिवर्ष संचालित होता है। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य अरुण कुमार सिंह ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापन किया। मौके पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं एवं बच्चे उपस्थित थे।

## नहीं टूटगें गोदाम, भाजपा के कारण यह स्थिति पैदा हुई – डा. अजय कुमार



जमशदेपुर । पूर्व सांसद सह कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डा. अजय कुमार ने गुरुवार को लाल बाबा फाउंड्री स्थित गोदाम मालिकों से मुलाकात कर पूरी स्थिति को समझा. मौके पर उन्होंने कहा कि उपायुक्त सहित वरीय पदाधिकारियों से बात हुई है. वहीं मुख्यमंत्री ने भी आश्वस्त किया है कि अभी गोदाम एवं घर नहीं टूटेंगे. लेकिन इसके लिए हमें कानूनी लड़ाई लड़नी होगी. जिसमें मेरा पूरा सहयोग रहेगा. उन्होंने हर संभव मदद करने का आश्वासन लोगों को दिया. बातचीत के क्रम में अजय कुमार ने कहा कि यह जानना सबसे ज्यादा जरुरी है कि आज यह स्थिति क्यों पैदा हुई. इसके लिए जिम्मेवार कौन है. उन्होंने कहा कि जब रघुवर दास ने 86 बस्तियों को लीज से बाहर कराया था तो इस एरिया को लीज से बाहर क्यों नहीं करवाए. यदि लाल बाबा पाउंड्री लीज से बाहर होती तो कानूनी लड़ाई में हमारा पक्ष मजबूत रहता. लेकिन भाजपा और रघुवर दास ने चालाकी दिखाते हुए सभी 86 बस्तियों को तो लीज से बाहर करा दिया लेकिन लाल बाबा फाउंड्री को लीज से बाहर नहीं कराए. जिसके कारण यह स्थिति पैदा हुई है. क्या विधायक सरयू राय को पांच वर्षों में एक बार भी इनकी याद नहीं. घड़ियाली आंसू बहा रहे हैं. अजय कुमार ने कहा कि सरयू राय भी तो उसी पाठशाला के विद्यार्थी हैं. लाल बाबा फाउंड्री के लोग परेशान हैं और भाजपा के लोग परिवर्तन रैली में व्यस्त है. कोई भाजपा नेता का बयान तक नहीं आया इस संबंध में. उन्होंने सवाल किया कि कहां भाजपा के सांसद विद्युत वरण महतो, केंद्रीय अर्जुन मुंडा. लेकिन क्रेडिट लेने में सबसे आगे बीजेपी वाले रहेंगे .

स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक किशोर कुमार पाण्डेय द्वारा डी. बी. कॉर्प लिमिटेड, प्लॉट नं. 535 एवं 1272, लालगुटुआ, रांची से मुद्रित एवं फर्स्ट फ्लोर, 105, नायल कॉम्प्लेक्स, कांटाटोली, रांची-834001 (झारखण्ड) से प्रकाशित, आर.एन.आई. नं. JHAHIN/50549 फोन नं. 8084372014, Email : koylanchalsamvad@gmai.com & koylanchal.hindi@gmail.com *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट तहत जिम्मदार।